राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराना सरकार ...

'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम से बदलेगी ... 10

वर्ष : 13 | अंक : 310 | पटना, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 15.0°C

न्यूनतम तापमान 13.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	45%
नहीं	45%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना 1,58,570

चांदी 2,98,400

सेंसेक्स 82,498

निफ्टी 25,454

संक्षिप्त खबरें

पीएम मोदी ने देशवासियों को रमजान की दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। देशभर में रमजान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को रमजान की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी की यह शुभकामना रमजान के पहले रोजे से एक दिन पहले आई है, जिससे देश में सद्भाव और भाईचारे का संदेश मजबूत हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, रमजान मुबारक। यह पवित्र महीना हमारे समाज में एकता की भावना को और बढ़ाए। हर जगह शांति और खुशहाली हो। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रमजान पर बधाई दी है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, रमजान मुबारक। यह पवित्र महीना सभी के लिए शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है। इससे पहले दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद से शाही इमाम सैयद शाबान बुखारी ने ऐलान किया कि पूरे देश में गुरुवार से रमजान का पवित्र महीना शुरू होगा। चंद्रमा दिखने की पुष्टि के बाद यह घोषणा की गई। रमजान इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, जिसमें मुसलमान सुबह से शाम तक रोजा रखते हैं, नमाज पढ़ते हैं और कुरान की तिलावत करते हैं। यह महीना रहमत (दया), मगफिरत (माफी) और नजात (मोक्ष) का महीना माना जाता है।

भारत-नीदरलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग पर की बातचीत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ से गुरुवार को मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि यहां हुई इस बैठक में दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का साधन बनाने पर विचार साझा किए। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ताओं के निष्कर्ष का स्वागत किया और इसके शीघ्र क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड्स के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग को और मजबूत करने तथा आर्थिक साझेदारी में नए अवसरों का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया।

प्रधानमंत्री मोदी, वैश्विक नेताओं और दुनिया के शीर्ष सीईओ का सामूहिक यादगार चित्र

नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में जुटे वैश्विक नेताओं और शीर्ष सीईओ के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने एक यादगार सामूहिक चित्र लिया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल प्रमुख विश्व नेता थे: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एचएच शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ, हेलेनिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओरपो और एस्टोनिया के राष्ट्रपति एलार कारिस।

पीएम ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन, सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का बेंचमार्क किया प्रस्तुत

एआई में पादर्शिता जरूरी, सबके हित और सबके सुख का साधन बने: मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एआई शिखर सम्मेलन में विश्व के समक्ष भारत का सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का बेंचमार्क प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एआई को कुछ देश और कंपनियां रणनीति के तौर पर इस्तेमाल करने की सोच रही हैं। भारत का मानना है कि एआई के लिए पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे विश्व का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक एआई इम्पैक्ट समिट बताया और कहा कि हमें आज यह संकल्प करना चाहिए कि एआई को वैश्विक भलाई के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने एआई से जुड़ा मानव विजन प्रस्तुत किया। मानव विजन का अर्थ है एम -मोरल एंड एथिकल सिस्टम, ए -अकाउंटेबल गवर्नेंस, एन -नेशनल सॉवरेन्टी, ए-एक्सेसिबल एंड इंक्लूसिव, वी-वैलिड एंड लेजिटीमेट। इस कार्यक्रम में फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, राष्ट्राध्यक्ष, मंत्रीगण, बहुपक्षीय संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रौद्योगिकी एवं एआई उद्योग के नेता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा

कि नैतिक और नीतिपरक प्रणालियां यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता नैतिक दिशा-निदेर्शों पर आधारित होनी चाहिए। जवाबदेह शासन का अर्थ है कि इसके लिए पारदर्शी नियम और इसकी सशक्त निगरानी होनी चाहिए। राष्ट्रीय संप्रभुता से मतलब है कि डेटा उसके सही स्वामी (संबंधित देश) का है। सुलभ और समावेशी यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एकाधिकार नहीं, बल्कि एक गुणक होना चाहिए। वैध और न्यायसंगत से अर्थ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विधिव और सत्यापन योग्य होनी चाहिए। बड़े विजन और जिम्मेदारी को निभाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के साथ ही हमें इस बात की भी चिंता करनी है कि आने वाली पीढ़ियों के हाथों में हम एआई का क्या स्वरूप सौंपकर जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज असली प्रश्न भविष्य में एआई क्या कर सकती है के बजाय वर्तमान में हम एआई के साथ क्या करते हैं। हमें एआई को मशीन केन्द्रित से मानव केन्द्रित बनाने और संवेदनशील तथा उत्तरदायी बनाने पर जोर देना चाहिए। यही इस वैश्विक एआई सम्मेलन कामूल उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक जिन्हें एआई में भय दिखता है। दूसरे वे जिन्हें एआई में भाग्य दिखता है। मैं गर्व और जिम्मेदारी से कहता हूं कि भारत को भय नहीं, एआई में भाग्य दिखता है, भारत को एआई में भविष्य दिखता है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान में सामने आई एआई चुनौतियों जैसे डीप फेक का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार खाने के सामानों पर उसके अंदर उपयुक्त सामग्री का लेबल किया जाता है। इसी तरह से डिजिटल दुनिया में भी आज के समय में लेबलिंग बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने एआई को मानव इतिहास का आज तक का सबसे परिवर्तनकारी नवाचार बताया और कहा कि इसकी तेजी और स्तर अब तक के हुए पिछले सभी नवाचार से कहीं ज्यादा है।

14 करोड़ भारतीय नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उत्सुक

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के एआई को समावेशी और लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित डेटा सेंटर, एक मजबूत आईटी ढांचा और एक गतिशील स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत को किफायती, स्केलेबल और सुरक्षित एआई समाधानों का एक स्वाभाविक केंद्र बनाते हैं। मोदी ने इस बात पर बल दिया कि भारत में विविधता, जनसांख्यिकी और लोकतंत्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सफल होने वाला कोई भी एआई मॉडल वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास प्रतिभा, ऊर्जा क्षमता और नीतिगत स्पष्टता है। भारत मानवता के छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़े तकनीकी प्रतिभा भंडार और एक समृद्ध प्रौद्योगिकी-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र का घर है। उन्होंने कहा कि 14 करोड़ भारतीय नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उत्सुक है।

नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत एआई शिखर सम्मलेन के दौरान गुरुवार को नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा की गई जिनका उद्देश्य एआई को समावेशी, विकासोन्मुखी और वैश्विक रूप से प्रासंगिक बनाना है। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया ए आई इम्पैक्ट समिट-2026 के दौरान केन्द्रीय, रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुनिया के देशों और बड़ी टेक कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों के समक्ष आज इसकी घोषणा की। इस प्रतिबद्धता को साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन, मेटा के चीफ एआई ऑफिसर एलेक्जेंडर वांग और एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई सहित वैश्विक तकनीकी जगत के दिग्गजों के साथ शिरकत की। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत एआई इम्पैक्ट समिट की सफलता का प्रमाण नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताएं है। इसके तहत दो मुख्य लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इनमें पहला, डेटा के माध्यम से रोजगार और आर्थिक बदलावों के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां बनाना और दूसरा, एआई प्रणालियों को बहुभाषी और सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। यह पहल विशेष रूप से ग्लोबल साउथ (विकासशील देश) के लिए एआई को समावेशी और प्रासंगिक बनाने की दिशा में भारत के नेतृत्व को दशार्ती है। उल्लेखनीय है कि मंत्री ने सम्मेलन के तीसरे दिन भारत के एआई गवर्नेंस विजन का अनावरण किया। इस दौरान सम्मेलन के कार्य समूहों के प्रमुख लक्ष्यों पर चर्चा हुई, जिसने वैश्विक एआई प्राथमिकताओं पर सहयोगात्मक कार्रवाई के लिए मंच तैयार किया।

शिक्षा मंत्री ने बिहार विधानसभा में 60,204 करोड़ का बजट किया पेश

सूबे में 45 हजार शिक्षकों की जल्द होगी बहाली : मंत्री

बोलें - शिक्षकों को समय पर वेतन का होगा भुगतान

प्रात : किरण

पटना। सूबे के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने गुरूवार को बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शिक्षा विभाग का 60,204 करोड़ 60 लाख 95 हजार रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट पर पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों ने ढाई घंटे तक चर्चा की। हालांकि, सरकार के उत्तर का असंतुष्ट विपक्ष ने बहिष्कार किया। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सरकार के उत्तर के बाद शिक्षा विभाग का बजट को पारित कर दिया। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने विभागीय बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए हुए सदन को बताया कि बिहार सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए 602 अरब 4 करोड़ 60 लाख 95 हजार रुपये का ऐतिहासिक बजट पेश किया है। बिहार अपनी कुल जीडीपी का 20 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च कर रहा है, जो 14 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। मंत्री ने आगे बताया कि शिक्षा के स्तर को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सरकार ने राज्य के हर प्रखंड में एक मॉडल स्कूल की स्थापना का निर्णय लिया है, जिसके लिए 800 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, राज्य में एक नई एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जाएगा, जो शिक्षा और शोध का प्रमुख केंद्र बनेगी। पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण

इंफ्रास्ट्रक्चर और मॉडल स्कूल

शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने के लिए हर प्रखंड में एक मॉडल स्कूल खुलेगा, जिसके लिए 800 करोड़ रुपये आवंटित हैं। इसके अलावा, एक नई एजुकेशन सिटी का निर्माण और पुराने संस्थानों को 200 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में पुनर्जीवित करने की योजना है। नए भवनों के लिए 210 करोड़ और मरम्मत हेतु 194 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

छात्रों और शिक्षकों का कल्याण

कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को 12.50 करोड़ किताब और डायरी सेट बांटे जाएंगे। शिक्षकों के लिए राहत की बात यह है कि स्थानीय निकाय वाले शिक्षक अब पूर्णतः सरकारी बन चुके हैं। करीब 5.87 लाख शिक्षकों को अब हर महीने की 5 तारीख तक सीधे बैंक खाते में वेतन मिलना सुनिश्चित किया गया है।

संस्थानों की गरिमा वापस लौटाने के लिए 200 करोड़ रुपये खर्च कर उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्कूलों का कायाकल्प और संसाधन वितरण: सरकारी स्कूलों की सूरत बदलने के लिए अगले एक साल में 210 करोड़ रुपये की लागत से नई बिल्डिंगों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, जर्जर हो चुके पुराने स्कूलों की मरम्मत (रिपेयरिंग) के लिए 194 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। छात्रों की सुविधा के लिए इस वित्तीय वर्ष में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को 12.50 करोड़ सेट किताब और डायरी का वितरण किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

शिक्षकों का सम्मान और नियमित वेतन: शिक्षकों को ससमय वेतन भुगतान के बारे में मंत्री ने बताया कि राज्य के 78 हजार से ज्यादा सरकारी विद्यालयों में 5.87 लाख से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं जिन्हें वेतन भुगतान में कोई विलंब नहीं होता है। हर माह पांच तारीख से पहले डीबीटी के माध्यम से शिक्षकों को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है।

52 हजार शिक्षकों की नियुक्ति जल्द: सदन में सरकार के तरफ उत्तर देते हुए मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में 52 हजार से ज्यादा पदों पर शिक्षकों की नियुक्तियां जल्द पूरी की जाएंगी। इसमें दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु 7 हजार से ज्यादा विशेष शिक्षक शामिल हैं, जबकि 45 हजार पदों पर सामान्य शिक्षक हैं। इन शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है। सरकार अब विद्यालयों में विकास कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग के लिए प्रत्येक जिले में विद्यालय विकास पदाधिकारी की नियुक्ति भी बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से करने जा रही है। इसके लिए कुल 38 पदों का सृजन कर उसे स्वीकृति दी जा चुकी है।

सूबे में तेज डीजे बजाने पर लगेगी रोक

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने दी जानकारी

प्रात : किरण

पटना। बिहार में धार्मिक, सामाजिक आयोजनों या विभिन्न समारोहों में तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक लगाई जाएगी। बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर अभियान चलाकर इस पर रोक लगाई जाएगी। दरअसल, बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के दौरान विधान परिषद में वंशीधर ब्रजवासी ने सवाल उठाते हुए कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों की हृदयाघात से मौत हो चुकी है। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में गोलियां चलने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। कई मौकों पर डीजे के जरिए अश्लील गानों के प्रसारित किए जाने के बाद

मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस मुद्दे को लेकर कई अन्य सदस्यों ने भी एमएलसी का समर्थन किया। इस दौरान सदस्यों ने वाहनों में भी तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रश्न उठाए। इस प्रश्न के उत्तर में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और लाइसेंस वाले डीजे बजाने पर रोक लगेगी और ऐसी गाड़ियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों पर एक अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एमएलसी के गाड़ियों में भी अवैध तरीके से डीजे बजाने को लेकर कहा कि साउंड पॉल्यूशन को लेकर भी परिवहन विभाग विशेष अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गाड़ियों को भी जब्त किया जाएगा, जिन पर नियम विरुद्ध विभिन्न समारोहों में अवैध तरीके से डीजे बजाया जाता है। साउंड पॉल्यूशन को लेकर भी नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मंत्री ने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि बाद में यह मत कहिएगा कि शादी-विवाह में डीजे बजाने की अनुमति दी जाए। डीजे नहीं बजने के कारण लोग शादी की खुशी में लोग डांस भी नहीं कर पा रहे हैं।

सीएए के खिलाफ याचिकाओं पर 5 मई को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर नई सुनवाई तारीख तय कर दी है। कोर्ट ने कहा है कि 5 मई 2026 से इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होगी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि असम और त्रिपुरा से जुड़े मामलों को छोड़कर बाकी देश के सभी मामलों की सुनवाई पहले होगी। असम और त्रिपुरा के मामलों पर अलग से सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में सीएए के खिलाफ कुल 237 याचिकाएं लंबित हैं। इनमें कहा गया है कि यह कानून धार्मिक आधार पर भेदभाव करता है और खासकर मुस्लिम समुदाय के साथ अन्याय करता है। याचिकाकताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार को यह कानून लागू नहीं करना चाहिए था। 11 मार्च 2024 को केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित किए थे, जिसके बाद कुछ नई याचिकाएं भी दाखिल हुई हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने

कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पष्ट तारीख तय करना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि याचिकाकताओं को अपनी दलीलें रखने के लिए एक पूरा दिन दिया जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर किसी पक्ष को अतिरिक्त दस्तावेज या पूरक दलीलें दाखिल करनी हों, तो वे ऐसा कर सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को याद दिलाया कि 22 जनवरी 2020 को एक आदेश पारित हुआ था।

रहमतों का महीना है रमजान, खुदा कबूल करें रोजेदारों की दुआएं: नीतीश

- सीएम नीतीश ने रमजान महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों को दी बधाई
- पूरे महीने खुदा की रहमतों की होती है बारिश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। पूरे महीने खुदा की रहमतों की बारिश होती है। खुदा की नजर में रोजेदारों की दुआएं मकबूल होती हैं। खुदा उनकी इबादत

को स्वीकार करते हैं और उसके बदले तमाम इंसानों पर अपनी रहमतों की बारिश करते हैं। मुख्यमंत्री ने खुदा से दुआ करते हुए कहा कि खुदा तमाम रोजेदारों की दुआओं को कबूल करें और हम सभी के बीच मोहब्बत, एक दूसरे के प्रति आदर, सद्भाव और इज्जत की भावना को बढ़ाएं ताकि हम लोग मिलकर देश एवं राज्य की तरक्की में योगदान दें।

संबोधन रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में आयोजित नौसेना के अभ्यास मिलन को किया संबोधित

समुद्री डकैती, आतंकवाद, साइबर समस्या बड़ी चुनौतियां, अकेले कोई नौसेना सामना करने में अक्षम : राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में आयोजित नौसेना के अभ्यास मिलन:2026 को संबोधित करते हुए कहा कि आज समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर कमजोरियां और जरूरी आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता अधिक बार और व्यापक रूप से पड़ रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एक नौसेना, चाहे वह कितनी भी सक्षम क्यों न हो, इन सभी चुनौतियों का अकेले सामना नहीं कर सकती। इसलिए नौसेनाओं के बीच सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। इस वर्ष 74 देशों की भागीदारी के साथ

मिलन 2026 अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी आयोजन बन गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक समुद्री समुदाय भारत को एक भरोसेमंद और जिम्मेदार समुद्री भागीदार के रूप में देखता है।

आज की विशिष्ट जिम्मेदारियां अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपेक्षा करती हैं कि वह परस्पर सम्मान की भावना से मिलकर चुनौतियों का समाधान करे। उन्होंने कहा कि जब विभिन्न देशों के युद्धपोत साथ-साथ समुद्र में चलते हैं, जब नाविक एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, और जब कमांडर सामूहिक विचार-विमर्श करते हैं, तब भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर साझा समझ विकसित होती है। मिलन जैसे मंच पेशेवर विशेषज्ञता को एक साथ लाते हैं, आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं, संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता बढ़ाते हैं, और साझा चुनौतियों के लिए समन्वित प्रतिक्रिया देने में मदद करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिलन इस साझा भावना को व्यवहार में उतारने का सशक्त माध्यम है।

सभी भागीदार देशों के प्रयासों से यह क्षेत्रीय स्तर की पहल से आगे बढ़कर विश्व के प्रमुख बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यासों में शामिल हो चुका है। यह भारत की सबसे विश्वसनीय तथा निरंतर चलने वाली समुद्री पहलों में से एक बन गया है। समुद्र में संयुक्त अभ्यास, बैठकों के दौरान पेशेवर संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से हम स्थायी मित्रता के बंधन को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत एक न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था की स्थापना का आकांक्षी है, जो अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनों के अनुरूप समुद्री आवागमन की स्वतंत्रता पर आधारित हो। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस कानूनी ढांचे को एक व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना के माध्यम से और मजबूत किया जा सकता है। संचार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और समुद्र में आतंकवाद सहित आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएं।

साथ ही वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की पारंपरिक भूमिका भी निभाएं। भारत लंबे समय से इस सहयोग की आवश्यकता को पहचानता रहा है। इसी सोच के तहत क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास की परिकल्पना से आगे बढ़ते हुए अब परस्पर और समग्र उन्नति पर आधारित व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया गया है। एक सच्चे ह्यविश्व-मित्रह्ल के रूप में भारत क्षेत्र में रचनात्मक और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

रुरल एसपी ने शाहजहांपुर थाने का किया निरीक्षण

दनियावां। पटना रुरल एसपी कुंदन कुमार ने शाहजहांपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होने इस दरम्यान दैनिकी हाजत व मालखाना सम्बंधित हो रही कार्रवाई का मुआयना किया। थाने में लम्बित कांडों की समीक्षा की तथा इसमें तेजी लाते हुए कांडों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होने थाने के अंदर रख रखाव का भी निरीक्षण किया। इसके पहले थाने में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना पर स्वागत किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष मुन्ना दास मौजूद थे।

जेईई मेन परीक्षा में विवेक ने मारा बाजी, हुआ स्वागत

दानापुर। नगर के अंतर्गत जेईई मेन 2026 परीक्षा में केन्दीय विद्धालय दानापुर कैंट के द्वितीय पाली के पूर्ववर्ती छात्र विवेक कुमार ने 99.1 परसेंटाइल के अंक प्राप्त किया जिसको लेकर विद्धालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने विद्धालय परिवार की ओर से उसका स्वागत किया। साथ ही सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री सिन्हा ने कहा कि विवेक ने जेईई मेन 2026 परीक्षा में 99.1 परसेंटाइल के अंक प्राप्त कर न सिर्फ विद्धालय का बल्कि अपने परिवार का नाम रौशन किया है। कड़ी मेहनत व लक्ष्य साध कर कार्य करने से सफलता मिलती है। विवेक के इस सफलता से बच्चो को प्रेरणा मिलेगी।

सगुना मोड़ से हाथीखाना मोड़ तक चला अभियान

दानापुर। नगर के अंतर्गतअतिक्रमण के विरूद्ध नगर परिषद प्रशासन ने गुरूवार को सगुना मोड़ से लेकर हाथीखाना मोड़ तक अभियान चलाया। अभियान से कुछ देर तक अफरा तफरी मच गया। मुख्य सड़क पर व्याप्त अतिक्रमण कर दुकान आदि लगाने वाले लोग सामान लेकर भागने लगे। नगर परिषद के नगर प्रबंधक अमरेश कुमार के नेतृत्व में गुरूवार को अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई करने टीम सगुना मोड़ पहुंची। टीम को देखते ही अतिक्रमण करने वाले लोग अपना सामान समेट कर भागने लगे। जिससे अफरा तफरी मच गया। टीम का बुलडोजर अतिक्रमण चलता रहा। इस क्रम में कई अतिक्रमण करने वालो से 55 सौ रुपए आर्थिक दंड स्वरूप वसुल किया। श्री कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के कारण लोगो को जाम की समस्या झेलनी पडती है।

कार्रवाई के बाद भी बस पड़ाव पर ठेला पर सजा फलो का बाजार

दानापुर। नगर के अंतर्गत बस पडाव पर लगने वाली जाम को लेकर वेड़िग जोनन बनाये जाने का असर नही दिख रहा। छावनी परिषद की सारी कार्रवाई के बाद भी बस पड़ाव पर ठेलो पर फलो के बाजार आराम से सज रहे है। बस पडाव के पर ये नजारा बराबर देखा जा सकता है। जिससे बस पड़ाव पर जाम की समस्या से निदान नही मिल पा रहा है। लोगो को चंद दूरी तय करने में पसिने छूट जा रहे है। बराबर लोगो को जाम से दो चार होना पड रहा है। छावनी प्रशासन ने बस पड़ाव के निकट ही वेडिग जोन बना कर दुकान आवंटन किया। बस पडाव के निकट छावनी परिषद द्वारा बनाये गये विशेष रूप से गुमटीनुमा दुकान बना कर दिया गया है। इसके बाद भी लोग बस पडाव पर ठेला पर फलो के दुकान सजाने से नही बच रहे। खुलेआम ठेला पर फलो के दुकान सज रहे है। जिससे आम यात्रियो को परेशानी का सामना करना पडता है। इस संबंध में छावनी परिषद कार्यालय अधीक्षक फिरोज ने बताया कि वेडिंग जोन बनाने के काद बस पड़ाव पर से ठेला दुकान हटाया गया था।

बंद घर से चोरो ने 50 हजार नगदी समेत लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलारोड संत कैरेंस स्कूल के निकट एक बंद घर से चोरो ने 50 हजार नगद समेत करीब सात लाख के जेवरात ले भागें। इस संबंध में गृहस्वामीनी संध्या कुमारी ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि संध्या 6 बजे शाम में घर से निकली थी। उनका बालकोनी का दरवाजा खुला था। दो घंटे के बाद जब वो आयी तो उनके आलमीरा खुला था। उसमें रखा 6 पीस सोने की अंगुठी, 4 सोने की बाली, सोने के चेन, नेकलेश समेत करीब 7 लाख के जेवरात एवं 50 हजार नगद गायब थे। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार सिंह ने बताया कि संध्या कुमारी ने चोरी का लिखित शिकायत की है। मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

मैरिन ड्राईव निर्माण को ले मिट्टी जांच करने टीम दानापुर पहुंची

दानापुर। नगर के अंतर्गत गंगा पथ वे मैरिन ड्राईव निर्माण को लेकर मिट्टी जांच करने की टीम दानापुर पहुंची। गुरूवार को टीम ने सिढी घाट व नारियल घाट में मिट्टी जांच की कार्रवाई मे जुटी।

एम्स पटना और सी-डीएसी के बीच एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हुआ समझौता

- **इस पहल से एम्स पटना में इलाज कराने आए मरीजों को सीधे तौर पर कई लाभ मिलेंगे : प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग पटना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग बढ़ाना और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना है।

यह समझौता नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे क्ल्ल्र्ि अक केस्रूंइ र४३ 2026 में औपचारिक रूप से किया गया जो इस पहल के राष्ट्रीय महत्व को दशार्ता है।इस पहल से एम्स पटना में इलाज कराने आए मरीजों को सीधे तौर पर कई लाभ मिलेंगे। एआई आधारित तकनीक डॉक्टरों को मेडिकल रिपोर्ट, एक्स-रे, सीटी स्कैन और लैब रिपोर्ट का तेज और सटीक विश्लेषण करने में मदद करेगी जिससे समय पर सही इलाज संभव हो सकेगा। उन्नत तकनीक के माध्यम से कैंसर, दुर्घटना से जुड़ी गंभीर चोटों और अन्य गंभीर बीमारियों की पहचान शुरूआती चरण में ही की जा सकेगी।वहीं डेटा आधारित सिस्टम से जोखिम वाले मरीजों की पहले से पहचान हो सकेगी जिससे समय रहते उनका इलाज और उनकी देखभाल की जा सकेगी। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पंजीकरण, अपॉइंटमेंट और अस्पताल की कार्यप्रणाली बेहतर होगी जिससे मरीजों का इंतजार समय भी काफी कम हो जाएगा। साथ ही मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों से मरीजों का मेडिकल डेटा भी सुरक्षित रहेगा।इस समझौते के तहत एम्स पटना जल्द ही सी-डीएसी मोहाली और नोएडा के सहयोग से एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पेशल पर्पस हब भी स्थापित करेगा। यह हब स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

यह हब डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को एआई तकनीक का प्रशिक्षण देने के साथ साथ क्षेत्रीय स्वास्थ्य समस्याओं जैसे संक्रामक रोग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, दुर्घटना उपचार और गैर-संचारी रोगों पर भी शोध करेगा तथा सुरक्षित डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली का विकास करेगा। यह बिहार और झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा।

समझौता ज्ञापन पर दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। एम्स पटना की ओर से उपनिदेशक नीलोत्पल बल, फैकल्टी इंचार्ज डॉ. अभ्युदय कुमार तथा उप फैकल्टी इंचार्ज डॉ. पल्लम गोपी चंद इस अवसर पर उपस्थित रहे।

वहीं सी-डीएसी पटना की ओर से केंद्र प्रमुख अभिनव दीक्षित और साइंटिस्ट-डी साकेत कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन और संयुक्त सचिव सुदीप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को बेहतर इलाज, शोध को बढ़ावा और क्षेत्र में तकनीकी क्षमता का विकास होगा।यह साझेदारी भविष्य में एक सुरक्षित, आधुनिक और मरीज केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिससे पूर्वी भारत सहित लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।

मेगा कैंप में जिले के करीब 4.87 लाख लोगों ने किया फाइलेरिया की दवा का सेवन

- **1622 स्थानों पर लगाए गए थे कैंप**

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। 11 फरवरी को आयोजित मेगा कैंप के दौरान जिला के 4,87,654 (चार लाख सतासी हजार छह सौ च्युवन) लोगों ने फाइलेरिया की दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की. मेगा कैंप के दौरान जिले में 1622 कैंप आयोजित किए गए थे. मालुम हो कि 10 फरवरी से संचालित एमडीए अभियान के दौरान जिले के 14 प्रखंड एवं आरा शहरी क्षेत्र में 28.64 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसी क्रम में जिला सहित राज्य के 34 जिलों में 11 फरवरी को मेगा कैंप का आयोजन किया गया था. इस मेगा कैंप अभियान के दौरान समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस), जीविका स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज संस्थाओं, जिला प्रशासन, सहयोगी संस्थाओं एवं सभी अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

स्ट्रोक मरीजों के लिए अस्पताल की बड़ी पहल, एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस सेवा शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के त्वरित इलाज की दिशा में पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल को स्ट्रोक रेडी हॉस्पिटल के रूप में पूरी तरह सुसज्जित किया गया है, जहां हर मिनट की अहमियत को ध्यान में रखते हुए ऑन-साइट एडवांस स्ट्रोक केयर फ्री एम्बुलेंस की सुविधा शुरू की गई है।

इसी कड़ी में गुरुवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में इमरजेंसी एरिया के समीप एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 30 ऐसे मरीज शामिल हुए, जिन्होंने अस्पताल में स्ट्रोक से संबंधित सफल उपचार और सर्जरी करवाई है।अस्पताल में 247 इमरजेंसी सपोर्ट, एडवांस सीटी एवं एमआरआई इमेजिंग, स्ट्रोक रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल, चौबीसों घंटे आईसीयू और न्यूरो रिहैबिलिटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही है। इस अवसर पर जोनल डाइरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि स्ट्रोक के मामलों में समय पर इलाज ही सबसे बड़ा जीवन रक्षक होता है। पारस एचएमआरआई अस्पताल में स्ट्रोक एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस शुरू होने से मरीजों को एक ही स्थान पर त्वरित, समन्वित और उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि स्ट्रोक से होने वाली मृत्यु और विकलांगता को न्यूनतम किया जा सके।कार्यक्रम में डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई , वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक , न्यूरोसर्जरी विभाग चीफ कंसल्टेंट डॉ. वीर अभिमन्यु पंडित और विभागाध्यक्ष आपातकालीन (इमर्जेंसी) डॉ. चंदन किशोर ने भी स्ट्रोक के लक्षणों और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डॉ. हेमन्त, डॉ. राम सागर राय, डॉ. शहजादा, डॉ. राजेशआदि भी शामिल थे। पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। इस अस्पताल की बेड क्षमता 400 से ज्यादा की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं ।

बिहार में मेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए टाइगर एनालिटिक्स के साथ एमओयू

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । वैश्विक एआई एवं एडवांस्ड एनालिटिक्स कंपनी टाइगर एनालिटिक्स ने इंडियाझएआई इम्पैक्ट समिट 2026 में बिहार सरकार के साथ मेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए एमओयू साइन किया। समिट का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया गया। इस साझेदारी का उद्देश्य बिहार में भारत के सबसे बड़े आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में से एक की स्थापना करना है। यह एमओयू वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के नेताओं की मौजूदगी में साइन किया गया। यह एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी पटना (नॉलेज पार्टनर) और एआई इकोसिस्टम से जुड़े प्रमुख साझेदारों के एक समूह के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा। यह केंद्र एआई रिसर्च, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नागरिक सेवाओं और बड़े स्तर पर एआई स्किल डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे छात्रों, प्रोफेशनल्स और संस्थानों को एआई आधारित अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल मिल सकेंगे। टाइगर एनालिटिक्स के सीईओ डॉ. महेश कुमार ने कहा कि यह पहल बिहार को एआई आधारित बदलाव का केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग के बीच उद्देश्यपूर्ण सहयोग की ताकत को दिखाने का एक आदर्श मंच है। वहीं, बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्रेयसी सिंह ने कहा कि मेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राज्य को एआई यात्रा में अग्रणी बनाने के संकल्प को दशार्ता है। समिट के साथ आयोजित एआई इम्पैक्ट एक्सपो में टाइगर एनालिटिक्स ने बिहार पवेलियन में भाग लेते हुए सार्वजनिक प्रणालियों में बड़े स्तर पर एआई के उपयोग, डेटा इंजीनियरिंग, एडवांस्ड एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और एआई समाधान विकसित करने में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित की।

ज्ञान भवन में शुरू हुआ महिला उधमी फागुनोत्सव 2026 उत्पादों की विशेष श्रृंखला बनी आकर्षण का केंद्र

- **महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है महिला उधमी फागुनोत्सव : दिलीप जयसवाल**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उधमी फागुनोत्सव - 2026 का शुभारंभ गुरुवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना की सहायक निदेशक स्वेता, नाबार्ड के डीजीएम भोला प्रसाद सिंह, सिडबी की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद, एआईसी के सीईओ डॉ. विजय प्रकाश, बीआईए के निदेशक रामलाल खेतान, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा, बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा सहित संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल ने इस आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार कि महिलाएं अब तकनीक, उत्पादन, सेवा और उद्यमिता सहित अन्य सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। महिला उधमी फागुनोत्सव सिर्फ एक मेला नहीं बल्कि महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि अब महिलाएं घर से निकलकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है की बिहार की महिला उद्यमियों का आंकड़ा नौ लाख पार कर चूका है। बिहार महिला उद्योग संघ महिलाओं के हुनर को पहचान देने का काम पिछले कई वर्षों से कर रहा है। बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने बताया कि 19 से 23 फरवरी तक इस मेले का आयोजन विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए किया गया है ताकि वो इस मंच के माध्यम से अपने द्वारा तैयार किये गए सामानों को बेच सकें।

महिलाओं की सहभागिता से ही विकसित भारत संभव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन के टीम बर्ड लखनऊ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, निदेशक देवानंद कुमार, मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार ने भाग लिया । कार्यक्रम में देश के गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र के बैंकर्स एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । देश मे मात्र 7 प्रतिशत महिलाओं को ही उद्योग स्थापित करने के लिए ऋण दिया गया है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि आधी आबादी महिलाओं की सहभागिता से ही विकसित भारत संभव है । आज अमृत काल मे महिलाओं ने हर क्षेत्र में झंडा बुलंद कर रही है । बिहार में पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण, बिहार पुलिस में मिलाओ की संख्या में बढ़ोतरी , जीविका दीदी ने नशा मुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभा रही है । महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए फाउंडेशन सुवे में चलायेगा अभियान । महिलाओं को रोजगार के अवसर पैदा करने में पी एम आर जी पी , मुद्रा योजना, स्टार्टप, युवा उद्यमी योजना मदद पहुँचा रही है । उन्होंने आह्वान किया है कि नौकरी का मोहत्याग कर स्वरोजगार अपनाये । आज कई महिलाएं मधुमक्खी पालन, बटेर पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, आचार, पापड़, सत्तू का निर्माण कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही है ।

प्रधानाध्यापक के मन मर्जी से चलती है दियारा क्षेत्र में स्कूल

दानापुर। दियारा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे स्कूलों प्रधानाध्यापक के मन मर्जी से चलती है। बच्चों की संख्या कम रहने के बाद भी उपस्थित रजिस्टर में अधिक दिखाया जाता है। गुरूवार को अकिलपुर पंचायत के विद्यालयों का औचक निरीक्षण में कई अनियमित सामने आई है।जिसको देखकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार विकास ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा अनिमियिता मध्य विद्यालय अकिलपुर में देखने को मिला। जहां मध्यान्ह भोजन के लिए रखा गया चावल खाने लायक नहीं थी।चावल काफी गंदा था और उसमें कीड़े थे। उसके बाद छात्रों की उपस्थिति कम थी और मध्यान्ह भोजन रजिस्टर में छात्रों की संख्या अधिक दिखाया जा रहा था। बताया कि पंचायत में एक उच्च विद्यालय,एक मध्य विद्यालय और चार प्राथमिक विद्यालय है। सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। बताया कि संबंधित प्रधानाध्यापक संजय पाल से स्पष्टीकरण मांगा गया है और इस संबंध में वरीय अधिकारी को लिखित शिकायत की जाएगी।साथ में मुखिया प्रतिनिधि वकील राय भी थे।

डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-समस्तीपुर-खगड़िया-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन शुरू

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं ।गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है ।यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी- जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 11032 अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 26.02.2026 से प्रत्येक गुरूवार को अलीपुरद्वार से 04.45 बजे खुलकर 12.50 बजे कटिहार, 15.23 बजे खगड़िया, 16.45 बजे समस्तीपुर, 18.35 बजे मुजफ्फरपुर, 19.30 बजे हाजीपुर, 20.30 बजे पाटलिपुत्र बजे, शुक्रवार को 00.08 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 05.30 बजे पनवेल पहुंचेगी ।

बंद घर का दरवाजा तोड़कर लाखों के सामान ले भागे चोर

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीखाना मोड़ के निकट एक बंद घर का चोरो ने निशाना बना लिया। चोरों ने अधिवक्ता के बंद घर का दरवाजा तोड़ लाखों के सामान ले भागे। इस संबंध में अधिवक्ता रवि शंकर घोष ने लिखित शिकायत की है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के हाथी खाना मोड़ के निकट निवासी अधिवक्ता रवि शंकर घोष वर्तमान में अपने ससुराल गर्दनीबाग में रह रहे थे। यहां उनका घर बंद था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने दरवाजा तोड़कर घटना का अंजाम दे दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे अधिवक्ता ने देखा तो चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी, खाली सिलिंडर समेत अन्य घरेलू ले भागे थे। बताया जाता है कि पांच माह के भीतर चोरो ने दूसरी बार घटना का अंजाम दे दिया। चोरो ने 25 अक्टूबर को भी चोरी की घटना का अंजाम दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस आस पास के सीसीटीवी की जांच में जुटी है।

एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहल

पटना। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स मौजूदा बाजार में रिस्क-ऑन और रिस्क-ऑफ के बीच बदलते रुझानों के दौर में एक जरूरी विकल्प बन गए हैं। ये फंड एक ही पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और गोल्ड या सिल्वर जैसी कमोडिटीज में निवेश कर विविधीकरण प्रदान करते हैं। अलग-अलग एसेट क्लास का व्यवहार एक जैसा नहीं होता, जिससे पोर्टफोलियो ज्यादा संतुलित रह सकता है और बाजार के विभिन्न चक्रों में जोखिम-समायोजित अनुभव देने में मदद मिलती है। पहले निवेशक अलग-अलग एसेट क्लास में स्वयं निवेश करते थे, लेकिन फीस, टैक्स एफिशिएंसी, लागत और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग जैसी चुनौतियाँ इसे जटिल बनाती थीं। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक यूनिफाइड पोर्टफोलियो अप्रोच के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाते हैं। परिसंपत्तियों का संतुलित मिश्रण इक्विटी ग्रोथ के लिए, डेट स्थिरता के लिए और गोल्ड या सिल्वर अनिश्चितता के समय हेज के रूप में कंसंट्रेशन रिस्क को कम करने और अलग-अलग बाजार परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है। ड्रॉडाउन्स के दौरान डाइवर्सिफाइड रिस्क ड्राइवर्स, आपस में कम संबंध और अनुशासित री-बैलेंसिंग निवेश अनुभव को अधिक संरचित और स्थिर बना सकते हैं।

मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता, ब्याज दरों में बदलाव और नीति संकेतों के बीच मल्टी-एसेट एलोकेशन को एक ऑल-वेदर अप्रोच के रूप में देखा जा रहा है। यह एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल है।

निवेशक केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड्स के साथ ही डील करें, जिनकी जानकारी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की वेबसाइट पर सत्यापित की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने की अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान की समीक्षा बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। ज़िलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की शून्य सहिष्णुता है। सार्वजनिक स्थलों पर से अतिक्रमण हटाने में तत्परता दिखाएं। आयुक्त ने अधिकारियों को आदतन अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध अनिवार्य तौर पर प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जन-सुविधाओं में किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच समुचित समन्वय जरूरी है परन्तु कभी-कभी पदाधिकारियों में समन्वय का अभाव देखा जाता है। यह ठीक नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा नगर व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डेडिकेटेड शहरी प्रबंधन इकाई का गठन किया है। इस इकाई के पदाधिकारीगण सार्थक ढंग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। अपर जिला दंडाधिकारी (नगर व्यवस्था), 3 पुलिस उपाधीक्षक (नगर व्यवस्था) तथा 3 नगर दंडाधिकारी इसी कार्य के लिए इकाई में पदस्थापित किए गए हैं। साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अपर नगर आयुक्तों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। नगर परिषदों में भी नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच समुचित समन्वय जरूरी है। जिलाधिकारी ने अपर जिला दंडाधिकारी (नगर-व्यवस्था) को विभिन्न विभागों जैसे नगर विकास, पुलिस, यातायात, जिला प्रशासन, विद्युत, पथ निर्माण इत्यादि के अधिकारियों के बीच सुदृढ़ समन्वय एवं सार्थक संवाद स्थापित करने का निदेश दिया ताकि अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुनः अतिक्रमण की घटना को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। जो भी दुबारा अतिक्रमण करे उन्हें चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार कर उनके विरूद्ध अनिवार्य तौर पर प्राथमिकी दर्ज करें।

कभी-कभी ऐसी सूचना मिलती है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में समय पर फोर्स स्थल पर नहीं पहुँचता है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को समुचित संख्या में तथा समय से फोर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुनः अतिक्रमण की घटना होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की घटना में अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की संख्या भी न के बराबर है। ज़िलाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी पदाधिकारीगण आपस में समन्वय स्थापित कर सार्थक ढंग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। केवल सतही कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निदेश दिया कि अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी सहित विधि-सम्मत सख्त कार्रवाई करें। अतिक्रमण में प्रयुक्त अधिक-से-अधिक सामानों की जप्ती करें। उनके विरूद्ध पर्याप्त आर्थिक दंड लगाएँ ताकि वे दुबारा अतिक्रमण करने से बाज आएं। अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों

संक्षिप्त खबरें

भारत के आन बान शान थे शिवाजी महाराज : आरसीपी

पटना। पटेल परिवार के द्वारा आयोजित शिवाजी महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के आन बान शान थे और उनके ही द्वारा किए गए कार्य के चलते देश तरक्की कर रहा है। जयंती समारोह से पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कंकड़बाग टेंपो स्टैंड स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा की मराठा साम्राज्य को स्थापित करने में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अहम भूमिका निभाई थी और उन्होंने एकजुट का संदेश दिया था। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पटेल परिवार के संयोजक शंकर पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से आज के युवाओं को सीख मिलती है और उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पटेल परिवार के सहसंयोजक जितेंद्र पटेल ने शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्येंद्र पटेल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री वृशिण पटेल, पूर्व विधायक सतीश कुमार,पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह डॉक्टर एल बी सिंह ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गणेश प्रसाद सिंह इंद्रजीत पटेल अमित कुमार रिंपी कुमारी शांति देवी पूनम देवी ज्योति रिंकू कुमारी इंदु देवी सहित सैकड़ो लोगों ने शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया

छत्रपति शिवाजी महाराज कुशल प्रशासक थे: मंटू पटेल

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह का आयोजन

पटना। पटेल छात्रावास निर्माण ट्रस्ट के द्वारा गुरूवार को दरोगा राय पथ स्थित पटेल सेवा संघ में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। पूर्व मंत्री और अमनौर विधायक मंटू पटेल ने कहा की शिवाजी महाराज भारत के कुशल प्रशासक थे। हम सब उनके पदचिह्नों पर चलकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बना सकते है। हमें गर्व है की हम छत्रपति शिवाजी के वंशज है। शिवाजी महाराज सिर्फ.राजा नहीं थे वल्की वे राष्ट्र की परिभाषा थे .हमारी एकता ही हमारी ताकत है.एकता के बदौलत हमारी जनसंख्या विधानसभा में दोगुनी हो गई है। हम सब को एकजुट होकर बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव में अपनी जनसंख्या को दुगुनी करनी होगी। पटेल छात्रावास निर्माण ट्रस्ट के द्वारा आज दरोगा राय पथ से अटल पथ होते हुए मैरीन ड्राइव तक रोड शो किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री विधायक मंटू पटेल ,प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अभय पटेल, युवा नेता वरुण कुमार ,दीपू किंग ,एस के सुमन ,उज्जवल पटेल ,प्रेम कुमार विद्यार्थी, एस के सुमन,अंकित कुमार ,आलोक राज ,सुधीर कुमार, विकास सिंह,नीतीश ,धीरज सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

नशामुक्त बिहार के संकल्प पर कायम नीतीश सरकार, सख्त कार्रवाई जारी : निषाद

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा साल 2016 से बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी के फैसले को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय सामाजिक सुधार, महिला सशक्तिकरण और जनहित की भावना से प्रेरित था, और आज भी राज्य सरकार अपने इस संकल्प पर पूरी मजबूती से कायम है। शराबबंदी लागू होने के बाद से दिसंबर 2025 तक राज्य में 4.5 करोड़ लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इस अवधि में 16 लाख से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है, 10 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं तथा 1.6 लाख से अधिक वाहन जब्त किए गए हैं। ये आंकडे.दशार्ते हैं कि कानून केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कठोरता से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी को असफल बताने वाले विपक्षी दल वास्तविकता से आंख मूंद रहे हैं। सामाजिक स्तर पर इस कानून के सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू हिंसा के मामलों में कमी, परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा महिलाओं की सामाजिक भागीदारी में वृद्धि जैसे अनेक सकारात्मक परिवर्तन सामने आए हैं।

जल्द ही देश के विकसित प्रदेशों में शामिल होगा बिहार : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में विकास का स्वर्णिम युग चल रहा है। आनेवाले समय में एनडीए के कार्यकाल को बिहार के विकास का स्वर्ण काल के रूप में जाना जाएगा। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार का कोई ऐसा कोना नहीं बचा, जहां विकास की किरण नहीं पहुंची हो। विकास की यह किरण और प्रखर होनेवाली है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में करीब 9000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। इससे बिहार के औद्योगिक विकास के एक नये अध्याय की शुरूआत होगी। बिहार की पहचान औद्योगिक प्रदेश के रूप में बनेगी। रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे और जल्द ही देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार अब तेज रफ्तार के साथ औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह तैयार है और एशियन डेवलपमेंट बैंक का यह सहयोग विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि गया-मुजफ्फरपुर में औद्योगिक क्लस्टर, रोजगार को बढ़ावा इस निवेश योजना का सबसे बड़ा फोकस औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने पर है।

प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन में भावी कार्यक्रमों पर मंथन

पटना। प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा पटना में आयोजित तीन दिवसीय प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलनह्व के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप, घोषणापत्र, नीतियों एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा सम्पन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन आचार्य शिवानन्द दानी द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने आगामी दो वर्षों के लिए संगठन की कार्यनीति को सशक्त, योजनाबद्ध एवं जनोन्मुख बनाने पर बल देते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्राउट के सिद्धांतों को प्रभावी रूप से पहुंचाना है। इस अवसर पर अंगिका समाज, अमरा बंगाली समाज, मगही समाज, मिथिला समाज, भोजपुरी समाज, बघेली समाज, हरियाणवी समाज, विदर्भ समाज, छत्तीसगढ़ी समाज, डोगरी समाज एवं उत्कल समाज के समाज सचिवों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, प्राउट के सिद्धांतों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधियों ने आगामी दो वर्षों के लिए व्यापक जनजागरण अभियान, कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संगठनात्मक विस्तार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। सम्मेलन का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन का समापन सत्र 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

राज्य में वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 4 लाख 47 हजार से अधिक चालान जारी

आम लोगों व स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक : मंत्री

- जिलों में वर्चुअल रियलिटी से जागरूकता अभियान चलेगा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चल रहा है। आम लोगों से लेकर स्कूली बच्चों तक को सड़क सुरक्षा के मानकों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 77 हजार 926 शिक्षण संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा चुका है। यह अभियान आगे भी शिक्षण संस्थानों में निरंतर आयोजित किया जाता रहेगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को पटना में मुख्य सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में सड़क सुरक्षा अभियान 2026 कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तौर पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे निभाने से ही सभी सुरक्षित रह सकते हैं। मंत्री ने बताया कि विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर जागरूकता लाने का प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेलमेट नहीं पहनने, सीटबेल्ट नहीं लगाने आदि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 4 लाख 47 हजार रुपये से अधिक चालान जारी किए गए हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान करीब 1 हजार 800 चालकों की नेत्र जांच की गई और चश्मा भी वितरण किया गया। साथ ही 264 यूनिट रक्तदान भी कराया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सरकारी, निजी और स्कूली वाहन चलाने वालों के नेत्रों की जांच अनिवार्य रूप से हो और स्वस्थ नेत्र प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। स्कूलों और जिलों में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) मशीन के जरिए दिखाया जाएगा कि हेलमेट पहनना कैसे जीवन रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि 1 महीने में रिकॉर्ड 1 लाख 40 हजार वाहनों का पंजीकरण और 83 हजार ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं। बिहार देश के लिए नए सकारात्मक उदाहरण पेश कर रहा है। यहां पहली बार महिलाएं पिंक बस चलाने जा रहीं हैं।

पिंक बस चालकों को नियुक्ति पत्र: कार्यक्रम में छह महादलित महिला चालकों रागिनी कुमारी, सरस्वती कुमारी, आरती कुमारी, बेबी, गायत्री कुमारी और अनीता कुमारी को हेवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) की नियुक्ति पत्र और सम्मान दिया गया। इसके अलावा 5 गुड सेमेरिटन(राहवीरों) को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए 25-25 हजार रुपये का चेक, प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

प्रति शनिवार निजी बस चालकों की ट्रेनिंग

परिवहन विभाग के सचिव श्री राज कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य लोगों को यातायात कर्तव्यों का बोध कराना है। विभाग दंड के साथ-साथ जागरूकता पर भी जोर दे रहा है। सभी जिलों में हर शनिवार निजी बस चालकों की ट्रेनिंग आयोजित की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि क्षणिक खुशी के लिए स्टंटबाजी न करें, इससे जान जा सकती है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां 1000 से अधिक गुड सेमेरिटन हैं। जल्द ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू होगी। हाल ही में 10 हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड और 500 से अधिक रद्द किए गए हैं। सड़क सुरक्षा पूरे साल व्यवहार का हिस्सा बने, यह सिर्फ कुछ दिनों का अभियान नहीं होना चाहिए।

एसडीआरएफ ने दी आपातकालीन ट्रेनिंग

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर वीडियो प्रदर्शन किया गया और सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। एसडीआरएफ ने सीपीआर और आपातकालीन उपचार की ट्रेनिंग दी। राज्य एवं जिला स्तर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर डीटीओ, एडीटीओ, एमवीआई, ईएसआई और अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ यूके मिश्र, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य पीएन राय, कौशल किशोर मिश्रा, नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, शम्भु दत्त झा, परिवहन विभाग के अपर सचिव प्रवीण कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक (यातायात) सुशांत कुमार सरोज, अपर सचिव कृत्यानंदन रंजन, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सागर कुमार, संयुक्त सचिव इंदु कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल

- राज्य में बीज नमूनों की जांच के लिए विकसित किया गया मजबूत प्रयोगशाला तंत्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य के किसान अब खेती में गुणवत्तापूर्ण बीजों का उपयोग कर रहे हैं। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हों, इसे राज्य सरकार सुनिश्चित कर रही है। इसके कारण राज्य में कृषि उत्पादन तेजी से बढ़ा है और किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। मंत्री राम कृपाल यादव ने गुरुवार को कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बीज एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथा निर्णायक उपादान है। बीज पर ही अन्य सभी कृषि निवेशों की सफलता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निर्भर करती है। गुणवत्तायुक्त एवं शुद्ध बीज के बिना उच्च उत्पादन की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार का कृषि विभाग बीज गुणवत्ता नियंत्रण की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था के साथ कार्य कर रहा है। राज्य में बीज नमूनों की जांच के लिए मजबूत प्रयोगशाला तंत्र विकसित किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला, पटना के साथ-साथ छह क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाएं भभुआ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा एवं मोतीहारी में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य 31 जिलों में जिला स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं तथा उनके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस प्रकार राज्य के सभी 38 जिलों में बीज नमूनों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने में व्यापक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को प्रमाणित, शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता से न केवल कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय सुदृढ़ होगी और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

राज्य में सख्ती से किया जा रहा है नई श्रम संहिता का क्रियान्वयन

- राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित
- श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सचिव ने की शिरकत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्र सरकार के स्तर से 29 पुराने श्रम कानूनों को समाहित कर बनाई गई चार नई श्रम संहिताएं बिहार में 21 नवंबर 2025 से ही लागू हो गई हैं। वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यशर्त संहिता 2020 से बिहार के श्रमिकों को बेहतर वेतन, सुरक्षा और फिक्स्ड-टर्म रोजगार जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। बिहार सरकार इनका लाभ शत-प्रतिशत श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह जानकारी केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तत्वावधान में आईटीसी भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय श्रम संहिता और अन्य पहलुओं पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चौथे क्षेत्रीय सम्मेलन में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने दी। सचिव ने इस मौके पर श्रण सुधारों से जुड़ी बातों की विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन में बिहार के अलावा ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ तथा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के प्रतिनिधियों हिस्सा ले रहे हैं। दीपक आनन्द ने कहा कि वेतन संहिता के तहत सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की गई है, जबकि सामाजिक सुरक्षा संहिता के माध्यम से गिग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन, बीमा और मातृत्व लाभ जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, औद्योगिक संबंध संहिता ने उद्योगों के संचालन को सरल बना दिया है और महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट में सुरक्षित कार्य की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि नई संहिताओं के तहत बिहार में सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे कार्य की सीमा निर्धारित की गई है तथा वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत मूलवेतन के रूप में निर्धारित करना अनिवार्य किया गया है, जिससे श्रमिकों के पीएफ और ग्रेच्युटी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से राज्य के श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। इस दौरान विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. गणेश कुमार झा भी उपस्थित रहे।

पटना संग्रहालय के हेरिटेज भवनों को संरक्षित करने का कार्य 6 महीने में होगा पूरा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार की ऐतिहासिक धरोहर में शुमार पटना संग्रहालय को संरक्षित करने का काम भवन निर्माण विभाग की ओर से तेजी से किया जा रहा है। इसे आगामी छह महीने में पूरा कर लेने की संभावना है। इसके मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए पुराने भवनों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। इस परियोजना के दूसरे चरण में पुराने हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य और इनकी दीघाओं को शामिल किया गया है। पहले चरण में परिसर में ही दो नई दीघाओं गंगा और पाटली का उद्घाटन किया जा चुका है। संग्रहालय के पुराने हेरिटेज भवन के संरक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है और मूल संरचना को बिना क्षति पहुंचाए इसे आधुनिक स्वरूप से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना का सिविल कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है और इलेक्ट्रिकल कार्य चल रहा है। इस मामले में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य में काफी सावधानी बरती जा रही है, ताकि प्राचीन संरचनाओं को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। इसे नया रूप देने में भी सुर्खी चूना जैसे पारंपरिक सामग्रियों का उपयोग किया जा है। पुराने भवनों में प्रदर्श अधिष्ठापन के लिए आंतरिक कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा प्रदर्श की कॉन्सेप्ट प्लानिंग का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। सचिव ने आगे बताया कि संग्रहालय में बचे हुए कार्य को अगले छह महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्य की प्रगति और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। हेरिटेज भवन के संरक्षित होने के उपरांत पटना संग्रहालय में बिहार के गौरवशाली अतीत को नए अंदाज में प्रस्तुत कर सकेगा। इस परियोजना के विस्तारिकरण के अंतर्गत संग्रहालय परिसर में गंगा दीर्घा एवं पाटली दीर्घा का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त 2डी प्रेक्षागृह, अस्थायी प्रदर्शनी हॉल, संग्रहालय कार्यालय, संरक्षण प्रयोगशाला, 105 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम एवं कलाकृतियों को रखने के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त भण्डार गृह का निर्माण भी किया गया है। गंगा दीर्घा में खूबसूरत कलाकृतियों एवं कलात्मक चित्रण के माध्यम से बिहार में गंगा की यात्रा को 7 सांस्कृतिक क्षेत्रों से गुजरते हुए दशार्या गया है। पाटली दीर्घा में पाटलिपुत्र के पूर्ण वैभव के बारे में मेगास्थनीज और फाह्यान जैसे यात्रियों के उदाहरणों को खूबसूरत कलाकृतियों एवं चित्रण के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने में तेजस्वी विफल : उमेश

- कहा-प्रतिदिन सदन की कार्यवाही में पहुंच रहे हैं सीएम नीतीश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि तेजस्वी यादव को न तो जनहित से कोई सरोकार है और न ही संसदीय कार्यों में कोई रुचि। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी कार्यशैली सदैव सवालों के घेरे में रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष के पद और उसकी भूमिका का विशेष महत्व होता है। जनता के सवालों को सदन में आवाज देना तथा सरकार के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करना नेता प्रतिपक्ष का मूल दायित्व है। उनके कंधों पर भी जनता की अपेक्षाओं की जिम्मेदारी होती है, किंतु दुर्भाग्यवश तेजस्वी यादव लगातार इस दायित्व के निर्वहन में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रतिदिन सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत हो रहे हैं, जो एक सच्चे एवं संवेदनशील जननेता की पहचान है।

वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष की बजट सत्र से निरंतर अनुपस्थिति लोकतांत्रिक परंपराओं की दृष्टि से चिंताजनक है।

श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रियता, जवाबदेही और गंभीरता अनिवार्य तत्व हैं, किंतु तेजस्वी यादव का आचरण इसके विपरीत प्रतीत होता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व में शिक्षा और क्रिकेट करियर के प्रति गंभीरता का अभाव भी इसी प्रवृत्ति को दशार्ता है, अब वही स्थिति राजनीति में भी परिलक्षित हो रही है।

पटना की सर्वोत्तम स्वच्छता पहलों का अध्ययन

- त्रिपुरा के अभियंताओं ने किया फील्ड विज़िट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान के समन्वय से लोक निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, त्रिपुरा के 15 सदस्यीय अभियंताओं का दो दिवसीय एक्सपोजर विज़िट 18 एवं 19 फरवरी 2026 को पटना में आयोजित किया गया इस क्रम में त्रिपुरा के 15 सदस्यीय अभियंताओं ने पटना नगर निगम में शहर में संचालित स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन की नवाचार पहलों का गहन अध्ययन किया। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य प्रतिभागियों को पटना में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में अपनाई गई सर्वोत्तम पहल, नवाचारों एवं प्रभावी प्रबंधन मॉडलों से अवगत कराना है। टीम ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, फीकल स्लज मैनेजमेंट तथा ओडीएफ प्लस के तहत संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी पहलों का विस्तृत अवलोकन करते हुए उनकी कार्यप्रणाली को समझा।

गौरतलब है कि भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत पटना नगर निगम मुख्यालय में आयोजित प्रस्तुतीकरण सत्र से हुई, जिसमें संबंधित शाखाओं के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की रूपरेखा, तकनीकी प्रावधानों, निगरानी तंत्र तथा सामुदायिक सहभागिता के मॉडल की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न परियोजनाओं एसटीपी, पटना नगर निगम कंट्रोल रूम इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर , रिवर फ्रंट डेवलपमेंट गंगा पथ एवं अन्य परियोजनाओं का फील्ड विज़िट किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ संवाद कर जानकारी प्राप्त की साथ ही, जन-जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी पहलों पर भी विशेष चर्चा की गई।

डीबीटी के माध्यम से गन्ना किसानों के बैंक खातों में होगा अनुदान का भुगतान

- कृषि यंत्र खरीदने के लिए सरकार देती है 50 से 60 फीसदी अनुदान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत यंत्र खरीदने वाले गन्ना किसानों को डीबीटी के माध्यम से अनुदान की राशि भुगतान की जाएगी। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने चयनित गन्ना किसानों को पूर्ण राशि भुगतान कर यंत्र खरीदने का निर्देश दिया है। विदित हो कि बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर गन्ना उद्योग विभाग ने कई योजनाएं शुरू की है, जिसमें मुख्यमंत्री गन्ना यंत्रीकरण योजना भी शामिल है। इस योजना के माध्यम से विभाग गन्ना किसानों को यंत्र खरीदने के लिए 50 से 60 फीसदी तक अनुदान देता है। ताकि गन्ना किसान खेत की तैयारी से लेकर फसल की कटाई में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद कर सकें। गन्ना उद्योग विभाग किसानों से अनुदानित दर पर यंत्र खरीदने के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अपील की थी। बताया जाता है कि राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए कई बार आवेदन करने की तिथि का विस्तारित किया गया था। विभाग के मुताबिक राज्य के 324 किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए गए थे। इसके साथ ही विभाग ने गन्ना किसानों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि स्वीकृति पत्र प्राप्त चयनित किसान सुमेक पोर्टल पर सूचीबद्ध विक्रेताओं को पूर्ण देय राशि का भुगतान कर यंत्र खरीद सकते हैं। यंत्र का सत्यापन पूर्ण होने के बाद अनुदान राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से संबंधित किसान के बैंक खाते में किया जाएगा। बताते चले कि गन्ना उद्योग विभाग के माध्यम से यंत्रीकरण योजना के तहत खेत की तैयारी से लेकर गन्ने की कटाई में प्रयोग होने वाले डिस्क हैरो, पावर वीडर, पावर टीलर, लैंड लेवलर, लेजर लेवलर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस, रोटावेटर, मिनी ट्रैक्टर (4डब्लूडी), ट्रैक्टर माउंटेड हाइड्रॉलिक स्प्रेयर, शुगरकेन कटर प्लांटर एवं हाइड्रॉलिक डिस्क हैरो आदि यंत्रों की खरीद पर 50 से 60 फीसदी का अनुदान दिया जाता है, ताकि किसान अनुदानित दर पर इन आधुनिक यंत्रों की खरीद कर गन्ने की खेती बेहतर तरीके से कर सकें।

सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी ने खोली सत्ता पक्ष की पोल : शक्ति

- कहा- चुनाव को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग की भूमिका और सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव को तत्काल रद्द करने की मांग की है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि बिहार में सत्ता प्रतिष्ठान ने बूथ नहीं, बल्कि पूरे वोट को लूटने के लिए सरकारी खजाने का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग किया है।

राजद प्रवक्ता ने अपने बयान में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में मुफ्त योजनाओं पर दी गई सख्त नसीहत का हवाला देते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री यादव ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राज्य घाटे में चल रहे हैं, फिर भी मुफ्त योजनाएं दे रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश ने सवाल उठाया है कि जो राजस्व एकत्र होता है, उसका 25 प्रतिशत राज्य के विकास के लिए इस्तेमाल क्यों नहीं किया जाता? कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए पूछा है कि मुफ्तखोरी बांटकर हम किस तरह का कल्चर बना रहे हैं? सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सीधे तौर पर बिहार की एनडीए सरकार के गाल पर करारा तमाचा है। शक्ति सिंह यादव ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बिहार आज 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भारी कर्ज में डूबा है। यहां पैदा होने वाला हर बच्चा अपने सिर पर 25 से 30 हजार रुपये का कर्ज लेकर जन्म लेता है। इसके बावजूद, सत्ता बचाने के लिए खजाने को बेरहमी से लुटाया गया। जिस दिन वोट पड़ रहे थे, उस दिन भी मतदाताओं के खातों में पैसे भेजे जा रहे थे। जब सुप्रीम कोर्ट चुनाव से पहले इस तरह की योजनाओं को लेकर राज्यों को फटकार लगा रहा है, तो फिर बिहार में चुनाव और मतदान के दौरान बांटे गए पैसों पर सब मूकदर्शक क्यों हैं? उन्होंने कहा कि यह धांधली जन प्रति

संक्षिप्त खबरें

जूनियर इंजीनियर 9 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई के बीच विशेष निगरानी टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने साहेबगंज नगर परिषद के जूनियर इंजीनियर अमन कुमार को 9 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से नगर परिषद सहित सरकारी महकमों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, परिवादी राजकुमार तिवारी ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि साहेबगंज नगर परिषद में पेवर्स ब्लॉक लगाने के काम के एवज में जूनियर इंजीनियर द्वारा 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की जांच और सत्यापन में आरोप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक राज कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी को 9 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। इस मामले में विशेष निगरानी इकाई थाना में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि जिले में पिछले 72 घंटे के भीतर यह तीसरी बड़ी गिरफ्तारी है। 17 फरवरी को प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार 50 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़े गए थे, जबकि 18 फरवरी को सदर थाने के दारोगा भास्कर कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया था।

पिकअप से 800 लीटर शराब बरामद चालक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के मुजफ्फरपुर में शराबबंदी कानून के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मनियारी थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से करीब 800 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। मौके पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसके बाद चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और किस स्थान पर पहुंचानी थी, इसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार चालक से नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इलाके में इस कार्रवाई के बाद शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

शौचालय राशि भुगतान हेतु जिला उप विकास आयुक्त को दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत की मुखिया लालिता देवी शौचालय की राशि भुगतान हेतु समस्तीपुर जिला उप विकास आयुक्त को एक आवेदन दिया है।बतायी है कि 20 सितम्बर 2024 को 100 लाभार्थी का आवेदन प्रखंड कार्यालय जमा करने गया,जिसमें से मात्र 60 आवेदन जमा लिया गया।लेकिन अभी तक एक भी लाभार्थी का भुगतान नहीं किया गया है।जबकि सभी आवेदन को आवास सहायक जांच कर जमा करवाया था।दूसरे पंचायत का राशि भुगतान किया गया है।मुखिया ने बतायी कि प्रखंड समन्यवक का भेदभाव पूर्ण व्यवहार से असंतुष्ट हूं।अपने स्तर सें जांच कर राशि मुहैया करवाया जाए।

शिवाजी जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

मुजफ्फरपुर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में कटरा प्रखंड अध्यक्ष नीतीश उर्फ. गोपाल ठाकुर के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पहसौल पुरानी बाजार धर्मशाला से मोदलता मंदिर होते हुए मां चामुंडा मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान कार्यकताओं ने भगवा ध्वज के साथ जयघोष लगाए और शिवाजी महाराज के शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। रास्ते में स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में बजरंग दल संयोजक हिमांशु कुमार, गौ रक्षक प्रमुख आदित्य कुमार सहित प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने और युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। शोभायात्रा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

मुजफ्फरपुर में विकसित होगा समग्र हेल्थ हब: ओपन जिम, बोटिंग और दीदी की रसोई एक ही परिसर में

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के नेतृत्व में जिले में हेल्थ एंड फिटनेस गतिविधियों को नई दिशा देने और आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिले में खेल अवसंरचना के विकास के साथ-साथ अब शहर के हर आयु वर्ग—युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे—के लिए एक समग्र स्वास्थ्य, पोषण , सौंदर्य एवं मनोरंजन का प्रमुख केंद्र विकसित करने की योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। भारत माता पार्क के पीछे स्थित अप्पू पार्क को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए वहां ओपन जिम, जलाशय (तालाब) का सौंदर्यीकरण, रंगीन एवं संगीतमय फाउंटेन तथा जीविका द्वारा संचालित दीदी की रसोई की सुविधा एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने नगर निगम, भवन निर्माण, विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। शहर में अब आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस के मद्देनजर भारत माता पार्क के पीछे एक परिसर में ही ओपेन जिम, जल फब्बारा, जलाशय में बोटिंग तथा दीदी की रसोई की तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्क परिसर में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा तथा उसे आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। जलाशय में नौकायन की सुविधा विकसित की जाएगी, जिससे महिलाएं, बच्चे और परिवारजन मनोरंजन का आनंद उठा सकेंगे।

किसानों को सही दर एवं सही समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करायें : आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। तिरहुत प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के किसानों को उचित दर पर और सही समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश आयुक्त गिरिधर दयाल सिंह ने दिया है। यह निर्देश उन्होंने आज आयुक्त कार्यालय में क्षेत्रीय कृषि निदेशक सहित प्रमंडल के सभी छह जिलों के जिला कृषि पदाधिकारी के साथ आयोजित बैठक में दिया।आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसानों को खाद की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा या कृत्रिम संकट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उर्वरकों की कालाबाजारी पर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि इसके विरुद्ध सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित की जाए। जिला कृषि पदाधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर खाद दुकानों का औचक निरीक्षण करने, स्टॉक रजिस्टर की जांच करने तथा किसानों से सीधे फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक में आयुक्त ने कहा कि मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बन सके। उन्होंने प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा इसकी मॉनिटरिंग जिला कृषि पदाधिकारी को करने को कहा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वहां उर्वरक से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। किसी भी किसान को खाद के लिए भटकना न पड़े, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।आयुक्त ने कहा कि किसानों को नैनो यूरिया अथवा अन्य वैकल्पिक उत्पादों को लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अपनी जरूरत और खेती की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का चयन करने एवं क्रय करने के लिए स्वतंत्र हैं। किसी भी प्रकार का दबाव या अनुचित प्रलोभन स्वीकार्य नहीं होगा। सीमावर्ती जिलों—पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण एवं सीतामढ़ी—में यूरिया की संभावित कालाबाजारी को लेकर भी आयुक्त ने गंभीरता व्यक्त की।

कांटी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता : अजीत कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता में है। हम विकास की गाड़ी को तेजी से आगे ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं । अगले तीन माह के अंदर क्षेत्र के हर इलाकों में प्रगति व काम का रफ्तार दिखने लगेगा। उक्त बातें गुरुवार को मड़वन प्रखंड के जीयन यादव टोला स्थित शिव शक्ति गणेश धाम मंदिर परिसर में यादव समाज की ओर से आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के प्रगति के लिए लगातार काम कर रहे हैं , लेकिन कांटी क्षेत्र पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों के द्वारा बरती गई काफी उदासीनता के कारण काफी पीछे छूट गया है। अब हम समाज के हर वर्ग व हर क्षेत्र की प्रगति तेजी से हो इसके लिए स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास का काम करेंगे। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए अभिभावको को भी तत्पर रहने का अपील किया । विधायक अजीत कुमार ने क्षेत्र के जर्जर सड़कों का शीघ्र जीर्णोद्धार करवाने की बात कहते हुए लोगों से कहा कि आप विकास के हर एक कार्यों पर नजर रखें तथा गुणवत्तापूर्ण विकास हो इसे सुनिश्चित कराने में हमारी सहयोग करें। श्री कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप जिस विश्वास व भरोसा से हमें मदद किया है हम आपके विश्वास व भरोसे को कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हम कांटी क्षेत्र का विकास एवं लोगों के मान सम्मान को बढ़ाने के लिए अपना जी - जान लगा देंगे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षाविद शिवचंद सिंह ने किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अजीत कुमार को ग्रामीणों के द्वारा अंग -वस्त्र एवं पुष्प - गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को स्थानीय सरपंच रामचंद्र राय, उपसरपंच अवधेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र राय, नवल राय, सुरेंद्र राय, रामसेवक राय, हरिशंकर राय , मनोज सिंह, अमर कुमार फौजी, राजकुमार राय, कामेश्वर राय, राजेंद्र राय, अंबिका राय, संजय राय फौजी आदि ने संबोधित किया।

डीएम ने दिल्ली मोड़ पर निमार्णाधीन बस स्टैंड पर चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आज दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को बस स्टैंड परिसर के चारों ओर सुदृढ़ चाहरदीवारी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया,ताकि परिसर को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। अत्यधिक बस स्टैंड भवन का निर्माण कार्य प्रगति में पाया गया।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा भवन के स्वीकृत नक्शे का अवलोकन कर निर्माण की गुणवत्ता एवं मानकों की समीक्षा की गई।उन्होंने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं समय सीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए।निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों पर अतिक्रमण पाया गया, जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया,ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।परियोजना निदेशक, बुडको द्वारा अवगत कराया गया कि बस स्टैंड तक जाने वाली सड़क को मोटरेबल बना दिया गया है,जिलाधिकारी ने सड़क का भौतिक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बस स्टैंड भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि दिल्ली मोड़ बस स्टैंड के विकसित होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को समयबद्ध और निर्धारित मापदंड से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर अधिवक्ताओं ने ई-फाइलिंग का लिया प्रशिक्षण

दरभंगा। दरभंगा जिला विधिक सेवा प्राधिकर के तत्वावधान में गुरुवार को मध्यस्थता भवन में अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया।पटना उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार, ई-फाईलिंग को सुगम बनाने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने के उदेश्य से कार्यशाला आयोजित की गई।दरभंगा बार के वकीलों को ई-फाईलिंग को अपनाने और इसके उपयोग से अवगत कराया गया ।कार्यशाला के प्रथम दिन महासचिव कृष्ण कुमार मिश्रा,रविशंकर प्रसाद, जीतेन्द्र नारायण झा,राहूल भारद्धाज, उदय लाल देव, लोकनाथ गोस्वामी समेत 50 वकीलों ने प्रशिक्षण के प्रथम दिन भाग लिये।

मुखिया दम्पत्ति पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात गाड़ी साइड लेने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बिशुनपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया बबिता कुमारी और उनके पति रंजीत मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें मुखिया पति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मुखिया दंपती एक निजी कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि युवकों ने घात लगाकर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने बबलू मिश्रा पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तुरंत सकरा अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। हमले के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मुखिया बबिता कुमारी ने इसे साधारण सड़क विवाद नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश बताया है। उनका कहना है कि हमलावरों की नीयत जान लेने की थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा हमलावरों की पहचान के प्रयास जारी हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक थाने में औपचारिक आवेदन नहीं दिया गया है, जिससे कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया लंबित है।

अपनी बात खुलकर रखें दोषियों पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

सिमरी थाना परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक शामिल हुए

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)।सिमरी थाना परिसर में गुरुवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी शामिल हुए। विधि-व्यवस्था के साथ जनता की समस्या से रू बरू होकर सभी को निदान का आश्वासन दिलाया गया।पूर्व जिला परिषद सदस्य कलीमुद्दीन रही ने डीजे साउंड सिस्टम बजाने से उत्पन्न होने वाले विवादों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय और तय डेसिबल सीमा का पालन नहीं होने से आम लोगों को अनेकों कठिनाई हो रही है। उन्होंने मांग की कि नियमों के आधार पर डीजे बजाने वाले हुड़दंगियों पर कार्रवाई की जाए। शांति समिति सदस्य गोपाल सिंहा ने थाना क्षेत्र में जगह-जगह जुआरी खेले जाने की शिकायत पर प्रतिबंध के साथ नशे का प्रयोग कर नौजवान गलत दिशा में भटक रहे हैं। मुखिया दिनेश महतो,पूर्व मुखिया अमजद अब्बास ने सिमरी थाना चौक -बस्तवाड़ा के आसपास के बाजार में अतिक्रमण की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि हाईवे पर बेतरतीब ढंग से टेंपो और ई-रिक्शा खड़े कर दिए जाने से सड़क संकीर्ण हो जाती है, जिससे पैदल राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। थाना भवन के आसपास की सड़क भी अतिक्रमण का शिकार है। सढवारा के राजद नेता राहुल झा ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में गांजा का धड़ल्ले प्रयोग कर असामाजिक तत्व युवाओं को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। जनसंवाद को संबोधित कर एसएसपी ने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं और नशे पर अंकुश लगाने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली दवाएं न बेचने का निर्देश दिया। एसएसपी ने थानाध्यक्ष अरविंद कुमार को व्हाइटनर, सॉल्यूशन व अन्य नशा बेचने वालों को अंतिम चेतावनी देने तथा सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई करने को। सरकारी भूमिपर कब्जा कर अवैध धंधेबाज के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई का आदेश दिया। एसपी ने कहा कि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ट्रैफिक नियम, डीजे बजाने की समस्या और बाल विवाह जैसे विषयों पर चर्चा करें जिससे समाज में जागरूकता व आम लोगों से फीडबैक लिया जाए। इस तरह के कार्य प्रणाली से बेहतर पुलिसिंग होगी और पुलिस व जनता के बीच समन्वय मजबूत होगा। कार्यक्रम में सदर एसडीपीओ टू एसके सुमन, कमतौल सर्कल इंस्पेक्टर रामेश्वर साफी, एसआई ज्योति कुमारी, पन्नालाल सिंह, लालकृष्ण यादव, पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, राजेश सिंह, जटाशंकर सिंह, मो फैजान, मुखिया दिनेश महतो, सुजीत कुमार, सरपंच अशोक पासवान, रमेश सहनी, कैसर खान, सना खान, गोलू सिंह, तबरेज, ललन पासवान, दिलीप भगत, प्रवीण सिंह मुनमुन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।इधर जनसंवाद के बाद एस एसपी ने पुलिस अधिकारी के साथ बैठक कर थाना में प्रतिवेदित कांडो की समीक्षा कर अनुसंधानक को निर्देशित किया। आगामी होली को लेकर थाना क्षेत्र का फीडबैक लेकर मुख्य रूप से शांति व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस पदाधिकारी को सजग रहने को कहा।

केवटी विधायक ने सरकार से अतिथि शिक्षकों को सारी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। बिहार विधानसभा के बजट सत्र में बृहस्पतिवार को तारांकित,ध्यानाकर्षण,निवेदन वं शून्यकाल प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों राज्य सरकार के द्वारा ग्रामीण इलाकों में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं उसी के तहत केवटी एवं सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत अवैध रूप से कब्जा किये हुए सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की सरकार से मांग की। तारांकित के माध्यम से ही दरभंगा जिला अंतर्गत मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित स्थल दरभंगा एम्स को सिंहवाड़ा प्रखंड से एवं एयरपोर्ट को केवटी प्रखंड से जोड़ने हेतु सरकार से मांग की जो कि महज 10 किमी के रेंज में हैं। ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से राज्य के महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षक को स्थायी सहायक प्राध्यापक की तरह सेवासर्त मंजूर करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। निवेदन प्रश्न के माध्यम से सरकारी कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर मातृत्व कक्ष निर्माण कराने हेतु सरकार से निवेदन किया। शून्यकाल में प्रश्न के माध्यम से राज्य के निजी अस्पतालों में मरीज के इलाज के दरम्यान मृत हो जाने से उनके परिजन को मृत शरीर को के जाने से पहले सारा इलाज का खर्चा व्यय करने के लिए बोला जाता हैं और नहीं देने पर अस्पताल के प्रबंधक लाश परिजन को सुपुर्द नहीं करता हैं जो कि काफी चिंताजनक विषय हैं। सरकार से ऐसे निजी अस्पतालों पर करवाई करने एवं मरीज के परिजन को निःशुल्क मृत शरीर सुपुर्द करने की सरकार से मांग की।

बंगाल चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय, तृणमूल सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त : शाहनवाज हुसैन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। आज जिला अतिथि गृह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव एवं बंगाल की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। प्रेस को संबोधित करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता परिवर्तन के मूड में है और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सुनिश्चित जीत तय है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के शासनकाल में राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है, जिससे जनता में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संवैधानिक संस्थाओं पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होनें कहा की आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सफलता को लेकर विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की बदहाली और विकास कार्यों की उपेक्षा से लोग बेहद त्रस्त हैं।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जब बंगाल की जनता को नहीं मिल पाया, तो लोगों में गहरा आक्रोश है। भाजपा इस चुनाव में सुशासन, विकास, रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाकर जनता के बीच जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के समर्थन से इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और राज्य में एक स्थिर, विकासोन्मुखी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में परिवर्तन तय है और भाजपा जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेगी।उन्होंने मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद के नाम पर किए जा रहे निर्माण को लेकर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करती हैं। भाजपा ऐसे किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करती है जो देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुँचाए।इससे पूर्व श्री हुसैन ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जी के आवास पर पहुँचकर उनकी पूजनीय माताजी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना,उपाध्यक्ष विकास रजक, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक पंजियार, के.पी.पप्पु, विनोद सहनी,गुलशन चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ज्वेलरी दुकानो को निशाना बनाने वाला अंतरराज्यीय चोर गिरोह बेनकाब, तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी पुलिस ने बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में सक्रिय ज्वेलरी दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस तथा चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार 17 फरवरी 2026 को दिवा गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बसैठा में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ रखा है और उनके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस टीम ने भीड़ से तीनों व्यक्तियों को मुक्त कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा और पूछताछ की। पूछताछ में उनकी पहचान रूप सिंह (ग्राम-ईशापुर, थाना-निगोही, जिला-शाहजहापुर, उ.प्र.), भोला (ग्राम-मिलकीया, शाहजहापुर, उ.प्र.) तथा गोकरन (ग्राम-मिलकीया, शाहजहापुर, उ.प्र.) के रूप में हुई।पुलिस के अनुसार तीनों पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी, छिनतई, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 36 आपराधिक मामले दर्ज हैं। विशेष पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका चार सदस्यीय गिरोह दिन में घरों और दुकानों की रेकी करता था तथा रात में चोरी की घटना को अंजाम देता था। भागने के क्रम में उन्होने अपना देशी कट्टा छुपा दिया था।अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम बसैठा में एक गुमटी के पीछे छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो लोहे की छेनी, एक पेचकस, एक एल-आकार का लोहे का रॉड तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। सभी सामानों को विधिवत जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में बेनीपट्टी थाना कांड संख्या 58/26 दिनांक 17.02.2026 के तहत धारा 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने गिरोह के पांच अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी जारी है। पुलिस ने कहा है कि संगठित अपराध के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों का समाहरणालय पर प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को जिला समाहरणालय के समक्ष राजस्व कर्मचारियों ने 17 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रौशन कुमार ने की। बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारियों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वर्ष 2019 से लागू ग्रेड पे को 1900 के स्थान पर 2800 किए जाने, कार्य के दौरान सुरक्षा एवं सम्मान की गारंटी, बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, हाजिरी व्यवस्था में सुधार तथा गृह जिला में स्थानांतरण सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।संघ के नेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी सभी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के नाम मांगपत्र समर्पित किया।इस दौरान हड़ताली कर्मी गणपति झा ने कहा कि सरकार यदि जल्द समाधान नहीकरती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक वे हड़ताल पर डटे रहेंगे।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है : विनय पासवान

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)।भारतीय जनता पार्टी दरभंगा पूर्वी संगठन जिला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन बेनीपुर कपूर्री सभागार में जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम का सुरुआत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जी के माता जी को श्रद्धांजलि देते हुए प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश प्रशिक्षण महाभियान के सदस्य भीम साहू ने कहा कि यह महा अभियान एक संगठन पर्व है। जिसमें जिला एवम् मंडल स्तर के कार्यकर्ता ओ को प्रशिक्षित किया जायेगा भाजपा की विचारधारा कार्यकर्ताओ को आत्मसात करना चाहिए। जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है।उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता प्रशिक्षित होकर संगठन कार्य को अच्छा से करते हुए सरकार की योजनाओ को जनता के बीच पहुंचाकर उसका

संक्षिप्त खबरें

संदेहास्पद स्थिति में मिले आदिवासी युवक का शव

डंडखोरा/कटिहार। थाना क्षेत्र के डंडखोरा पंचायत अन्तर्गत इटवा घाट के पास घोघरा जाने वाली पक्की सड़क पर दिन के 11 बजे के लगभग एक आदिवासी युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।हलांकि दुर्घटना को लेकर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है।स्थानीय लोगों की सूचना पर डंडखोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा ले आई।जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मधेली निवासी बबलू सोरेन उर्फ नेता सोरेन के रुप में हुई है।थाना पहुंचे परिजनों ने बताया का वह दो दिनों पहले भारीडीह मेला देखने के लिए द्वाशय पंचायत का बुधैली गांव अपनी बहन के यहां गया था।फूट-फूटकर रोती मृतक की मां ने किसी के द्वारा उसके बेटे की हत्या कर सड़क पर फेक देने की आशंका जताई।वहीं लोग सड़क दुर्घटना में मौत होने से भी इंकार नहीं करते।इस बाबत थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि परिजनों से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने बताया कि घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया है।आवेदन मिलने के बाद पोस्टमार्टम तथा फारेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कारवाई करेगी।

नाबालिग किशोर एवं किशोरी बरामद

कुरसेला कटिहार। नगर पंचायत क्षेत्र में इंस्टाग्राम के माध्यम से पनपे प्रेम प्रसंग का एक मामला सामने आया है। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर मिली सूचना के आधार पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम तथा राहत संस्था की संयुक्त कार्रवाई में एक नाबालिग किशोरी एवं किशोर को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, किशोर और किशोरी के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत के दौरान प्रेम संबंध स्थापित हो गया। बताया जाता है कि दोनों घर से निकलकर एक मंदिर में विवाह करने के उद्देश्य से आए थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम सक्रिय हुई और नगर पंचायत क्षेत्र से दोनों को सुरक्षित बरामद कर लिया। टीम ने दोनों को आवश्यक पूछताछ और काउंसलिंग के बाद बाल सुधार गृह, भेजने की प्रक्रिया में लगी है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

विद्यालयों में भटके कुत्तों की रोकथाम हेतु नोडल शिक्षक होंगे नामित

आजमनगर कटिहार। मध्याह्न भोजन योजना, कटिहार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में भटके कुत्तों के प्रवेश की रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,एमडीएम द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि न्यायालय एवं विभागीय आदेशों के आलोक में विद्यालय परिसरों में मानक संचालन कार्यप्रणाली (SOP) का सख्ती से पालन अनिवार्य है। विशेष रूप से मध्याह्न भोजन से उत्पन्न खाद्य अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान पर जोर दिया गया है, ताकि विद्यालय परिसर में बाहरी पशुओं का प्रवेश रोका जा सके। निर्देश के तहत प्रत्येक विद्यालय से प्रखंड, पंचायत, विद्यालय का नाम, यू-डाइस कोड, नोडल शिक्षक का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित विवरण निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराने को कहा गया है। नामित नोडल शिक्षक विद्यालय परिसर की स्वच्छता, खाद्य अपशिष्ट प्रबंधन तथा सुरक्षा उपायों की नियमित निगरानी करेंगे और प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करेंगे। शिक्षकों की जिम्मेदारियों की सूची में अब एक नया आयाम जुड़ गया है। पढ़ाई-लिखाई और प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ अब परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना होगा। कह सकते हैं कि गुरुजी और विद्यालय परिसर की चौकसी के बीच अब औपचारिक समन्वय स्थापित हो गया है जहां शिक्षा के साथ सतर्कता भी समानांतर चलेगी। विभाग का मानना है कि इस पहल से विद्यालयों में स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

कदाचार मुक्त माहौल में मैट्रिक की परीक्षा का संचालन , दोनों केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी

मधेपुरा । बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार नरदह पंचायत स्थित श्री वासुदेव प्लस टू उच्च विद्यालय नयाटोला एवं मध्य विद्यालय नयाटोला में मैट्रिक की सैद्धांतिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संचालन हो रही है। तीसरे दिन दोनों पालियों में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई। श्री वासुदेव प्लस टू उच्च विद्यालय केंद्र पर प्रथम पाली में 534 में 19 तथा द्वितीय पाली में 593 में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं मध्य विद्यालय नयाटोला केंद्र पर प्रथम पाली में 273 में 5 एवं द्वितीय पाली में 266 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्रों पर सघन जांच एवं लगातार निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से चल रही

आकांक्षी प्रखंड चौसा की प्रगति समीक्षा योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। समाहरणालय परिसर स्थित न्यू एनआईसी हॉल में गुरुवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चौसा प्रखंड की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के निदेशक-सह-केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी ने की। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं आधारभूत संरचना से जुड़े निर्धारित संकेतकों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने विभागवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियों एवं चुनौतियों की जानकारी दी। अध्यक्ष ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्यों में तेजी लाई जाए तथा लंबित योजनाओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र का समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिषेक रंजन, उप विकास आयुक्त अनिल बसाक, जिला योजना पदाधिकारी कुमार उमाशंकर सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

बियाडा में उद्यमियों के लिए कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बियाडा सभागार में बिहार कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में पटना से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा उद्यमियों को मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उद्यमियों से अपील की गई कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत योजना से जुड़कर इसका अधिकतम लाभ उठाएं, ताकि उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके और युवाओं को रोजगारमूलक अवसर प्राप्त हो। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्योग आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षु के रूप में जोड़कर उन्हें वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्रदान करती है। इसके माध्यम से उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित मानव बल मिलता है, जबकि युवाओं को रोजगार की दिशा में सशक्त अवसर प्राप्त होता है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि स्थानीय युवाओं को उद्योगों से जोड़ा जाए तो न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि जिले में औद्योगिक वातावरण भी सुदृढ़ होगा।विशेषज्ञ टीम द्वारा उद्यमियों को योजना से जुड़ने की चरणबद्ध प्रक्रिया समझायी गई।

20 से 22 फरवरी तक होगा सिंहेश्वर महोत्सव 2026, आज होगा भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। पर्यटन को बढ़ावा देने एवं क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन मधेपुरा के संयुक्त तत्वावधान में 20 से 22 फरवरी तक सिंघेश्वर स्थित मवेशी हाट परिसर में सिंहेश्वर महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का भव्य उद्घाटन 20 फरवरी को अपराह्न 4:30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, मधेपुरा सांसद दिनेश चंद्र यादव तथा सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक प्रो. चंद्रशेखर (मधेपुरा), डॉ. रमेश ऋषि देव (सिंघेश्वर) एवं निरंजन कुमार मेहता (बिहारीगंज) सहित विधान परिषद सदस्य लल्लन सराफ, डॉ. एन.के. यादव, संजीव कुमार सिंह एवं अजय कुमार सिंह भी भाग लेंगे। इसके अलावा कोशी प्रमंडल सहरसा के आयुक्त राजेश कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव सह प्रभारी सचिव मधेपुरा गोपाल मीणा तथा कोसी क्षेत्र सहरसा के पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमार आशीष सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उद्घाटन के बाद प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9:45 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ स्थानीय एवं क्षेत्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

22 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन,गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में हुई समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बरारी। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आगामी 22 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी संदर्भ में बुधवार को बारीनगर स्थित गंगेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से कार्यक्रम स्थल के रूप में नपं बरारी के राम जानकी ठाकुरबाड़ी का चयन किया गया। आयोजन को भव्य और अनुशासित बनाने के लिए अतिथि आमंत्रण, मंच सज्जा, प्रचार-प्रसार, संचालन व्यवस्था तथा विद्यालयों से संपर्क कर अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यकताओं के बीच दायित्वों का बंटवारा किया गया। बैठक में कटिहार से आशीष झा,अनीश सिंह एवं अभिषेक सिंह प्रिंस की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।सम्मेलन का कार्यक्रम प्रमुख गंगा समग्र के जिला संयोजक मनोज साह को बनाया गया। बैठक में प्रवीण रिंकू, जीवछ गुप्ता, राजकुमार साह, राणा सिंह, अखिलेश कुशवाहा, दीपक चौधरी, हरदेव मंडल, विकास साह, सुमन साह एवं राजेन्द्र मंडल सहित कई सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहे।बैठक के अंत में जनसंपर्क अभियान तेज करने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। कार्यकताओं में सम्मेलन को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

जयनगर स्टेशन की अव्यवस्था और नेपाली स्टेशन पर अवैध वसूली पर रेल एसएसपी का सख्त रुख

मधुबनी। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े जयनगर के दौरे पर पहुंचीं रेल एसएसपी बिना कुमारी ने जयनगर स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था तथा नेपाल की ओर स्थित स्टेशन क्षेत्र में कथित अवैध वसूली और असामाजिक गतिविधियों के मामलों को गंभीरता से लिया।दौरे के दौरान समस्तीपुर के सीआई रेल एवं जयनगर रेल थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों की प्रमुख संस्था ह्यचैंबर ऑफ कॉमर्स, जयनगरह्न के पदाधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के रूप में उपस्थित होकर स्टेशन परिसर की अव्यवस्था, पिक एंड ड्रॉप के नाम पर हो रही मनमानी, यात्रियों से कथित अवैध वसूली तथा सीमा क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से रेल एसएसपी को अवगत कराया।चैंबर प्रतिनिधियों ने कहा कि जयनगर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री एवं व्यापारी आवाजाही करते हैं। ऐसे में स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन, पारदर्शी व्यवस्था एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य है। रेल एसएसपी ने शिकायतों को गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निगरानी रखने, अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

दिनदहाड़े लाखों की चोरी से मनिहारी में सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

मनिहारी/कटिहार। थाना क्षेत्र अंर्तगत वार्ड संख्या 13 में दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी की वारदात ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। कपड़ा व्यवसायी अनुज मित्तल (पिता स्व. लख्खी प्रसाद मित्तल) के घर अज्ञात चोरों ने सुबह लगभग 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच धावा बोलकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति पार कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने घर में घुसकर सीधे बेडरूम को निशाना बनाया। कमरे का दरवाजा तोड़कर आलमारी को क्षतिग्रस्त किया गया और लॉकर में रखे करीब 7 से 8 भर सोना, लगभग 1 लाख रुपये नकद, 20 चांदी के सिक्के सहित अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद घर के अंदर सामान बिखरा मिला। अनुज मित्तल ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 11 बजे अपनी कपड़े की दुकान के लिए निकले थे और शाम करीब 4 बजे लौटे। मुख्य दरवाजा सुरक्षित था, लेकिन बेडरूम का दरवाजा टूटा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि घर में वे अकेले रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी गई संपत्ति के संबंध में अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार एवं थानाध्यक्ष पंकज आनंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्धों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि व्यवसायी सुबह लगभग 10झ11 बजे घर से दुकान के लिए निकलते हैं और शाम 4 बजे लौटते हैं। घर का अंदरूनी दरवाजा तोड़कर चोरी की सूचना मिली है। मामले की प्रथम दृष्टया जांच की जा रही है। नुकसान की वास्तविक राशि का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।

डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल (ORSL) और ईआरजेडएल (eRZL) नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएलल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉमूर्ले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। वहीं ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है। यह नया ब्रांड थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी या हल्के-मध्यम डिहाइड्रेशन में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से हाइड्रेशन देने में सक्षम है। ईआरजेडएल ड्रिंक में सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन सी और असली फलों का रस शामिल है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी रहे। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जल जीवन हरियाली अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जन जागरूकता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। नशा मुक्ति, बाल-विवाह एवं दहेज उन्मूलन तथा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक की टीम को अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार, उप निदेशकसह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नितेश पाठक, सहायक आपदा पदाधिकारी, रजनीश कुमार के द्वारा गुरुवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कला जत्था की टीम के द्वारा जिले में नशा मुक्ति, बाल-विवाह एवं दहेज उन्मूलन तथा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत व्यापक जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों ने अपनी सशक्त एवं भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों यथा बाल विवाह, दहेज उन्मूलन, शराबबंदी से होनेवाले फायदे तथा जल जीवन हरियाली अभियान के बारे में आम लोगों को जागरूक किया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नशा के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। वहीं बाल-विवाह के दुष्प्रभावों को दशार्ते हुए कम उम्र में विवाह से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। दहेज प्रथा पर आधारित प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया कि दहेज एक सामाजिक अभिशाप है, जिसे समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है।इसके साथ हीजल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व को भी रेखांकित किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के पश्चात अपर समाहर्ता, संतोष कुमार ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम लोगों तक सीधे संदेश पहुंचाने में अत्यंत प्रभावी साबित होते हैं। उन्होंने आम नागरिकों से इन अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।उप-निदेशक -सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार ने सभी कला जत्था के टीम के सदस्यों को हर हाल में कार्यालय द्वारा निर्धारित थीम पर ही प्रस्तुति देने तथा काफी संख्या में लोगों का जुटान होने पर ही अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने प्रतिदिन विभाग द्वारा बनाये गए व्हाट्सएप ग्रुप में जियो टैग फोटो तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित वीडियो शेयर करने का भी निदेश दिया नुक्कड़ नाटक टीम आज दिनांक 19.02.2026 से 14.03.2026 तक 21 प्रखंडों के विभिन्न गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान के लिए जायेगी। टीम कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अलग अलग स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगी।इस पहल से जिले में सामाजिक सुधार, बाल-विवाह एवं दहेज उनमूलन के क्षेत्र में सफलता और शराबबंदी तथा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। जिससे एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया जा सकें।

अवैध आरा मशीन की जांच करने पहुचीं वन विभाग टीम पर जानलेवा हमला, तीन कर्मी घायल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी जिले में अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रुद्रपुर थाना क्षेत्र के डुमरियाही गांव की है, जहां जांच करने पहुंची टीम पर कुदाल, कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया गया। इस हमले में वन विभाग के तीन कर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, झंझारपुर वन परिक्षेत्र पदाधिकारी अर्जुन गुप्ता के नेतृत्व में वन विभाग की दस सदस्यीय टीम स्थानीय पुलिस बल के साथ डुमरियाही गांव स्थित एक आरा मशीन की जांच करने पहुंची थी। टीम द्वारा मशीन संचालक से लाइसेंस और आवश्यक कागजात की मांग की गई। इसी दौरान मशीन संचालक सीताराम, जगदेव ठाकुर एवं उनके सहयोगियों ने अचानक उग्र होकर टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने कुदाल, कुल्हाड़ी और डंडों से प्रहार किया, जिससे तीन वनकर्मी घायल हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। घायल कर्मियों का प्राथमिक उपचार कराया गया है। इस संबंध में झंझारपुर वन परिक्षेत्र पदाधिकारी अर्जुन गुप्ता के बयान पर रुद्रपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।जिले में अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध वन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस घटना के बाद विभागीय कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है तथा प्रशासन ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

बेला औद्योगिक क्षेत्र में बृहद जलाशय का होगा सौंदर्यीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने गुरुवार को बेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित बृहद जलाशय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलाशय को पर्यावरणीय, सौंदर्यात्मक एवं जनोपयोगी दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकाय के चारों ओर व्यवस्थित जॉगिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाए, आकर्षक फव्वारों की स्थापना की जाए, समुचित लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में सीटिंग चेयर लगाई जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों, श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए एक स्वच्छ, हरित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जलाशय के चारों ओर सघन वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण एवं लाइटिंग कार्य कराने का निर्देश दिया, ताकि यह क्षेत्र सुबह-शाम टहलने, व्यायाम करने तथा प्रकृति का आनंद लेने के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जलाशय के ठीक सामने खाली पड़ी भूमि पर एक सुव्यवस्थित, हरा-भरा पार्क विकसित किया जाए, जिससे पूरे औद्योगिक क्षेत्र का वातावरण पर्यावरण के अनुकूल और आकर्षक बन सके। लाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत सभी आयु वर्ग के लोगों–युवा, महिला, बुजुर्ग एवं बच्चों–के लिए एक समग्र सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक अवसंरचना का संतुलित विकास भी अत्यंत आवश्यक है। यदि कार्यस्थल के समीप ही लोगों को स्वच्छ एवं हरित परिवेश मिलेगा, तो इससे उनकी कार्यक्षमता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जल निकाय को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाएं। जलाशय के चारों ओर सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया, ताकि यह स्थल लंबे समय तक जनोपयोगी बना रहे। जलाशय निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी ने बेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित बियाडा सभागार में उद्यमी संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। संवाद कार्यक्रम में बियाडा के डीजीएम द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु 12 फरवरी से कार्य प्रारंभ हो चुका है। फिलहाल प्रारंभिक चरण में भूमि समतलीकरण का कार्य प्रगति पर है। आने वाले चरणों में सड़क, जल निकासी, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास का कार्य किया जाएगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों के हित में सभी आवश्यक सुविधाएं यथासंभव शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं, ताकि औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों की शुरूआत की

प्रात : किरण संवाददाता

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया। पूरे महीने के दौरान, देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में, एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया, जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दशार्ता है। इस पहल का फोकस जागरूकता और ट्रेनिंग, बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर, चिन्हित जोन्स में सख्त अनु

सम्पादकीय

एप्सटीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत

निर्मल रानी

इनदिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालाँकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था, और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की। परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ, 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई। गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गयी। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहाँ मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहाँ तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे विशिष्ट भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ़्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी ? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे भेड़िया मानसिकता वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गयी ? किसके कहने पर या किसके लिये की गयी ? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक सफेदपोश भेड़ियों के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है। दुनिया में आये दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं। परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबालिग लड़कियों यहाँ तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाये व अवैध काम किए। इसलिये इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है ? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेद पोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को कंजक व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं ? निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में आधी आबादी को प्रायः सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एप्सटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दशार्ता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है। इसलिये एप्सटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एप्सटीन जैसे मामलों में जहाँ कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिये या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया।यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है

असम : चुनावी खेल में संविधान तार-तार

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा मुस्लिम विरोधी अपने बयानों के लिए अक्सर सुर्खियों में आ जाते हैं। भाजपा ने उन्हें असम में मुख्यमंत्री क्यों बनाया है और क्यों वो मोदी-शाह की आंखों के तारे बने हुए हैं, यह समझना कठिन नहीं है। हिमंता बिस्वासरमा का बस चले तो असम को वे देश का पहला हिंदू राज्य घोषित कर दें, क्योंकि बार-बार लगातार उनके बयानों में यही संदेश सामने आता है कि मुसलमानों को राज्य से बाहर किया जाए। अभी कुछ दिनों पहले हिमंता बिस्वासरमा का एक वीडियो भी काफी वायरल हुआ था, जिसमें वो मुसलमान दिख रहे लोगों पर निशाना साध रहे थे। असम की भाजपा ईकाई ने यह वीडियो जारी किया था और इसमें ऊपरी तौर पर घुसपैठियों को बाहर करने का संदेश था, लेकिन असल निशाना अल्पसंख्यक समुदाय पर ही था। और जहां तक घुसपैठियों को बाहर करने या उन पर कार्रवाई करने का सवाल है, तो यह काम भी कानून के दायरे में होना चाहिए। अगर सत्ता पर बैठा शख्स हाथ में बंदूक लेकर इंसाफ करने निकल पड़े तो फिर देश में अदालतों की जरूरत ही क्या होगी। अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट की राय इस बारे में अलग है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमंत बिस्वासरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की बेंच ने याचिकाकताओं से गुवाहाटी हाई कोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनावों से पहले ऐसे कई मामले सामने आते हैं। यह एक चलन बनता जा रहा है। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। इस बात पर कोई दो राय नहीं है कि चुनावों में विरोधी पर वार करने के लिए कई बार कानूनी लड़ाइयों का सहारा लिया जाता है। बल्कि मोदी के शासनकाल में तो जांच एजेंसियों का भी खुला इस्तेमाल होने लगा है। लेकिन असम का यह मामला कल्पना से उपजा आरोप नहीं है, बल्कि हिमंता बिस्वासरमा ने जिस तरह मुसलमान को बंदूक की नोक पर रखा है, वह बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि इसमें न केवल कानून और संवैधानिक पद की मयार्दा का मखौल उड़ाया गया है, बल्कि भारत की धर्मनिरपेक्षता के चिथड़े-चिथड़े करने की मानसिकता झलकी है। गौरतलब है कि 8 फरवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम भाजपा के एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वासरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। लेकिन कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन पॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत ने इस वीडियो को शेयर करते हुए पूछा था कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वहीं कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है।

चीन की नई कूटनीति या पुरानी चाल? भारत के लिए भरोसा या भविष्य का धोखा

दक्षिण-पश्चिमी प्रांतों में पहाड़ों के भीतर बने बड़े-बड़े बंकर, भूमिगत सुरंगें और अत्याधुनिक सुविधाएं इस ओर इशारा करती हैं कि बीजिंग अपनी दीर्घकालिक रणनीति पर चुपचाप काम कर रहा है। ऐसे समय में जब वह भारत के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने और सहयोग बढ़ाने की बात करता है, यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या चीन वास्तव में भरोसेमंद साझेदार बनना चाहता है या यह उसकी रणनीतिक नीति का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि भारत और चीन के संबंधों में विश्वास की कमी की जड़ें गहरी हैं। वर्ष 1962 में चीन द्वारा भारत पर किया गया हमला दोनों देशों के रिश्तों में एक स्थायी अविश्वास की दीवार खड़ी कर गया। उसके बाद से सीमा विवाद, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव और समय-समय पर होने वाली झड़पों ने यह स्पष्ट किया कि संबंधों में गर्मजोशी और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है। चीन ने कई बार शांति और सहयोग की बात की, लेकिन समानांतर रूप से अपनी सैन्य और सामरिक ताकत को भी बढ़ाया। चीन की विदेश नीति को समझने के लिए उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को देखना जरूरी है। वह तात्कालिक भावनाओं के बजाय दशकों आगे की योजना बनाकर चलता है। उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और विस्तार है। चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, ताइवान का मुद्दा हो या हिमालयी सीमा हर जगह उसकी नीति शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में झुकाने की रही है। ऐसे में यदि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करता है, तो यह केवल सद्भावना का परिणाम नहीं बल्कि एक सुविचारित रणनीति भी हो सकती है।

कांतिलाल मांडोत

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

हाल के वर्षों में उपग्रह तस्वीरों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह संकेत मिले हैं कि चीन अपने सामरिक ढांचे को तेजी से मजबूत कर रहा है। दक्षिण-पश्चिमी प्रांतों में पहाड़ों के भीतर बने बड़े-बड़े बंकर, भूमिगत सुरंगें और अत्याधुनिक सुविधाएं इस ओर इशारा करती हैं कि बीजिंग अपनी दीर्घकालिक रणनीति पर चुपचाप काम कर रहा है। ऐसे समय में जब वह भारत के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने और सहयोग बढ़ाने की बात करता है, यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या चीन वास्तव में भरोसेमंद साझेदार बनना चाहता है या यह उसकी रणनीतिक नीति का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि भारत और चीन के संबंधों में विश्वास की कमी की जड़ें गहरी हैं। वर्ष 1962 में चीन द्वारा भारत पर किया गया हमला दोनों देशों के रिश्तों में एक स्थायी अविश्वास की दीवार खड़ी कर गया। उसके बाद से सीमा विवाद, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव और समय-समय पर होने वाली झड़पों ने यह स्पष्ट किया कि संबंधों में गर्मजोशी और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है। चीन ने कई बार शांति और सहयोग की बात की, लेकिन समानांतर रूप से अपनी सैन्य और सामरिक ताकत को भी बढ़ाया। चीन की विदेश नीति को समझने के लिए उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को देखना जरूरी है। वह तात्कालिक भावनाओं के बजाय दशकों आगे की योजना बनाकर चलता है। उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और विस्तार है। चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, ताइवान का मुद्दा हो या हिमालयी सीमा हर जगह उसकी नीति शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में झुकाने की रही है। ऐसे में यदि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करता है, तो यह केवल सद्भावना का परिणाम नहीं बल्कि एक सुविचारित रणनीति भी हो सकती है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में चीन कई मोर्चों पर दबाव झेल रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ व्यापारिक तनाव, तकनीकी प्रतिबंध और सामरिक प्रतिस्पर्धा ने उसे नए संतुलन की तलाश में डाल दिया है। भारत एक उभरती हुई आर्थिक और सामरिक शक्ति है। एशिया में स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए भारत के साथ टकराव चीन के हित में नहीं है। इसलिए संभव है कि वह सीमित सहयोग और नियंत्रित प्रतिस्पर्धा की नीति अपनाए, ताकि वह एक साथ कई मोर्चों पर संघर्ष से बच सके। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि चीन की नीतियों में पारदर्शिता का अभाव रहा है। उसकी सैन्य तैयारियों और परमाणु ढांचे के विस्तार को लेकर अक्सर बाहरी दुनिया को सीमित जानकारी ही मिलती है। यदि उपग्रह तस्वीरों में दिखाई देने वाले निर्माण सचमुच सामरिक क्षमताओं के विस्तार का संकेत हैं, तो यह भारत सहित पूरे क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। एक ओर संवाद और व्यापार की बातें, दूसरी ओर पहाड़ों के भीतर बनते ठिकान यह दोहरी तस्वीर सहज भरोसा पैदा नहीं करती। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि वह चीन के इरादों को कैसे परखे। केवल बयानों के आधार पर विश्वास करना रणनीतिक भूल हो सकती है। भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए संवाद के द्वार खुले रखने होंगे। कूटनीति में संतुलन और सैन्य तैयारी में सतर्कता दोनों समान रूप से जरूरी हैं। चीन के साथ संबंधों को पूरी तरह टकराव की दिशा में ले जाना भी समझदारी नहीं होगी, क्योंकि दोनों देश एशिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और परस्पर निर्भरता भी बढ़ी है। चीन की नियति को समझने के लिए यह भी देखना होगा कि वह वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। उसकी बेल्ट एंड रोड पहल, तकनीकी निवेश और वैश्विक संस्थाओं में बढ़ती भूमिका इस दिशा का संकेत देती है। ऐसे में वह भारत को प्रतिस्पर्धी भी मानता है और संभावित साझेदार भी। यदि भारत उसकी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के लिए चुनौती बनता है, तो प्रतिस्पर्धा तीखी हो सकती है। लेकिन यदि भारत संतुलित और आत्मविश्वासी नीति अपनाता है, तो सहयोग के अवसर भी बन सकते हैं। भरोसे का निर्माण केवल शब्दों से नहीं, बल्कि व्यवहार से होता है। सीमा पर शांति, समझौतों का पालन और पारदर्शिता ये वे कसौटियां हैं जिन पर चीन को परखा जाएगा। यदि वह सचमुच स्थिर और सकारात्मक संबंध चाहता है, तो उसे ठोस कदम उठाने होंगे। अन्यथा, इतिहास का अनुभव यही बताता है कि रणनीतिक मित्रता के पीछे छिपी चालों को समझने में देर नहीं लगती। भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया के बजाय यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। चीन न तो पूरी तरह भरोसेमंद मित्र है और न ही अनिवार्य शत्रु। वह एक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर राष्ट्र है, जिसकी प्राथमिकता उसके अपने हित हैं। भारत के साथ उसके संबंध भी इन्हीं हितों की कसौटी पर तय होंगे। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि चीन सहयोग की राह चुनता है या प्रतिस्पर्धा और दबाव की नीति पर कायम रहता है। भारत के लिए जरूरी है कि वह सतर्कता, आत्मनिर्भरता और संतुलित कूटनीति के सहारे हर संभावित परिस्थिति के

विकास का संकल्प : ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ह्लट्रिपल इंजन सरकारह्व का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरूआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्न, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे।

ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

हवर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ह्लट्रिपल इंजन सरकारह्व का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरूआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्न, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है। ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे। परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

विवेकवान क्रांति की दहलीज पर मानवता जब क्रांति औजार नहीं, चेतना बन जाए

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

मानव सभ्यता का इतिहास क्रांतियों का इतिहास है। पत्थर के औजारों से लेकर अग्नि की खोज, कृषि क्रांति से औद्योगिक क्रांति और फिर सूचना क्रांति तक, हर चरण में मनुष्य ने प्रकृति को समझा, साधा और अपने अस्तित्व को सुरक्षित किया। इन सभी क्रांतियों में एक बात समान रही रही है वह है कि मनुष्य निर्णायक था और तकनीक साधन। लेकिन पिछले दो दशकों में जिस क्रांति ने आकार लेना शुरू किया है, वह इस ऐतिहासिक प्रवृत्ति से भिन्न है। यह केवल औजार नहीं है, यह विवेकवान, निर्णयक्षम और आत्म-अध्ययनशील है। यह न केवल मानव की सहायता कर रही है, बल्कि मानव निर्णय प्रक्रिया में हस्तक्षेप भी कर रही है। यही वह बिंदु है जहाँ आशा और भय एक-दूसरे में विलीन हो जाता है। प्रारंभिक मानव ने जब पत्थर को धार दी, तब उसने प्रकृति पर पहला सचेत हस्तक्षेप किया। यह क्रांति शारीरिक क्षमता का विस्तार थी, न कि बौद्धिक प्रतिस्थापन। कृषि क्रांति ने मानव को खानाबदोश से नागरिक बनाया। समाज, संस्कृति, परंपरा, सबका जन्म यहीं से हुआ। लेकिन निर्णय फिर भी मानव मस्तिष्क के अधीन था। भाप, मशीन और कारखानों ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन मशीनें निदेर्शों का पालन करती थीं, निर्णय नहीं लेती थीं। कंप्यूटर और इंटरनेट ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया, परंतु अब भी कंप्यूटर निर्जीव गणनाकार ही था। यह पहली बार है जब मानव ने ऐसी प्रणाली बनाई है जो स्वयं सीख सकती है। पैटर्न पहचान सकती है। भविष्य का अनुमान लगा सकती है और विकल्पों में से निर्णय सुझा सकती है, यहीं से यह क्रांति अप्रत्याशित बन जाती है। आज एल्गोरिद्म यह बता सकता है कि क्या खरीदेंगे। किस विचारधारा की ओर झुकेंगे। किससे प्रेम करेंगे और किससे भयभीत होंगे, यह केवल डेटा नहीं पढ़ता है बल्कि मानवीय व्यवहार पढ़ते हैं। जब कोई प्रणाली भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को समझने लगे, तब वह केवल तकनीक नहीं रहती है बल्कि वह मनोवैज्ञानिक शक्ति बन जाती है। आज न्यायालयों में सजा की अवधि तय करने से लेकर युद्ध में लक्ष्य चयन तक, एल्गोरिद्म सुझाव दे रहे हैं। प्रश्न यह नहीं कि वे सही हैं या गलत। प्रश्न यह है कि अंतिम निर्णय कौन ले रहा है? यदि मनुष्य केवल ह्लस्वीकृति बटनह्व बन जाए, तो क्या वह अभी भी निर्णयकर्ता है? मानव इतिहास गवाह है कि शक्ति जब भी केंद्रीकृत हुई है, उसका दुरुपयोग हुआ है। यदि विवेकवान प्रणाली सत्ता का संरक्षण करने लगे। असहमति को जोखिम माने और नैतिकता को बाधा समझे, तो परिणाम केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सभ्यतागत होंगे। मानव की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदना है। परंतु कोई भी कृत्रिम विवेक दर्द नहीं महसूस करताहै वह केवल उसका विश्लेषण करता है। फिर भी मनुष्य होना निराश होना नहीं सिखाता है। इतिहास यह भी बताता है कि हर नई शक्ति के साथ नई जिम्मेदारी आई है। हर संकट के साथ नया विवेक विकसित हुआ है। यह क्रांति भी विनाश नहीं, रूपांतरण का अवसर हो सकती है। यह क्रांति केवल तेज उत्पादन, अधिक सूचना तक सीमित नहीं है। यह शिक्षा को वैयक्तिक। चिकित्सा को सटीक और संसाधनों को न्यायपूर्ण बना सकती है। मानव संस्कृति स्थिर नहीं रही है। भाषा, कला, नैतिकता, सब समय के साथ बदले हैं। अब पहली बार परिवर्तन का प्रेरक मानव के बाहर से आ रहा है। यदि संतुलन साधा गया, तो यह प्रकृति संरक्षण, संसाधन संतुलन और वैश्विक सहयोग का माध्यम बन सकता है। सबसे बड़ा भय यह नहीं है कि तकनीक शक्तिशाली हो जाएगी। सबसे बड़ा भय यह है कि मनुष्य आलसी, आश्रित और वैचारिक रूप से निष्क्रिय हो जाएगा। जिस दिन मानव ने प्रश्न पूछना छोड़ दिया। असहमति से डरने लगा और निर्णय टालने लगा, उस दिन विकल्प बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। समाधान तकनीक को रोकना नहीं है। समाधान है नैतिक सीमाएँ, मानवीय निगरानी और उत्तरदायित्व आधारित विकास, इसलिए तकनीक को सहचर बनाया जाए, स्वामी नहीं। यह क्रांति द्वार पर नहीं, भीतर प्रवेश कर रही है। यह सोचने, चुनने और मूल्यांकन करने के तरीके को बदल रही है। यदि विवेक को जीवित रखें। करुणा को प्राथमिकता दें और उत्तरदायित्व से पीछे न हटें, तो यह क्रांति मानवता की सबसे महान उपलब्धि बन सकती है। अन्यथा इतिहास में पहली बार मनुष्य स्वयं अपने द्वारा निर्मित व्यवस्था में अप्रासंगिक हो सकता है।

फाइलेरिया उन्मूलनः डीएम ने की 'सर्वजन दवा सेवन' की समीक्षा, सुस्त रफ्तार पर जताई नाराजगी

- लक्ष्य से पीछे रहने वाले प्रखंडों को चेतावनी; शत-प्रतिशत कवरेज के लिए जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में चलाए जा रहे ह्लसर्वजन दवा सेवन कार्यक्रमह्व की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने बुधवार देर शाम उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। अभियान की वर्तमान स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपलब्धि पर नाराजगी और कड़े निर्देशः समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 10 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत जिले में अब तक लक्षित आयु वर्ग के मात्र 35 प्रतिशत लोगों को ही दवा खिलाई जा सकी है। विशेष रूप से छपरा शहरी क्षेत्र, एकमा, मढ़ौरा और मशरख में दवा सेवन की उपलब्धि 30 प्रतिशत से भी कम पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को माइक्रो प्लान के अनुरूप प्रतिदिन कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया।

इवनिंग ब्रीफिंग और जवाबदेही तयः रणनीति को धार देते हुए जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिदिन शाम को अनिवार्य रूप से बीएलटीएफ की बैठक और इवनिंग ब्रीफिंग आयोजित करें। और दिन भर की कमियों को चिन्हित कर अगले दिन की कार्ययोजना में सुधार किया जाए। प्रगति की रिपोर्टिंग समयबद्ध और विधिवत तरीके से पोर्टल पर अपलोड की जाए।

सामुदायिक सहयोग और जागरूकताः जिलाधिकारी ने जोर दिया कि आशा, सेविका और सहायिका के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो। उन्होंने ह्यरिफ्यूजलह्व (दवा लेने से मना करने) के मामलों पर त्वरित संज्ञान लेने और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जीविका दीदियों के सहयोग से लोगों को प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने पुनः दोहराया कि फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है और गंभीर बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है। इस बैठक में सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

आरटीई के तहत सारण के 48 निजी स्कूलों को ट्यूशन फीस भुगतान की मिली मंजूरी

- जाँच में दोषी पाए गए दो विद्यालयों का क्लेम खारिज, जिलाधिकारी ने नियमों के उल्लंघन पर कड़ा रुख

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले के निजी विद्यालयों में नामांकित कमजोर एवं अलाभकारी समूह के बच्चों की शिक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में 48 निजी विद्यालयों के लंबित ट्यूशन फीस क्लेम के भुगतान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह भुगतान शैक्षणिक सत्र 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि के लिए किया जाएगा।

जाँच रिपोर्ट के आधार पर निर्णयः बैठक में जानकारी दी गई कि कुल 50 विद्यालयों के दावों की जाँच जिला एवं अनुमंडल स्तर के वरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। जाँच के दौरान 48 विद्यालयों की प्रक्रिया अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पाई गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा पात्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें पारदर्शिता अनिवार्य है।

दो स्कूलों पर गिरी गाज, क्लेम अस्वीकृतः समीक्षा के दौरान पाया गया कि दो विद्यालयों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से ट्यूशन फीस, पोशाक और पुस्तकों की राशि वसूली थी। अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के विरुद्ध कार्य करने के कारण इन दोनों विद्यालयों के क्लेम को तत्काल प्रभाव से अस्वीकृत कर दिया गया।

नियमों की सख्ती से पालना का निर्देशः जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिक्षा के अधिकार के तहत नामांकित बच्चों को विद्यालय द्वारा निःशुल्क पोशाक एवं पुस्तकें अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। निजी विद्यालय केवल ट्यूशन फीस के भुगतान का क्लेम सरकार से कर सकते हैं। 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी रखी जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन के इस कदम से जहाँ एक ओर नियमों का पालन करने वाले विद्यालयों को बकाया राशि मिलेगी, वहीं मनमानी करने वाले संस्थानों के लिए यह एक कड़ी चेतावनी है।

संक्षिप्त खबरें

अभी तक हजारों की संख्या में टीबी मुक्त हुए मरीजः डीपीसी

जिला यक्ष्मा विभाग के डीपीसी हिमांशु शेखर ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से विगत कई वर्षों से पौष्टिक आहार के रूप में फूड पैकेट का वितरण किया जाता है। जिस कारण सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों की संख्या में मरीज पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने कार्यों को पूरा कर रहे हैं। टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान बेहतर पोषण के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रति माह डीबीटी के माध्यम से मरीजों को सरकार के द्वारा लाभान्वित किया जाता है। ताकि मरीजों को पौष्टिक आहार खाने के लिए सहायता हो सकें। हालांकि टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए किसी आम व्यक्ति, निजी अस्पतालों एवं निजी चिकित्सकों को टीबी रोगियों की जानकारी देने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। साथ ही टीबी रोगियों की पहचान के लिए सदर अस्पताल में बलगम जांच एवं उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है।

महिला की मौत को लेकर बहन ने दर्ज कराई प्राथमिकी

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के पिरारी में पिछले दिनों एक महिला का शव बरामदगी मामले में नया मोड़ आ गया है।महिला नीमा देवी की हत्या लोन चुकाने के विवाद में गला दबा कर की गई थी।बता दें कि विगत 13 फरवरी को पिरारी में एक महिला का शव खेत से पुलिस ने बरामद की थी।इस संबंध में मृतका की बहन भेलदी थाना क्षेत्र के कोरया बाजार निवासी ममता देवी ने डेरनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि उसकी बहन नीमा के नाम पर ससुराल वाले महिला समूह से एक लाख रुपए लोन लिए थे।उसी के किस्त भुगतान को लेकर आपस में विवाद हुआ।इसके बाद ससुराल वालों ने नीमा की गला दबा कर हत्या कर दी और शव को खेत में फेंक दिया।मृतका की बहन द्वारा दर्ज प्राथमिकी में पति सुरेश महतो,ससुर रामनरेश महतो,सास सुमित्रा देवी सहित सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद नए सिरे से अनुसंधान शुरू कर दिया है।विदित हो कि घटना के समय से ही मृतका के परिजन फरार हो गए है।

डेढ़ साल पूर्व अपहरण के मामले में दो गिरफ्तार

पानापुर (सारण)आज से करीब डेढ़ साल पहले थाना क्षेत्र के बिजौली गांव से अपहृत एक युवक के मामले में नामजद दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त बिजौली गांव निवासी धर्मेंद्र राम एवं करचोलिया गांव निवासी राजेश राम बताये जाते हैं।मालूम हो कि बिजौली गांव निवासी संवारी देवी ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसमें कहा था कि मेरा 25 वर्षीय पुत्र संजय नट करचोलिया गांव निवासी राजेश राम के साथ शिमला कमाने गया था। वापस आने के बाद वह दुबारा शिमला नहीं जाना चाहता था और राजेश राम का बकाया तीन हजार रुपए लौटाने की बात कह रहा था।आरोपित उसपर शिमला चलने का लगातार दबाव डाल रहे थे।इस बीच एक सितंबर 2024 की दोपहर बिजौली गांव निवासी धर्मेंद्र राम, करचोलिया गांव निवासी राजेश राम, सतजोड़ा गांव निवासी छोटेनलाल महतो एवं प्रसाद महतो मेरे पुत्र के साथ मारपीट किये एवं उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले गए जिसका आज तक पता नहीं चल पाया है।

रूडी की पहल पर एनएच-31 (पूर्व एनएच-19) के ब्लैक स्पॉट सुधार हेतु डीपीआर अंतिम चरण में

- छपरा-हाजीपुर (एनएच-31) फोरलेन परियोजना के ब्लैक स्पॉट्स पर एनएचएआई की कार्रवाई
- आरा-छपरा पुल, अवतार नगर, नयागांव, कुशवाहा चौक सहित कई स्थानों पर वाईयूपी /आरओबी फ्लाईओवर प्रस्तावित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । जनहित और सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास संकल्प के साथ सक्रिय हस्तक्षेप करने वाले सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद राजीव प्रताप रूडी की पहल पर National Highways Authority of India (NHAI), क्षेत्रीय कार्यालय पटना ने NH-31 (पूर्व NH-19) के छपरा-हाजीपुर फोरलेन खंड पर उभर रहे ब्लैक स्पॉट, ROB, VUP तथा अन्य सुरक्षा संबंधी मांगों पर विस्तृत स्थिति स्पष्ट की है। सांसद कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी दी गई। सांसद को दी गई जानकारी में NHAI ने स्वीकार किया है कि वर्ष 2007-08 में तैयार की गई मूल परियोजना के समय संबंधित क्षेत्रों में आबादी कम थी, जिसके कारण कई स्थानों पर ग्रेड सेपरेटेड संरचनाओं का प्रावधान नहीं किया गया था। किंतु पिछले वर्षों में बढ़ती आबादी एवं यातायात दबाव के कारण कई स्थान दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। सांसद द्वारा विभिन्न बैठकों, दिशा समिति तथा पत्राचार के माध्यम से इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब मंत्रालय द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा चिन्हित स्थलों के लिए अलग DPR तैयार की जा रही है। NHAI ने सांसद रुडी को बताया है कि आरा-छपरा पुल क्षेत्र में श्वढ एवं इंटरचेंज आर्म, अवतार नगर में LVUP, नयागांव, कुशवाहा चौक, दूधेला मोड़, मेथवलिया चौक सहित कई स्थलों पर अंडरपास/फ्लाईओवर/स्लिप रोड का प्रावधान DPR में शामिल किया गया है। सभी DPR उन्नत अवस्था में हैं तथा शीघ्र ही अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजे जाने की संभावना है। विशुनपुरा क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के संदर्भ में NHAI ने सांसद रुडी को बताया है कि प्रस्तावित रेलवे लाइन के कारण वहाँ ROB का निर्माण रेलवे द्वारा किया जाएगा तथा उसके साथ दोनों ओर वायाडक्ट एवं लगभग 1000 मीटर सर्विस रोड का प्रावधान किया जा रहा है, जिससे आवागमन सुरक्षित होगा। इसके अतिरिक्त अल्पकालिक सुरक्षा उपाय एवं जंक्शन सुधार भी किए जाएंगे। सांसद रुडी ने कहा कि छपरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता है तथा स्वीकृत सभी संरचनाओं का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित एजेंसियों से सतत समन्वय जारी रहेगा।

नगर निगम में पूर्व के 5 वर्षों की अनियमितताओं पर विधायक का कड़ा रुख

- उच्चस्तरीय जाँच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा विधायक छोटी कुमारी ने नगर निगम के पिछले पाँच वर्षों के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों में व्याप्त भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए शहर की वर्तमान बदहाल स्थिति के लिए जिम्मेदार पूर्व मेयरों व पदाधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जाँच की मांग की है।

विधायक छोटी कुमारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले पाँच वर्षों में कुछ पूर्व मेयरों ने स्वयं को ह्यविकास पुरुष और मसीहा बताकर केवल अपनी छवि चमकाने का कार्य किया, जबकि धरातल पर सड़क, नाला और जलनिकासी व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर होती गई। शहर के विकास के नाम पर अरबों रुपये का बजट खर्च दिखाया गया, फिर भी आज शहर नरकीय स्थिति में जीने को मजबूर है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विकास कार्यों पर इतना बड़ा बजट व्यय हुआ, तो फिर शहर में जलजमाव, टूटी सड़कें, गंदगी और अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है?

विधायक ने कहा कि अक्सर जनता बुनियादी सुविधाओं के अभाव के लिए सांसद, विधायक को कटघरे में खड़ा करती है, जबकि नगर निगम के भीतर बैठकर भ्रष्टाचार करने वाले लोग पर्दे के पीछे छिपे रहते हैं। अब समय आ गया है कि उन वास्तविक चेहरों को बेनकाब किया जाए जिन्होंने छपरा की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।

उन्होंने पिछले पाँच वर्षों के दौरान स्वीकृत एवं पूर्ण किए गए सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जाँच और विस्तृत वित्तीय ऑडिट कराने की मांग की है, साथ ही दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

विधायक छोटी कुमारी ने स्पष्ट किया कि जनता के पैसे की एक-एक पाई का हिसाब लिया जाएगा और छपरा शहर के समुचित विकास के लिए पारदर्शिता एवं जवाबदेही हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

जीएभी पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट और गाइड के 'प्रथम सोपान' प्रशिक्षण शिविर का हुआ शंखनाद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा (सारण)। छपरा शहर स्थित जी.ए.भी. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भारत स्काउट और गाइड सारण के तत्वावधान में पांच दिवसीय ह्यप्रथम सोपानह्व प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह शिविर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) के पत्र के आलोक में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अनुशासन, सेवा और स्वावलंबन के गुणों को विकसित करना है। शिविर का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन सिंह ने कहा कि स्काउटिंग की शिक्षा विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक बनाती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण जीवन की चुनौतियों से लड़ने का साहस प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षक प्रणव सिंह,नोडल शिक्षक सोहन तिवारी और नोडल शिक्षिका खुशबू सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर के प्रथम चरण में स्काउट्स और गाइड्स को संगठन के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना और झंडा शिष्टाचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों को टोली विधि के माध्यम से टीम वर्क का महत्व समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। नोडल शिक्षकों ने बताया कि अगले दो दिनों में प्रशिक्षुओं को गांठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा,टेंट बंधना, आत्म रक्षा के गुर और बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

निक्षय मित्र योजनाः डॉ अंजू सिंह ने छपरा के 35 जबकि एकमा के 20 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट का किया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संचालिका डॉ अंजू सिंह के द्वारा विगत कई वर्षों से छपरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों सहित एकमा प्रखंड से टीबी रोगियों के बीच पोषाहार का वितरण करते आ रहीं हैं। क्योंकि यह शहर ही नही बल्कि यूपी के जौनपुर में भी टीबी मरीजों को गोद लेकर सतत प्रयत्न शील संस्था के रूप में कार्य करते आ रहीं हैं। साथ ही टीबी मरीजों को संस्था की ओर से जागरूक भी किया जाता है।

इसी कड़ी में स्थानीय कार्यालय में नगर निगम क्षेत्र के लगभग 35 जबकि एकमा स्थित अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में गोद लिए गए लगभग 20 टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार वितरण किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल के अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्था के द्वारा निक्षय मित्र बन कर रोगियों को तंदुरुस्त करने का काम किया जाता है, जिस कारण समाज में एक अलग पहचान बनी हुई है।

निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहलः डॉ अंजू सिंह ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक डॉ अंजू सिंह ने उपस्थित आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहल है। जिससे टीबी रोगियों की उपचार में सहायता मिलती हैं। क्योंकि इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें पूरी होती हैं। इससे आमजन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कदम बढ़ाकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा छपरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों की 35 टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरण समारोह के दौरान सदर अस्पताल के अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र प्रसाद सिन्हा, यक्ष्मा विभाग के डीपीसी हिमांशु शेखर, वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मणि शाही, प्रीति शाही, सलमा खातून सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जबकि अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 20 टीबी रोगियों के बीच वितरण समारोह में धर्मेंद्र रस्तोगी, शिक्षिका मनोरमा कुमारी, राजीव सिंह, सद्दाम हुसैन सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

खैरा थाना में 14 लीटर अंग्रेजी शराब का किया विनिष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। खैरा थाना परिसर में गुरुवार को विभिन्न मामलों में जब्त की गई करीब 14 लीटर 220 एमएल अंग्रेजी शराब का विधिवत विनिष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दंडाधिकारी की देखरेख में संपन्न हुई। विनिष्टीकरण के दौरान नगरा के अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार, खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान, पुलिस पदाधिकारी नागेन्द्र कुमार, जावेद इकबाल, शत्रुघ्न प्रसाद यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। खैरा थानाध्यक्ष ने बताया कि मद्य निषेध कानून के तहत जब्त की गई शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

9 वारंटी सहित 56 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा ग्रामीण। सारण जिले में विभिन्न थानों की पुलिस ने विभिन्न मामलों के 9 वारंटी सहित 56 अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक विनित कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, विक्री, भंडारण, निर्माण एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 56 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें शराब सेवन में 22 अभियुक्त, शराब कारोबार में 10 अभियुक्त, वारंट में 9 अभियुक्त, हत्या के प्रयास में 5 अभियुक्त, अपहरण में 3 अभियुक्त, जुआ अधिनियम में 4 अभियुक्त एवं चोरी में 3 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 73 वाहनों से 2,08,000 (दो लाख आठ हजार) रूपया जुमार्ना राशि वसूली गई।

सारण में 32 आर्म्स लाइसेंस रद्दः डीएम ने जारी किया आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला दंडाधिकारी ने एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए जिले के 32 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई पूरी तरह से विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत की गई है। बता दें कि यह आदेश जिलाधिकारी द्वारा मनमाने ढंग से नहीं, बल्कि स्वयं अनुज्ञप्तिधारियों या उनके परिजनों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर लिया गया है। जिसमें अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु हो जाना, अत्यधिक वृद्धावस्था के कारण शस्त्र संभालने में असमर्थता, गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ एवं स्वेच्छा से शस्त्र त्यागने का व्यक्तिगत निर्णय आदि शामिल है। जिलाधिकारी ने आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन लाइसेंसों को रद्द किया है। संबंधित व्यक्तियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने शस्त्र और अनुज्ञप्ति पुस्तिका को अविलंब संबंधित थाने या मालखाने में जमा कराएं।

शराब के साथ महिला गिरफ्तार

परसा । स्थानीय थाना क्षेत्र के मारर गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए आलू के खेत में छुपाकर रखे 2 लीटर देशी शराब के साथ एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम नियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया. गिरफ्तार महिला शराब तस्कर मारर गांव निवासी कामेश्वर माझी उर्फ ढेला माझी की लालपरी देवी बताई जाती है।

फ्लाईओवर के जाम और धूल ने छीनी शहर की सांसें, विधायक ने की जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । छपरा विधायक छोटी कुमारी ने सदन में शून्यकाल के माध्यम से डबल डेकर फ्लाईओवर निर्माण में हो रही अत्यधिक देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि 8 वर्षों का लंबा समय बीत जाने के बाद भी काम अधूरा रहना विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। छात्रों और मरीजों की बढ़ी मुसीबतः विधायक ने सदन को अवगत कराया कि निर्माण कार्य की वजह से स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुँचने में भारी कठिनाई हो रही है। एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन जाम में फंसे रहते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। जांच की मांग की है।विधायक छोटी कुमारी ने सरकार से अपील की कि इस विलंब के पीछे के कारणों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई और समय की बबार्दी के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

अब पति भी निभाएंगे जिम्मेदारी, सास-बहू मिलकर लेंगी समझदारी का फैसला

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, स्वस्थ अंतराल और संतुलित परिवार के उद्देश्य से 23 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक जिले में ह्लमिशन परिवार विकास अभियानह्व चलाया जायेगा। इस अभियान को इस बार विशेष रूप से पुरुषों की भागीदारी और सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने पर केंद्रित होगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जब परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी न रहकर पूरे परिवार का साझा निर्णय बनेगा, तभी इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक कुमार गौरव (भा.प्र.से.) ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

पुरुषों की भागीदारी पर विशेष जोरः अभियान के दौरान पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पंचायत स्तर पर पुरुष समूह बैठकें, चौपाल संवाद और प्रेरक सत्र आयोजित कर यह बताया जाए कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। पुरुष नसबंदी एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, जिसमें अस्पताल में कम समय लगता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकता है। इसके बावजूद सामाजिक संकोच और भ्रांतियों के कारण पुरुष सहभागिता अपेक्षाकृत कम रही है। अभियान के तहत इन भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक और काउंसलर ग्रामीण स्तर तक संवाद करेंगे। इसके साथ ही जिन पुरुषों ने स्वेच्छा से नसबंदी कराई है, उन्हें ह्लपरिवार नियोजन प्रेरकह्व के रूप में आगे लाकर अन्य लोगों को प्रेरित किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि की समयबद्ध भुगतान व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

सास-बहू सम्मेलन से आयेगी समुदाय में बदलावः ग्रामीण और शहरी समुदायों में निर्णय प्रक्रिया में सास की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसे ध्यान में रखते हुए ह्लसास-बहू सम्मेलनह्व आयोजित किए जाएंगे, जहां सही उम्र में विवाह, पहले बच्चे में दो वर्ष का अंतर और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने के महत्व पर चर्चा होगी। इन सम्मेलनों में आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियां मिलकर संवाद स्थापित करेंगी। नई पहल किट के माध्यम से गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी दी जाएगी और शंकाओं का समाधान किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य पीढ़ियों के बीच संवाद बढ़ाना है, ताकि परिवार नियोजन को लेकर घर के भीतर सकारात्मक वातावरण बन सके।

घर-घर संपर्क और पूर्व पंजीयनः 23 फरवरी से 05 मार्च तक दम्पत्ति संपर्क सप्ताह के दौरान आशा और एएनएम घर-घर जाकर योग्य दम्पत्तियों की पहचान कर पूर्व पंजीयन करेंगी। Community Need Assessment के आधार पर स्थायी और अस्थायी साधनों की जानकारी दी जाएगी। 06 मार्च से 20 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा के तहत सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बंध्याकरण, कवउऊ अंतरा इंजेक्शन, कंडोम, माला-एन एवं अन्य साधन उपलब्ध रहेंगे। Fixed Day Service (FDS) के तहत निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जनजागरूकता के विविध माध्यमः अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए ई-रिक्शा जागरूकता रथ, पंचायत स्तरीय बैठकें, युवा क्लबों की भागीदारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा। स्वास्थ्य मेले के माध्यम से भी लोगों को सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

प्रो विजय कुमार सिंह बने पीजी गणित विभागाध्यक्ष

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. विजय सिंह को पीजी गणित विभाग का नया विभागाध्यक्ष (एचओडी) नियुक्त किया है। उन्हें अगले तीन वर्षों अथवा सेवानिवृत होने तक के लिए बनाया गया है। प्रोफेसर सिंह को गणित विभाग के वरीय प्रोफेसर है।उनकी नियुक्ति से विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।प्रो. विजय सिंह लंबे समय से विश्वविद्यालय में गणित विषय के प्रख्यात प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। प्रो गुरु दयाल सिंह वर्तमान में गणित विभाग अध्यक्ष है उनके स्थान लेंगे प्रो विजय कुमार सिंह विभाग अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रो संजय सिंह, प्रो कुंदन सिंह, डॉ आदित्य कुमार आनन्द, डॉ मिथिलेश कुमार गिरी, डॉ दीपक मांझी ने भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

आज मेंटेनेंस के कारण बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

सहार। विद्युत विभाग की ओर से जानकारी दी गई है लाइन के मेंटेनेंस कार्य के कारण आज शुक्रवार को बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे से शाम 03 बजे तक लाइन बंद रखी जाएगी।इस दौरान संबंधित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि मेंटेनेंस अवधि के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

सहार में 25 फरवरी को रोजगार मेला का होगा आयोजन

आरा। सहार में 25 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।जिला नियोजनालय भोजपुर द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पदों पर सीधी भर्ती के लिए 25 फरवरी को सहार प्रखंड परिसर में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती शिविर एसआईएस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से आयोजित होगा।चयनित अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाएगा। ईस संबंध में अधिक से अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

बिहिया में 20 फरवरी को लगेगा भोजपुर एसपी का जनता दरबार

बिहिया। थाना परिसर बिहिया में 20 फरवरी को भोजपुर एसपी का जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां लोग सीधे अपनी समस्याएं एसपी के सामने रख सकेंगे और उसका समाधान पा सकेंगे. स्थानीय पुलिस द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर पहुंचकर अपनी शिकायतें लिखित आवेदन के साथ जनता दरबार में प्रस्तुत करें. जनता दरबार में आवेदक जमीन विवाद, अपराधिक मामलों, लंबित शिकायतों तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को रख सकते हैं जहां उन पर सुनवाई की जाएगी।

शाहपुर में 22 फरवरी को जदयू प्रखंड अध्यक्ष का होगा चुनाव

जदयू ।का संगठन चुनाव 2026 की तैयारी शुरू कर दी गई है। भोजपुर जिले के 14 प्रखंडों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव होने वाली है। 20 फरवरी से 23 फरवरी के बीच सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कर लिया जाएगा। जदयू जिला निर्वाचन पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गई।शाहपुर प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव 22 फरवरी को शाहपुर बीस सूत्री कार्यालय में होगी। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव पर्यवेक्षक झूलन गोद की देखरेख में कराई जाएगी। अभी वर्तमान में हीरालाल गुप्ता शाहपुर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष है। 20 फरवरी को बड़हरा और 23 फरवरी को पीरो और आरा ग्रामीण का चुनाव कराया जाएगा। 22 फरवरी को शाहपुर जदयू प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कराई जाएगी।

आरडीसी-2026 में गया के कैडेट राज रतन का शानदार प्रदर्शन

गयाजी ।26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित रिपब्लिक डे कैंप में गया का प्रतिनिधित्व करने वाले 27 बिहार बटालियन के एनसीसी कैडेट राज रतन ने आरडी परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें दिल्ली में सम्मानित किया गया तथा बिहार लौटने पर राज्यपाल द्वारा भी पुरस्कृत किया गया।इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 27 बिहार बटालियन के परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोहित चौहान ने कैडेट राज रतन को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज रतन की सफलता अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर ऑनरेरी कैप्टन आरबी शर्मा, सुबेदार अभिरंजन, सभी पीआई स्टाफ एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

जनवरी में जन्मी 53 बेटियां, 42 को मिला कन्या रत्न सम्मान योजना का लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

तरारी (भोजपुर)। तरारी प्रखण्ड में गुरूवार को जनवरी माह में जन्मी कुल 53 कन्याओं में से 42 नवजात बेटियों को प्रखंड प्रशासन की पहल पर कन्या रत्न सम्मान योजना के तहत योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुन्दन कुमार तथा प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अभयकान्त चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लाभुक परिवारों को प्रमाण-पत्र एवं योजना से संबंधित सहायता दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन मिले और समाज में सकारात्मक संदेश जाए। कार्यक्रम के दौरान तरारी की सीडीपीओ (CDPO) समेत कई अन्य पदाधिकारी व प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दें तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस पहल से क्षेत्र में बेटियों के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना को बल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला जूनोटिक समिति की बैठक आयोजित की गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता (आपदा) की अध्यक्षता में अवियन इन्फ्लुएंजा (H5N1) के संदर्भ में जिला जूनोटिक समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जारी एडवाइजरी के आलोक में जिले की वर्तमान स्थिति, सतर्कता एवं एहतियाती उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि भोजपुर जिले में अब तक किसी भी प्रकार की असामान्य पक्षी मृत्यु अथवा मानव संक्रमण की कोई पुष्टि नहीं हुई है।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (ILI), एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (ARI) एवं सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (SARI) मामलों की सुदृढ़ निगरानी एवं दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। संभावित आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम (RRT) को पूर्णतः सक्रिय रखा गया है।पशुपालन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की असामान्य पक्षी मृत्यु की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दी जाए।बैठक में आम जनमानस से अपील की गई कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है तथा एहतियातन सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (ACMO), जिला महामारी विशेषज्ञ, पशुपालन विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ सागर को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रसिद्ध बॉलीवुड गीतकार डॉ. सागर ने अपनी पटना और सासाराम यात्रा के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने जीवन-संघर्ष, शिक्षा-यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छोटे शहर से निकलकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय तक की शैक्षिक यात्रा तथा मुंबई में स्थापित होने के संघर्ष को साझा किया।इस अवसर पर जेएनयू के उनके पुराने और नए सहकर्मी, साथ पढ़े मित्र और अनेक प्रशंसक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय कबीर मुसाफिर बैठा, अभय, शालिनी, हंसराज, उजाला जी, नीलांबुज, नैना, सौरभ, रोहित , डॉ मुकेश कुमार,अनिल सर तथा प्रो. के. के. सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।एस पी जैन कॉलेज में डॉ. सागर ने युवाओं को संदेश दिया कि समर्पण, परिश्रम और गुरुजनों के मार्गदर्शन से किसी भी छोटे शहर से निकलकर बड़े मुकाम तक पहुँचा जा सकता है। डॉ साधना रावत और प्रो नवीन कुमार ने उनका स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन किया।

दुलौर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ 21 फरवरी से, तपोमूर्ति संत श्री सुन्दर महाराज व श्री पद्मनाभ स्वामी के सानिध्य में होगा प्रवचन

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर। प्रखंड क्षेत्र के NH 319 पर दुलौर गांव स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल परिसर में आयोजित होने वाले श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान 21 फरवरी से शुरू होकर 1 मार्च तक चलेगा। महायज्ञ को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें तपोमूर्ति संत श्री सुन्दर महाराज जी एवं श्री पद्मनाभ स्वामी जी (श्री गोपाल गौ सेवा संस्थान) के सानिध्य में श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश प्राप्त होगा। वहीं वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पं. शिवशंकर तिवारी जी श्रीराम कथा एवं भक्ति प्रवचन का रसपान कराएंगे। बड़े संतों के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।कार्यक्रम की शुरूआत 21 फरवरी (शनिवार) को जलभरी एवं भव्य शोभायात्रा से होगी। 22 फरवरी (रविवार) को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं जलाधिवास का आयोजन किया जाएगा। 27 फरवरी (शुक्रवार) को नगर भ्रमण, 28 फरवरी (शनिवार) को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा तथा 1 मार्च (रविवार) को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा।आयोजन की देखरेख राजेंद्र हॉस्पिटल के प्रबंधक सह कार्यक्रम व्यवस्थापक डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिसे देखते हुए व्यापक तैयारी की जा रही है।आयोजन समिति के सदस्य मुन्ना विनायक सिंह, राजू सिंह, नारायण जी सिंह, पप्पू सिंह, विशाल, गोलू, लव जी ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

चरपोखरी में आयोजित हुआ कन्या रत्न सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायती राज भवन में गुरुवार को बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव कन्या रत्न समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीडीओ मोनिका कुमारी और सीएचसी प्रभारी सुशांत कुमार गुप्ता द्वारा नवजात कन्या शिशुओं एवं उनके माताओं को बेबी किट देकर सम्मानित किया गया।साथ ही बेटियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित परिजनों को दिया गया। इस मौके पर बीडीओ मोनिका कुमारी ने कहा कि आज हर परिवार को अपनी बच्चियों को आगे बढ़ाना चाहिए आज हमारी बच्चीया हर क्षेत्र में आगे है लोगों को अपनी बच्चियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ उनका आत्मरक्षा के लिए भी प्रशिक्षित करना चाहिए।समारोह में सीएचसी प्रभारी अभिषेक कुमार,जीविका बीपीएम अम्बरीष कुमार, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी ऋषिका कुमारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थें।

छात्र संघ चुनाव लेकर तैयारी शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नूतन परिसर में 24 फरवरी को छात्र संघ चुनाव पर विचार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक दोपहर2 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न छात्र संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित होकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वे छात्र संघ चुनाव के संबंध में लिखित प्रस्ताव भी सौंपेंगे, ताकि सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श कर ठोस एवं सर्वसम्मत निर्णय लिया जा सके। बैठक का उद्देश्य छात्र संघ चुनाव की रूपरेखा, समय-सारिणी, आचार संहिता तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा करना है। लंबे समय से छात्र संगठनों द्वारा चुनाव कराने की मांग की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह पहल की है। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।इस महत्वपूर्ण बैठक में कुलसचिव, कॉलेज विकास परिषद के समन्वयक, कुलानुशासक,और छात्र कल्याण के अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि संस्थान छात्र हितों को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाना चाहता है।छात्र संगठनों के पदाधिकारियों का मानना है कि छात्र संघ चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे छात्रों को अपनी नेतृत्व क्षमता विकसित करने और संस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलता है। बैठक के बाद चुनाव की तिथि और प्रक्रिया को लेकर आधिकारिक घोषणा की संभावना जताई जा रही है।छात्र समुदाय इस बैठक को लेकर उत्साहित है और उम्मीद कर रहा है कि सकारात्मक निर्णय लेकर जल्द ही छात्र संघ चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

साहित्य के बदलने के साथ बदलता है उसका इतिहास : प्रो. प्रभाकर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया। समाज में परिवर्तन के साथ साहित्य के स्वरूप में भी बदलाव आता है। इस प्रकार उसके इतिहास को देखने की दृष्टियां भी बदलती जाती हैं। औपनिवेशिक, नवजागरण, मार्क्सवादी और सबाल्टर्न अथवा हाशिए के विमर्श जैसी प्रमुख दृष्टियों ने समय के साथ साहित्य के इतिहास को गढ़ा है। लोक का अपना इतिहास भी है जिसे मुख्य धारा में ले आना अब भी चुनौती बना हुआ है। यह बातें हिन्दी एवं मगही विभाग, मगध विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को हिन्दी भवन के प्रेमचंद सभागार में आयोजित साहित्य और साहित्येतिहास का अंतसंबंध विषयक विशेष व्याख्यान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. प्रभाकर सिंह ने कही है। प्रभाकर ने गारसादतासी और ग्रियर्सन द्वारा लिखे हिन्दी साहित्य के आरंभिक एवं औपनिवेशिक इतिहासों का उल्लेख किया है। रामविलास शर्मा, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा नवजागरणकालीन और स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से प्रेरित इतिहासों को भी रेखांकित किया है। मुक्तिबोध, शिवदान सिंह चौहान और नामवर सिंह के मार्क्सवादी इतिहास तथा वैश्वीकरण के दौर में ओम प्रकाश वाल्मीकि और प्रो. तुलसीराम द्वारा उल्लिखित दलित सौंदर्यशास्त्र तथा उषा राजे द्वारा रचित हिंदी साहित्य के आधा इतिहास पर भी चर्चा की है। विद्यार्थियों ने एलजीबीटीक्यूप्लस विमर्शों पर सवाल किए हैं। स्वागत वक्तव्य में डॉ. आनन्द कुमार सिंह ने प्रभाकर जी के सृजन पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को प्रश्नाकुल होने को प्रेरित किया है। डॉ. अनुज कुमार तरुण ने आभार ज्ञापन किया। जेआरएफ शोधार्थी सुशीला ने मंच संचालन किया। डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. अम्बे कुमारी, डॉ. पौलटी कुमारी के अतिरिक्त शुभम, अभिषेक, सोनाली, सोनाली कुमारी, चंदन आदि शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे हैं।

दोघरा गांव में हो रहे श्री विष्णु महायज्ञ पूर्णावती के साथ समापन हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

बिहिया प्रखंड क्षेत्र के तोहरा गांव में पांच दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का आज गुरुवार को भव्य भंडारा और साधु महात्माओं को दक्षिणा देने के बाद यज्ञ का विधिवत समापन किया गया। भंडारा कार्यक्रम में बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड किस श्रद्धालु शामिल हुए। 15 फरवरी को जलपरी कल शोभा यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ किया गया था और आज 19 फरवरी को भंडारा के साथ यह का समापन किया गया। संत श्री देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज के सानिध्य में पांच दिवसीय का आयोजन किया गया था। पांच दिवसीय यज्ञ के दौरान वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों द्वारा रामलीला और रासलीला की प्रस्तुति की गई थी। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं। याद स्थल के पास एक मेले का भी आयोजन किया गया है जहां बच्चे खिलौने तो महिलाएं सिंगर की सामग्री खरीददारी करती नजर आई।

शहर में जाम कि समस्या का बडा कारण बाहरी टोटो

●बाहरी लोगों को बाहरी टोटो बंद नही होने से दिक्कत

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गया शहर में जाम की समस्या मे आम जनता पेरशानी करनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा जाम से मरिजो और बिमार व्यक्ति को काफी दिक्कत हो रही है। इस पर नगर परिवहन विभाग और यातयात प्रशासन द्वारा कोई टोटो की चेकिग नही होने से काफी दिक्कत हो रही है। महिलाओं को काफी दिक्कत हो रही है महिलाओं के साथ बाहरी बिहार शरिफ से आकर गया मे टोटो चालक चला रहे हैं लेकिन करवाई होनी चाहिए।मेट्रीक परिक्षा में सम्मिलित परिक्षार्थियों को मनमानी वसुलना का डर है। इसपर करवाई होनी चाहिए।

संचालित वृद्धजनों से संबंधित योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी है

●बुनियाद केन्द्र द्वारा संचालित मोबाईल थेरेपी वैन की सुविधा उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। जिला पदाधिकारी, गया के आदेश के आलोक में गया जिला अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्डों में एक चयनित स्थल यथा- प्रखण्ड परिसर ,पंचायत भवन, बुनियाद केन्द्रों में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित वृद्धजनों से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों की जानकारी तथा बुनियाद केन्द्र द्वारा संचालित मोबाईल थेरेपी वैन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु दिनांक 17.02.2026 से 17.03.2026 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 17.02.2026 को बेलागंज प्रखण्ड अंतर्गत बुनियाद केन्द्र, बेलागंज में उक्त शिविर का आयोजन किया गया है। दिनांक 18.02.2026 को मानपुर प्रखंड अंतर्गत बुनियाद केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आये 50 वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही जिन वृद्धजनों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है उनसे आवेदन पत्र प्राप्त कर स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।सभी उपस्थित वृद्धजनों को बुनियाद केन्द्र द्वारा संचालित मोबाईल थेरेपी वैन के माध्यम से आंख की जांच, कान की जांच, एवं जरूरतमंद वृद्धजनों को फिजियोथेरेपी कराया गया तथा बुनियाद केन्द्र से संबंधित अन्य जानकारी प्रदान की गयी है। इस शिविर में आये वृद्धजनों को नुक्कड नाटक के माध्यम से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों की जानकारी दी गयी साथ ही नुक्कड नाटक के माध्यम से मनोरंजन कराया गया है।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 74 वर्ष 2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of 2 Set Bathroom and Sanitary Installation, Water Supply Work in Bathroom of Minority Deptt. at Old Sectt., Patna for the year 2025-26	6.09	12,200=00	1,250=00	15 दिन
2.	Remaining Work of Treasury Office (Collapsible Gate, Glass, UPVC, Water Cooler, R.O. Water Purifier etc.) at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2025-26	11.67	23,400=00	2,500=00	15 दिन

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।
PR. No. 024508 (BCD) 2025-26
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 45 वर्ष 2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 02, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of Boundary Wall East Side with MS Square Pipe and Durashine Separation in Residence No.-07M at Strand Road, Patna for the Year 2025-26.	1.00	2,000=00	500=00	7 दिन
2.	S/R to PH Work in Residence No.-08 at Mangles Road, Patna for the Year 2025-26.	1.00	2,000=00	500=00	7 दिन
3.	Repair and Painting Work in Quarter Number.- 42 at R-Block Peons Quarter, Patna for the Year 2025-26.	0.80	1,600=00	500=00	7 दिन
4.	Renovation of Drain and Grill Work in Residence No.-05 at Circular Road, Patna for the Year 2025-26.	12.50	25,000=00	2,500=00	15 दिन
5.	Renovation of Campus Devlopment in Residence No.-05 at Circular Road, Patna for the Year 2025-26.	9.50	19,000=00	1,250=00	15 दिन
6.	Proposal of Balcony in Main Building in Residence No.-05 at Circular Road, Patna for the Year 2025-26.	10.13	20,300=00	2,500=00	15 दिन
7.	Proposal of Store Room in Residence No.-05 at Circular Road, Patna for the Year 2025-26.	11.90	23,800=00	2,500=00	15 दिन

1.विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।
PR- 024495 (B C D) 2025-26
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संक्षिप्त खबरें

आसनसोल-गया मेमू से 216.480 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

गया जी। मानपुर स्टेशन पर खड़ी गाड़ी संख्या 13545 अप आसनसोलझगया पैसेंजर में गया जंक्शन आपीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुते ट्रेन के विभिन्न कोचों में रखे भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बरामद की। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारीबबनारसी यादव के नेतृत्व में टीम गत्या से सड़क मार्ग से मानपुर रेलवे स्टेशन पहुँचा तथा उक्त सूचना से बिहार उत्पाद विभाग थाना गया को भी अवगत कराया है।

मानपुर स्टेशन पर उक्त गाड़ी के आगमन पर छापेमारी दल द्वारा गाड़ी के विभिन्न कोचों की जांच की गई। जांच के दौरान विभिन्न कोचों में चार संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से 16 बैग एवं झोला में बोतलों में बन्द रखे 216.480 लीटर शराब बरामद की गई। सभी पर सेल इन झारखंड अंकित किया हुआ पाया गया। कोच में यात्रा कर रहे चार संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम व पता सुजय कुमार उम्र 23 वर्ष पिता स्वर्गीय दरोगी चौधरी पता सेखबारा थाना बोधगया जिला गया (बिहार), प्रिंस कुमार पिता कमलेश चौधरी पता मांदिल थाना परस बीघा जिला जहानाबाद (बिहार), राकेश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय चंदर चौधरी पता गांधीनगर मानपुर थाना मुफस्सिल जिला गया (बिहार) और गौतम कुमार हम 19 वर्ष पिता राजू रविदास पता गांधीनगर मानपुर थाना मुफस्सिल जिला गया (बिहार) बताया। उक्त चारों व्यक्तियों द्वारा उक्त शराब पर दावा कर बताया कि इन शराब को लेकर बिहार में बेचने के लिए लाए हैं।

शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में बढ़ा वैज्ञानिक करियर के प्रति उत्साह

गया जी।पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 गया के कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने बृहस्पतिवार को शैक्षिक भ्रमण के तहत सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार (सीयूएसबी) के कृषि विभाग एवं विज्ञान केंद्र बोधगया का दौरा किया है। यह भ्रमण छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में निकले इस दल में लगभग 300 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण शामिल थे। भ्रमण के दौरान सबसे पहले छात्रों ने विश्वविद्यालय के कृषि विभाग का अवलोकन किया है। यहां उन्होंने शोध प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया तथा किसानों के लिए विकसित की जा रही नई उन्नत किस्मों के फसल एवं जैविक खेती के तरीकों की जानकारी ली है। विभाग के प्राध्यापक हेमंत कुमार सिंह ने बच्चों को सरल भाषा में मशरूम की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन एवं अनुवांशिक रूप से परिवर्तित फसलों के बारे में जानकारी दी है।इसके पश्चात दल ने विज्ञान केंद्र बोधगया का भ्रमण किया।

दाउदनगर के कवि कुंवर विजय के निधन पर साहित्यकारों ने शोक जताया

औरंगाबाद। दाउदनगर प्रखंड के यादव कॉलोनी निवासी हिंदी साहित्य सम्मेलन दाउदनगर के अनुमंडल अध्यक्ष,के के मंडल साइंस कॉलेज दाउदनगर के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर कुंवर विजय कृष्ण ब्रजराज जी के आकस्मिक निधन पर साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया है।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं सुरेश विद्यार्थी,महामंत्री धनंजय जयपुरी,कोषाध्यक्ष बैजनाथ सिंह,सह कोषाध्यक्ष लालदेव प्रसाद साहित्यिक संस्था शब्दवीणा के जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय, रामनरेश सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य राजीव रंजन कुमार, के के मंडल कॉलेज के लेखापाल तरुण कुमार आदि थे।

लॉर्ड कृष्णा मॉडल स्कूल का वार्षिकोत्सव 22 फरवरी को

औरंगाबाद । बारुण प्रखंड के सुंदरगंज ग्राम में स्थित लॉर्ड कृष्णा मॉडल स्कूल का वार्षिकोत्सव 22 फरवरी को मनाया जाएगा।इस आशय की जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक सत्यनारायण पांडेय एवं प्राचार्य धनंजय जयपुरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव के मौके पर औरंगाबाद जिले के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह जी की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामई उपस्थिति होगी।जबकि, विशिष्ट अतिथि केरूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,पर्यावरणविद् डॉ रामाधार सिंह,जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, आर एन पी ग्रुप के प्रबंध निदेशक शंभूनाथ पांडेय,लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर थे

अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक में खाद्यान्न वितरण व राशन कार्ड पर चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। अनुमंडल कार्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल अनुश्रवण समिति (आपूर्ति) मनीष कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गया सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद उपाध्यक्ष गया, सभी प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य तथा आपूर्ति विभाग से जुड़े पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान खाद्यान्न के नियमित उठाव एवं पारदर्शी वितरण की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। जन वितरण प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने तथा लाभुकों तक समय पर अनाज पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नए राशन कार्ड के निर्गमण की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी विचार-विमर्श हुआ, ताकि पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

गैस एजेंसी से संबंधित समस्याओं, आपूर्ति में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों पर भी माननीय सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

अध्यक्ष मनीष कुमार ने आश्वस्त किया कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शिता के साथ कार्य किया

राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण में अधिवक्ता लिपिकों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा

न्यायालय में आने वाले मुवकिलो के सबसे नजदीक आपलोग हैं: सचिव

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभासदन मे 14 मार्च 2026 आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक से अधिक रूचि एवं तत्परता दिखाते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग का अपील किया गया। बैठक में सचिव ने अधिवक्ता लिपिकों से कहा कि न्यायालय में आने वाले मुवकिलो की सबसे नजदीकी आपलोग हैं, और मुवकिलों की हित कैसे बेहतर हो यह आप पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वादों का निस्तारण अधिक से अधिक हो, यह बहुत हद तक आप पर निर्भर करता है जिसके लिए आप सभी को अभी से यह प्रयास होना चाहिए कि आपके मुवकिलों से सम्बन्धित सुलहनीय वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने के लिए प्रेरित करें। सचिव द्वारा सभी अधिवक्ता लिपिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किन-किन धाराओं में वाद का निस्तारण हो सकता है। इसकी जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी। अधिवक्ता लिपिकों ने सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निष्पादन कराने में भरपूर सहयोग करेंगें। सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी अधिवक्ता लिपिकों का पूर्ण सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुलह के आधार पर अगर आप एक वाद का निस्तारण कराते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं होता है कि आपका केस खत्म होगा बल्कि आप अपने मुवकिल के और करीब आयेंगें और उसका विश्वास आपके प्रति सशक्त होगा, और वे आपके सहयोग के लिए समाज में लोगों को प्रेरित करेंगें कि आप केस लड़ने के साथ-साथ सुलह में भी विश्वाश करते हैं, जिससे आपके स्वयं के कार्य के साथ-साथ सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा, और मुवकिलों के साथ-साथ उनके विरोधियों का भी आप दिल जित पाऐंगें।

सचिव द्वारा उपस्थित अधिवकता लिपिकों को यह भी जानकारी देते कहा गया, कि मध्यस्थता विशेष अभियान भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से भी आप सम्बन्धित मुवकिलों को जानकारी देते हुए समझौता के माध्यम से वादों को निस्तारित कराने के लिए प्रेरित करें।

डॉ सीमा पटेल ने राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में महिला नेतृत्व : विकसित भारत की कुंजी विषय पर रखे विचार

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय (बिहार एवं झारखंड) तथा वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एनएसएस के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के तीसरे दिन बुधवार, 18 फरवरी 2026 को एक बौद्धिक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोफेसर डॉ सीमा पटेल ने राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में महिला नेतृत्व : विकसित भारत की कुंजी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया है।प्रोफेसर सीमा पटेल ने अपने वक्तव्य में विकसित राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए महिलाओं को उनके कार्यों का सम्मान और उचित अवसर प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला है। प्रधानाचार्या को राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शॉल पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान करके सम्मानित किया गया है।शिविर में सेंटर ऑफ रेजिलेंस, भोजपुर के समन्वयक और सामाजिक शिल्पी प्रशांत कुमार ने एक सतत और हरित भारत के निर्माण विषय पर विचार रखे। उन्होंने बेस्ट आर्ट ऑफ द बेस्ट कांसेप्ट को लेकर तथा समावेशी विकास के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई है। उनके सहयोगी श्री माइकल ने जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की और प्रकृति और मानव के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की महत्ता को रेखांकित किया है। इस कार्यक्रम का संचालन राकेश रोशन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महिला कॉलेज की कुमारी नीतू रानी ने किया। एनएसएस के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की अंगीभूत इकाई शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय, सासाराम में हुआ, जिसमें बिहार-झारखंड के एनएसएस निदेशक विनय कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, विभिन्न राज्यों से आए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी, गणमान्य अतिथि, देश के सोलह राज्यों से राष्ट्रीय सेवा योजना के दो सौ पचास स्वयंसेवक तथा उनके कार्यक्रम पदाधिकारियों की उपस्थिति रही है। पौधारोपण कार्यक्रम, रंगोली एवं अल्पना प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। संध्या सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी है।

रमजान का पवित्र महीना इबादत, संयम और त्याग का है: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। महान पवित्र महिना गुरुवार से प्रारंभ हो रहे पवित्र रमजान माह के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने अल्पसंख्यक परिवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, संयम, त्याग और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। यह माह हमें मानवता, सेवा, परोपकार और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। रमजान केवल रोजा रखने का ही नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और समाज के प्रति दायित्व निभाने का भी महीना है। यह समय जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज में सौहार्द व सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र महीना सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की झोली भर दे।इस अबसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सभी धर्मों के पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश देते हैं। रमजान का महीना सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस पवित्र अवसर पर आपसी सद्भाव बनाए रखें और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें एबं देश एवं प्रदेश की सुख-शांति, प्रगति और समृद्धि की कामना करते हुए समस्त मुस्लिम समुदाय को रमजान मुबारक की शुभकामनाएं दीं है। बधाई और शुभकामना देने वालों में राणा रणजीत सिंह विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग आदि थे।

चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने किया जनसंपर्क विद्यासागर आर्य के पक्ष में मांगा समर्थन

गया जी। चतरा नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चतरा नगर परिषद के भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद उम्मीदवार विद्यासागर आर्य के समर्थन में आज सांसद कालीचरण सिंह ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया है। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और विद्यासागर आर्य को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है। सांसद ने कहा कि नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, पेयजल सुविधा और मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्षम और ईमानदार नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि विद्यासागर आर्य नगर परिषद क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोगों ने सांसद का स्वागत किया और समर्थन का आश्वासन दिया है। चुनावी माहौल में इस जनसंपर्क अभियान को भाजपा के लिए अहम माना जा रहा है।

निःशुल्क सामूहिक विवाह को लेकर की गई बैठक

ओबरा (औरंगाबाद)। निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह स्थान दुर्गा मैदान जम्होर में जो 24 फरवरी दिन मंगलवार 2026 को संपन्न होने वाली है । उसमें अभी तक 6 जोड़ों का आवेदन आया है । जिसका आज बैठक दुर्गा मैदान के प्रांगण में संपन्न हुआ इसमें मुख्य पांच तरह का विभाग बांटा गया। जिसमें भोजनालय प्रभारी श्रीराम सेवक शर्मा वेणी पासवान जी विद्यानंद जी पवन जी पूजा मेडिकल और उनके सहयोगी कार्यकर्ता लड़का पक्ष के रहने की व्यवस्था आवास प्रभारी गायत्री शक्तिपीठ में जितेंद्र पासवान, प्रेम जी, अशोक प्रसाद सौन्दिक जी को प्रभारी बनाया गया और उनके सहयोगी उनके साथ सहयोग करेंगे और लड़का पक्ष को रखने के लिए रमेश लॉज में व्यवस्था बनाई गई। उसके आवास प्रभारी पंकज जी गुप्ता, अशोक प्रसाद गुप्ता, वैश्य समाज के अध्यक्ष और उनके सहयोगी उनका साथ देंगे चौथ कन्या पक्ष की आवास की व्यवस्था के प्रभारी मनीष कुमार बिक्कू कुमार सोंडिक सुभाष जी चिंटू जायसवाल जी प्रवीण अग्रवाल जी दुर्गा मैदान में विवाह मंडप की व्यवस्था सुरेश विद्यार्थी एवं संतोष कुमार एवं उनके सहयोगी को दिया गया है तथा महिला मंडल इनका सहयोग करेंगे। मंच संचालन मंच के कार्यक्रम उद्घाटन सत्र का संचालन नवनीत कुमार 2:00 बजे से 3:00 बजे तक करेंगे सभी प्रभारी के संयोजक अनिल अग्रवाल सह प्रभारी संजय गुप्ता जी करेंगे इस पूरे कार्यक्रम के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ऋषि जयसवाल अशोक प्रसाद गुप्ता जितेंद्र प्रसाद गुप्ता संरक्षक मंडल में रहेंगे। बैठक में विक्की अग्रवाल राम प्रज्ञा मंडल के कोषाध्यक्ष दिलेश, उपेंद्र कुमार शुभम कुमार, सूरज कुमार नीतीश कुमार, बारात संचालन प्रभारी बारात निकासी 1:00 बजे गायत्री शक्तिपीठ जम्होर से दुर्गा मैदान के लिए प्रस्थान करेगी। इसके प्रभारी गुड्डू सिंह, सोनू सिंह, पिंटू सौंडीक और उनके सहयोगी करेंगे और इसमें ऑलराउंडर के भूमिका में श्रीराम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार, मोहित जायसवाल, ऋतिक शौंडिक, पंकज सोंडिक और उनके सहयोगी रहेंगे। इसमें व्यवस्थापक की भूमिका में दीपचंद गुप्ता और विक्की अग्रवाल रहेंगे।

कार से 228 लीटर विदेशी शराब बरामद, चालक फरार

करपी। उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिली थी कि शहर तेलपा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे एक कार लावारिस अवस्था में खड़ी है. सूचना की पुष्टि के लिए उत्पाद विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन की जांच शुरू की. तलाशी के दौरान गाड़ी से शराब की तेज गंध आने लगी, जिसके बाद वाहन को जब्त कर उत्पाद विभाग कार्यालय लाया गया. विस्तृतजांच में कार के अंदर से कुल 228 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी. जब्त वाहन रीनॉल्ट कंपनी की डस्टर कार है. जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 एचजे 6845 बताया गया है. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि कार्रवाई के दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गया. उसकी पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. बरामद शराब को जब्त कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. उत्पाद विभाग ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी. विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके.

पूरी दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें : डॉ शंभू

औरंगाबाद। जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में शहर के विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के छात्र आयुष कुमार पिता- संतोष कुमार सिंह, माता-नीतू कुमारी, शहर के शाहपुर निवासी ने 98.87 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। नवीनगर प्रखंड के ग्राम उर्दना निवासी संतोष कुमार वर्मा व सुषमा कुमारी की सुपुत्री श्रावणी वर्मा ने 93.07 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया। उनके इस सफलता से घर में खुशी का माहौल है। रमड़िहा, औरंगाबाद निवासी विजय कुमार व निशा देवी के सुपुत्र दीपक कुमार ने 92.64 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता पाई है। औरंगाबाद के श्रीकृष्ण नगर निवासी हरेन्द्र शर्मा और मिंटू सिन्हा के सुपुत्र सत्यम कुमार ने 92.22 परसेंटाइल प्राप्त कर सफल रहे। वही इसी मुहल्ले के निवासी कुणाल किशोर तथा दिव्या कुमारी की सुपुत्री आकांक्षा कुमारी ने 91.33 परसेंटाइल के साथ सफलता पाई है।छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के कठोर अनुशासन, योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई, शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।कहा कि विद्यालय द्वारा दिया गया मार्गदर्शन और मोटिवेशन उनके लिए मील के पत्थर सिद्ध हुए हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ शम्भू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें है, संस्थान से निकले ये युवा राष्ट्र के विकास को गति देंगे। तकनीक के बढ़ते दौर में ये राष्ट्र के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

नव दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का किया गया शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम। जिले के सासाराम प्रखंड के लोधी गांव में नव दिवसीय अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया गया। यह आयोजन का इस साल चौथा वर्ष है जो धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है, जहां भक्तजन तन्मयता के साथ भजन-कीर्तन करते हैं। बाहर के लोगों का भी सहयोग रहता है। इसमें भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। आचार्य रविकांत तिवारी, पंडित दीनानाथ पाण्डेय एवं संजीत पाण्डेय बताया कि मुख्य यजमान पंडित ठाकुर दयाल पाण्डेय के द्वारा विधि विधान से बजरंगबली का पूजा अर्चना करवा कर अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत की जाती है। 9 दिवसीय अखंड हरिकीर्तन में कीर्तन करने के लिए स्वतः कीर्तन भजन मंडली में रोहतास, कैमूर, आरा और बक्सर जिले से भी लोग आते है। जिसमें लोधी बराव, मुरादाबाद, बभनगावा किनारचोला, नौडीहा, बड्डुआ भद्रशीला, तेलीपोखर, छोटकी चेनारी, पीताम्बरपुर, ककई, मोहनिया, बेनसिल,चंद्र कैथी, दांगुलाडीह, समरडीहा, पाल टोला, चितौली, आरूही पांजरा,रामपुर,लालगंज, सुम्मा, कर्मा, गोपालपुर, सिरिसिया, देव खैरा सहित लगभग 50 से अधिक गांवों कीर्तन मंडली के टिम का सहयोग रहता है जो अलग अलग दिन और समय पर आ कर हनुमान मंदिर में हाजिरी लगा कर अपनी उपस्थिति एवं सहभागिता बजरंगबली के सामने दर्ज करते है। हरे राम हरे राम राम-राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहने के साथ ही भक्ति मय बना रहता है एवं भगवान शिव के जय कारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहता है। संध्या को महाआरती भी किया जाता है। इस अवसर पर पूरा मंदिर को विशेष रूप से साज-सज्जा की जाती है बजरंगबली के आकर्षक रूप देखने लायक एवं मनमोहक रहता है। इस अखंड हरि कीर्तन में आसपास की महिलाएं, युवती व पुरुष की भी अच्छी खासी भागीदारी होती है। समापन के मौके पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया है। व्यवस्थापक- ठाकुर दयाल पाण्डेय एवं लोधी बराव के समस्त ग्रामीण जनता है जो बताए कि इस पवन समय का इंतजार रहता है क्योंकि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से समाज में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली आती है। तथा लोगों को एक दुसरे से मिलने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से शांति, सुख-समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति मिलती है। तथा - सर्वे भवन्तु सुखिन ,सर्वे संतु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्ती, मा कश्चित दुख भाव भवेत। यह आयोजन में सभी लोगों की उन्नति, विकास एवं मनोरथ पूर्ण करने के साथी ही गांव के उन्नति तरक्की के साथ साथ अच्छे बारिश होने की कामना की जाती है

संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया: जिला सदस्यता प्रभारी

प्रातः किरण संवाददाता

गया जिला इकाई द्वारा संगठन विस्तार एवं जनाधार सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से सदस्यता महा सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यालय, सुरहरे मोड़ भुसंडा में एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया है।इस बैठक में सभी सम्मानित प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, पार्टी के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सक्रिय एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।यह बैठक गया जिला सदस्यता प्रभारी सह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देश में सम्पन्न हुई है।इस बैठक की अध्यक्षता गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने की तथा संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इंजीनियर दिवाकर सिंह द्वारा किया गया है।इस बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. बीरेंद्र सिंह ने कहा कि गया जिला में सदस्यता अभियान को और तेज गति से चलाया जाए, मार्च माह तक कम से कम 1 से 2 लाख नए सदस्य बनाए जाएं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया तथा कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया है।

जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय सदस्यों से आंकी जाती है।

एनटीपीसी में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने गुरुवार को आंतरिक क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। एनटीपीसी नबीनगर में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में एनटीपीसी के पूरे क्षेत्र-1 की सात परियोजनाओं की टीमें भाग ले रही हैं। परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने पारंपरिक रूप से मशाल प्रज्वलित कर टूनामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं से आई टीमों का एनटीपीसी नबीनगर परिसर में स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।

इस टूनामेंट में एनटीपीसी नबीनगर के अतिरिक्त फरक्का, कहलगांव, कांटी, बीआरबीसीएल, बाढ़ और बरौनी परियोजनाओं की टीमें हिस्सा ले रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों में छिपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करना है, बल्कि विभिन्न परियोजनाओं के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना भी है। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी नबीनगर के टीम कप्तान सतेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना, निष्पक्षता और अनुशासन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के मैस्कॉट ह्यशटल वीरह्न और आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच नबीनगर और कांटी के बीच खेला गया, जिसमें टीम नबीनगर विजयी रही।

इस भव्य उद्घाटन समारोह में एल. के. बेहेरा के अतिरिक्त एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (एडीएम एवं मेंटेनेंस) एम. पाणिग्रही, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कर्मचारियों और प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी।

जर्नलिस्ट यूनियन के अधिवेशन में गया जिला श्रमजीवी पत्रकार एसोशिएशन सम्मानित

गया जी।कर्नाटक के बेल्लारी में आयोजित इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 25 राज्यों से आए पत्रकारों, सांसदों, विधायकों और अनेक गणमान्य अतिथियों के बीच सम्मानित किया जाना हमारे लिए अत्यंत गौरव और भावुक क्षण रहा हू।यह सम्मान केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, निष्ठा और पत्रकारिता के प्रति समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर सम्मान पाना हम सभी के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा।

इस मुकाम तक पहुँचने में हमारे पूज्य गुरूजी कमलेश कुमार सिंह का आशीर्वाद, मार्गदर्शन और विश्वास सबसे बड़ी शक्ति रहा है। उनके स्नेह और प्रेरणा के बिना यह संभव नहीं था।

सीयूएसबी में भीख में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।भीख मांगने में बच्चों का संलिप्त होना देश में एक बड़ी समस्या है जिसका नीति निमार्ताओं के साथ - साथ गैर सरकारी संगठन तथा उच्च शैक्षणिक संस्थान समाधान ढूढ़ने की कोशिश करते रहते हैं` इसी कड़ी में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के सामाजिक अध्ययन विभाग द्वारा 18झ19 फरवरी, 2026 को ह्लभीख में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएँह्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा सं

जिला पदाधिकारी ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

- सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई आदि का लिया जायजा
- जिले के कुल-55 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालित हो रही है परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 का आयोजन जिला/अनुमंडल मुख्यालय में कुल-55 परीक्षा केन्द्रों पर 17 फरवरी से संचालित है। इस परीक्षा को पूर्ण स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी तरनजोत सिंह द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, बेतिया, प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय कठैया नौतन सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई, अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को दिये गये दिशा-निदेर्शों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र-छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

जिला स्कोर समिति की बैठक डीएम विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान। गुरुवार को डीएम विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में जिला स्कोर समिति की बैठक उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न अवर निबंधन कार्यालयों में आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने अवर निबंधन कार्यालय दरौली, बसंतपुर, बड़हरिया एवं महाराजगंज में निबंधन कराने आने वाली जनता के लिए प्रतीक्षालय में समुचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवर निबंधन कार्यालय दरौली, बसंतपुर, महाराजगंज एवं रघुनाथपुर में दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अवर निबंधन कार्यालय महाराजगंज के नवनिर्मित प्रतीक्षालय में आम नागरिकों के लिए पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करते हुए वाटर कूलर एवं वॉटर प्यूरीफायर लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जमीन के निबंधन के लिए आने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सभी निबंधन कार्यालयों में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पंखा/एसी, शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में सभी निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन का आश्वासन दिया।

संक्षिप्त खबरें

बिहार सरकार ने सभी मुस्लिमों को रमजान माह के दौरान एक घंटा पूर्व कार्य मुक्ति की छुट दी

बगहा। बिहार सरकार सूचना आयोग कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार सभी मुस्लिम कर्मचारी व अधिकारियों को रमजान महीने के दौरान समय निर्धारण अवधी से एक घंटा पूर्व कार्यालय को छोड़ने और आने की छुट की अनुमति प्रदान की है। सामान्य प्रशासन पटना कार्यालय द्वारा जारी पत्रांक 5267 कंडिका - 01 के आलोक मे बिहार सूचना आयोग कार्यालय मे कार्यरत सुविधा के मधेनजर सभी कर्मचारी और अधिकारियों को रमजान शुरू होने की तिथि से और रमजान के समाप्ति तक निर्धारित समय से कार्यालय आने और निर्धारित समय से कार्यालय छोड़ने मे एक घंटा छुट की अनुमति दी गई है। बतादें की यह आदेश रमजान अवधी तक ही लागू रहेगा।

बरवा गांव में अगलगी से घर जलकर राख, हजारों की संपत्ति राख

बेतिया।इनरवा थाना क्षेत्र के बरवा गांव में गुरुवार को हुई अगलगी की घटना में एक घर सहित हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरवा गांव निवासी योगेन्द्र बैठा के घर में मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए जलाए गए अलाव से उठी चिंगारी ने अचानक आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते, तब तक घर में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुके थे। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सर्दी के मौसम में अलाव जलाते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

वाहन की चपेट में आने से छह वर्षीय बालक गंभीर

बेतिया भंगहा थाना क्षेत्र के सिंह चौक के समीप बुधवार देर शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 6 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, मानपुर क्षेत्र के धोकराहा गांव निवासी उपेन्द्र मांझी का पुत्र अर्जुन कुमार (6) अपने परिजनों के साथ नेपाल के जीराभवनी मेला देखकर आ रहा था। इसी दौरान सिंह चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से बच्चा वहीं गिर गया। भंगहा पुलिस और परिजनों की मदद से अर्जुन को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बच्चे के सिर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई हैं।घायल बच्चे का इलाज किया जा रहा है और फिलहाल वह खतरे से बाहर है।पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

शराब कांड का आरोपी धराया

बेतिया।मानपूर पुलिस ने शराब कांड में चल रहे फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गौनाहा के साहेब अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुर्व में शराब जब्ती के दौरान उक्त व्यक्ति मौके से फरार हो गया था।

सामाजिक परिवर्तन से बदलेंगे व्यवस्था: प्रशान्त किशोर

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान। प्रशांत किशोरपक बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत गुरुवार को सिवान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जन संवाद करते हुए कहा कि वे संगठन के पुनर्गठन को लेकर जन सुराज के साथियों से चर्चा करने यहां आए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका लक्ष्य बिहार में सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन लाना है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं और राज्य के कोने-कोने से युवाओं, महिलाओं और जागरूक नागरिकों ने समर्थन दिया है। हालांकि उन्होंने चुनाव परिणामों पर बड़ा बयान देते हुए स्वीकार किया कि ह्लजन सुराज से लोग बड़ी संख्या में जुड़े, लेकिन हमलोग उन्हें एक राजनीतिक सांचे में ढालकर वोट में परिवर्तित नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि यह आत्ममंथन का समय है और संगठन को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए बूथ स्तर तक संरचना सुदृढ़ की जाएगी तथा कार्यकताओं को स्पष्ट राजनीतिक दिशा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता को राजनीतिक परिणाम में बदलने के लिए मजबूत संगठन और स्पष्ट रणनीति जरूरी है।द पीके ने दोहराया कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि बिहार की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि जन सुराज का प्रयास राज्य में नई राजनीतिक संस्कृति स्थापित करना है, जहां जाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर विकास और सुशासन की बात हो। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। प्रशांत किशोर ने संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने और आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा करने का भरोसा दिलाया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 'मेरा युवा भारत' के तहत फ्लैगशिप योजना कार्यक्रम का सफल आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सिवानः मेरा युवा भारत के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिवान सदर में एक फ्लैगशिप योजना आयोजन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजू कुमार सिंह एवं जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना था। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को बताया गया कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं और अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने युवाओं को जिले में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों तथा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं तथा अपने कौशल का उपयोग कर बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला युवा अधिकारी, सिवान ने केंद्र सरकार के बजट एवं युवाओं से संबंधित प्रमुख योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने जीवन को नई दिशा दें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर श्री अशोक कुमार प्रसाद, डॉ. मुकेश कुमार, अनमोल कुमार, सोमल कुमार, योगेंद्र राय, जुली कुमारी, प्रशांत राजन, आर्यन कुमार, बिहार राज्य खाद्य निगम के ए.डी.एम. श्री यजुवेंद्र यादव, सोनू कुमार तिवारी, शशिकांत मनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने संतोष व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सं

खेतो को जंगली जानवरों से बचाने हेतु वन विभाग ने मचान लगाया

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर जंगल से सटे किसानो के खेतो की फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए वन विभाग ने नया तरकीब अपनाया है। विभाग जंगल और किसानो के खेतों के बीच मचान लगाने का काम कर रही है। जगह जगह संभावित उन जगहो पर जहां जंगली जानवरों की आवक ज्यादा हो रही है,चिंहित कर माचन लगाए जा रहे है। नव पदस्थापित रेंजर सत्यम कुमार ने बताया की मचान को पूरी तरह से किसानो की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए बनाया गया है। मचान मे बैठकर खेतो की रखवाली करते समय रखवाली कर रहे किसानो को जंगली जानवरों से किसी भी तरह का कोई खतरा न हो इसको ध्यान मे रखकर मचान को डिजाइन किया गया है। किसान नेता समाजसेवी केदारनाथ काजी ने बताया की बहुत दिनों से खेतिहर किसान जंगली जानवरों के खेत की फसल को नुकसान पहुंचाने को लेकर चिंतित थे। लेकिन सुरक्षित मचान को वन विभाग द्वारा लगाए जाने से खेतो की रखवाली करते समय जान माल के नुकसान से बचा जा सकता है।

श्रद्धापूर्वक मनाई गई वैद्य पं. लक्ष्मीकांत पांडेय की 13वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। हुसैनगंज प्रखंड के प्रसिद्ध वैद्य एवं समाजसेवी वैद्य पं. लक्ष्मीकांत पांडेय की 13वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव हथौड़ा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर श्रीकांत धाम प्रांगण में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ए.के. पांडेय की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने वैद्य जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वैद्य पं. लक्ष्मीकांत पांडेय ने जीवनभर आमजन की सेवा को सर्वोपरि रखा और समाजहित में अनेक सराहनीय कार्य किए। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। अध्यक्ष ए.के. पांडेय ने कहा कि श्री बांके बिहारी जैसे भव्य मंदिर का निर्माण उनकी प्रेरणा और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इसी सोच के अनुरूप मंदिर परिसर में बी डी एल पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई, जहां धर्मार्थ भाव से शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय में गरीब एवं अनाथ बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा देने की विशेष व्यवस्था की गई है।

खास महाल नोटिस को लेकर जनता के लिए विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने डिप्टी सीएम को सौंपा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने सूबे के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा को पत्र सौंपकर रक्सौल के उन परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया, जिन्हें प्रशासन द्वारा उनकी जमीन को ह्लखास महालह्व घोषित करते हुए अवैध दखलकार बताया जा रहा है। विधायक श्री सिन्हा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि दशकों पुराने वैध भूमि अभिलेख एवं जमाबंदी के बावजूद रैयतों को नोटिस जारी कर जबरन लीज समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि पुराने भूमि अभिलेखों के आधार पर सभी नोटिसों की अविलंब समीक्षा की जाए तथा निर्दोष रैयतों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।गौर तलब है 17 फरवरी को विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बिहार विधानसभा के शून्यकाल में प्रशासन द्वारा रक्सौल के रैयतों की भूमि पर निर्गत नोटिस संबंधित समस्या पर जोरदार पहल की थी। विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि न्यायपूर्ण समाधान होने तक वे पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े रहेंगे और हर स्तर पर उनकी आवाज उठाते रहेंगे।

प्राथमिक विद्यालय दक्षिण मठिया में बीईओ का औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

दारौंदा। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दक्षिण मठिया में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सौरभ सुमन ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों की जांच की तथा बच्चों की कापियों का अवलोकन कर पठन-पाठन की स्थिति का जायजा लिया। बीईओ कक्षा में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद किया और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता एवं नियमितता के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से भोजन मिल रहा है। इसके बाद उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की जांच की, जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में और सुधार लाएं। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के अद्यतन संधारण एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान प्रधानाध्यापक संजय कुमार, शिक्षिका पूनम कुमारी एवं रिंकी कुमारी उपस्थित रहीं।

जवानों की मौजूदगी में चल रहा अवैध खेल, बॉर्डर पर कानून हुआ कमजोर

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया।भारत-नेपाल सीमा से सटे इनरवा थाना क्षेत्र में इन दिनों मुर्गी तस्करी का संगठित नेटवर्क बेखौफ होकर सक्रिय है. स्थानीय सूत्रों का दावा है कि प्रतिदिन सैकड़ों मुर्गियां अवैध रूप से सीमा पार नेपाल भेजी जा रही हैं. हैरत की बात यह है कि यह सब कथित तौर पर सुरक्षा एजेंसियों की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा है. सूचना के बाद भी खामोशीः चार दिन पूर्व तस्करी से संबंधित तस्वीरों के साथ इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा को मौखिक सूचना दी गई थी. इसके बावजूद अब तक किसी ठोस कार्रवाई का अभाव लोगों के बीच चर्चा और आक्रोश का कारण बना हुआ है. वायरल तस्वीरों ने खोली पोलः वायरल तस्वीरों में बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 47वीं बटालियन के जवान नजर आ रहे हैं और उनके सामने बाइक पर लादकर मुर्गों की खेप ले जाई जा रही है. हालांकि इन तस्वीरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इनके सामने आने के बाद सुरक्षा तंत्र की सक्रियता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. बॉर्डर पर अस्थायी गोदाम, फिर क्विंटल के हिसाब से पारः ग्रामीणों का आरोप है कि सीमा के समीप अस्थायी झोपड़ियां बनाकर पहले मुर्गियों का स्टॉक किया जाता है. बाद में मौका देखकर क्विंटल के हिसाब से खेप नेपाल भेजी जाती है. कच्चे रास्तों और खेत-खलिहानों का उपयोग कर तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है. राजस्व को चपत, बाजार में असंतुलनः अवैध तस्करी से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं स्थानीय वैध पोल्ट्री व्यवसायी भी आर्थिक संकट झेल रहे हैं. सस्ती दरों पर माल पार होने से बाजार संतुलन बिगड़ रहा है. इधर, 47वीं बटालियन एसएसबी इनरवा के इंस्पेक्टर उत्तम सिंह ने कहा कि सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए एसएसबी प्रतिबद्ध है और पूरे मामले की जांच की जा रही है. दोषियों की पहचान होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. स्थानीय लोगों की मांग है कि सीमा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर तस्करी के इस नेटवर्क पर तत्काल नकेल कसी जाए, ताकि कानून का भय कायम हो और राजस्व की हो रही क्षति पर रोक लग सके.

'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम से बदलेगी ग्रामीणों की तकदीर : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिले के नौतन प्रखंड अंतर्गत बैकुंठवा पंचायत के हरदिया कोठी में जिला प्रशासन के तत्वावधान में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, स्वास्थ्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, आरटीपीएस, राजस्व, जीविका, आईसीडीएस, सहकारिता, श्रम संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण, डीआरसीसी, विद्युत, उद्योग सहित अन्य विभागों की सहभागिता रही। इन स्टॉलों के माध्यम से कुल 792 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को त्वरित राहत मिली।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभुकों से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद लाभुकों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। चार लाभुकों-बिक्रमा प्रसाद, अंकुर कुमार, निर्भय कुमार एवं नौशाद अंसारी को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। वहीं चार लाभुकों-बुलेट गिरी, सुदामा, चुनीलाल साह एवं अभय कुमार को व्हीलचेयर तथा चार लाभुकों-अमृता कुमारी, विशाल कुमार, आशुतोष कुमार एवं आकाश कुमार को हियरिंग एड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त आईसीडीएस स्टॉल पर बच्ची सलोनी कुमारी का अन्नप्राशन जिला पदाधिकारी द्वारा कराया गया। डीआरसीसी स्टॉल पर पांच युवाओं को केवाईपी प्रमाण-पत्र तथा दो युवाओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा ह्लसात निश्चय-3ह्व के तहत नया संकल्प और नया निश्चय निर्धारित किए गए हैं, जिनका लक्ष्य आमजन के जीवन को सरल बनाना और उन्हें सम्मानपूर्वक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिलास्तर, अनुमंडलस्तर एवं प्रखंडस्तर के पदाधिकारियों को अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर जानकारी के अभाव में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से पदाधिकारी स्वयं गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कर रहे हैं। उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन आमजन के कार्यों के निष्पादन के लिए सदैव तत्पर है।

ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूटा जैकेट किया सुपुर्द

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। वाराणसी कंट्रोल से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 15566 की स्कॉर्ट पार्टी के पास कोच बी-3 में एक यात्री का ग्रे रंग का जैकेट छूट गया है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल उपेंद्र कुमार सिंह ने ट्रेन के सीवान स्टेशन आगमन पर संबंधित कोच को अटेंड किया और स्कॉर्ट पार्टी से उक्त जैकेट प्राप्त किया। इसकी सूचना कंट्रोल वाराणसी को दे दी गई तथा जैकेट को बल पोस्ट सीवान लाकर रोजनामचा लेखक की निगरानी में सुरक्षित रखा गया। दिनांक 19.02.2026 को प्रातः करीब 10:50 बजे श्री विशाल कुमार यादव, पुत्र स्व. सदानंद यादव, निवासी-सुरहा, थाना-खुखुन्दू, जिला-देवरिया (उ.प्र.) पोस्ट पर उपस्थित हुए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे नई दिल्ली से देवरिया तक उक्त ट्रेन के बी-3 कोच में यात्रा कर रहे थे। देवरिया स्टेशन पर जल्दबाजी में उतरते समय वे अपना ग्रे जैकेट सीट पर ही छोड़ गए। बाद में याद आने पर उन्होंने हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई।

यात्री द्वारा पहचान पत्र प्रस्तुत करने एवं सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद उपनिरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्र ने रोजनामचा लेखक कांस्टेबल शिव अवतार की उपस्थिति में उक्त जैकेट सही-सलामत यात्री को सुपुर्द कर दिया। यात्री ने जैकेट की अनुमानित कीमत लगभग 1000 रुपये बताई। अपना सामान सकुशल प्राप्त कर यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल के कार्यों की सराहना करते हुए कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया। रेलवे सुरक्षा बल ने बताया कि यात्रियों के खोए हुए सामान को सुरक्षित लौटाने के लिए ह्यऑपरेशन अमानतह्व अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

हथुआ मार्केट में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर। छपरा के नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथुआ मार्केट में आज उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया जब व्यापारी अपनी दुकान बंद करके घर जाने के लिए तैयार हो रहे थे तभी अचानक वहां एक दुकान में शॉर्ट सर्किट से स्पार्क होने के कारण आग लग गई और इस आग में वहां के सिलेंडर को भी पकड़ लिया इसके साथ वहां लगे ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया। अभी वहां के दुकानदार को समझ ही पाए इसके पहले ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। और देखते ही देखते राधे-राधे करके कपड़े की दुकान के साथ-साथ एक कॉस्मेटिक और ब्यूटी पार्लर में भी आग लग गई आज इतनी तेजी से पहले की लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हालांकि सनी दुकानदारों ने अपने प्रयास से आग बुझाने का बहुत ही प्रयास किया और शोरूम और अगल-बगल के दुकानों में लगे शीशे और शटर को तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आगऔर भीषण रूप ले रहा था। तभी दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड और स्थानीय थाना को फोन किया घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की लगभग आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस एसीपी राम पुकार सिंह और एसडीएम नितेश कुमार भी घटनाएं स्थल पर पहुंचे और वहां का जायजा लिया।

करुण पुकार बन गई मनी नदी: कभी जीवनदायिनी धारा

आज उपेक्षा से विलुप्ति की कगार पर

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर की धरती पर बहने वाली मनी नदी कभी केवल जलधारा नहीं थी–वह इस क्षेत्र की सांस, संस्कार और सहारा थी। पीढ़ियों ने उसके जल में अपना बचपन देखा, आस्था का स्पर्श पाया और जीवन की लय सीखी। पर आज वही नदी गंदगी, अतिक्रमण और अनदेखी के बोझ से कराह रही है। उसकी धीमी, सिमटती धारा मानो हर गुजरते दिन के साथ एक ही विनती दोहराती है–मुझे बचा लो।स्मृतियों में बहती निर्मल धारा:- बुजुर्ग बताते हैं कि कभी सुबह की पहली किरण के साथ लोग मनी नदी के घाट पर पहुंचते थे। ठंडे, स्वच्छ और चंचल जल में स्नान करना केवल दिनचर्या नहीं, आत्मिक शांति का अनुभव था। घरों में भोजन बनाने के लिए इसी नदी का पानी लाया जाता था। विवाह, पूजा और मांगलिक कार्यों में मनी नदी का जल पवित्र माना जाता था। खेतों की पटवन हो या घर की जरूरत–हर दिशा में इस नदी ने जीवन को सहारा दिया। राजद प्रखंड अध्यक्ष विपिन खिरहरी पुरानी यादों में डूबते हुए कहते हैं, ह्लजब मैं 15-16 वर्ष का था, तब इस नदी का पानी इतना स्वच्छ था कि उसमें उतरते ही मन प्रसन्न हो जाता था। हम बच्चे घंटों इसमें स्नान करते थे। आज वही नदी पहचान में नहीं आती–यह सोचकर दिल भर आता है।

वर्तमान की भयावह सच्चाई :-

समय के साथ नदी का स्वरूप बदलता गया, पर बदलाव विकास का नहीं, विनाश का प्रतीक बन गया। नदी किनारे बसे घरों की नालियों का गंदा पानी सीधे धारा में गिर रहा है। फुटपाथ दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों द्वारा कचरा नदी में फेंका जा रहा है नदी के तट पर अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं। कई स्थानों पर नदी की चौड़ाई सिमटकर नाले जैसी रह गई है। जहां कभी जल की स्वच्छ लहरें थीं, वहां आज दुर्गंध और गंदगी का साम्राज्य है। लोग नदी के पास जाने से कतराते हैं। जल की सतह पर तैरता कचरा और सड़ांध भरा वातावरण उस गौरवशाली अतीत पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा है। जदयू के पूर्व प्रवक्ता मनोज कुमार रघु कहते हैं, ह्लनदी की भूमि पर अवैध कब्जा हो चुका है। प्रशासनिक उदासीनता ने स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया है। अगर यही हाल रहा तो मनी नदी केवल इतिहास बनकर रह जाएगी। वादों का बोझ, परिणाम शून्य। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर चुनाव में नदी की सफाई, गहरीकरण और नौका संचालन के वादे किए जाते हैं परंतु चुनाव समाप्त होते ही योजनाएं भी समाप्त हो जाती हैं। राजद नेता यीशु यादव ने कहा, जब जल ही जीवन है का संदेश दिया जाता है, तब मनी नदी की यह स्थिति व्यवस्था की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

संस्कृति, आस्था और अस्तित्व का प्रश्न :-

मनी नदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि खड़गपुर की सांस्कृतिक पहचान रही है। पीढ़ियों की स्मृतियां, लोकजीवन और परंपराएं इस नदी से जुड़ी हैं। जिस धारा ने लोगों को जोड़ा, आज वही उपेक्षा से टूटती दिखाई दे रही है। बुजुर्गों की आंखों में अतीत की छवि है, युवाओं के सामने संकट का वर्तमान–और आने वाली पीढ़ियों के लिए अनिश्चित भविष्य।

एक नदी की मौन व्यथा :-

यदि कोई आज मनी नदी के किनारे खड़ा हो, तो उसे बहते जल की आवाज कम और पीड़ा की प्रतिध्वनि अधिक सुनाई देती है। मानो नदी कह रही हो–मैंने तुम्हें जीवन दिया, तुमने मुझे उपेक्षा दी।मैंने खेतों को हरियाली दी, तुमने मुझे कचरे से भर दिया। मैंने तुम्हारे संस्कारों को सींचा, तुमने मेरा अस्तित्व ही छीन लिया। यह केवल पर्यावरण का संकट नहीं, यह संवेदनाओं की परीक्षा है।

खड़गपुर वासियों ने प्रशासन और समाज से एक स्वर में अपील की है नदी से अतिक्रमण हटाया जाए व्यापक सफाई और गहरीकरण कार्य हो नालों का गंदा पानी रोकने की स्थायी व्यवस्था बने नदी संरक्षण की

मुंगेर से पिछले एक महीने से लापता स्नेहा कुमारी का अब तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। मुंगेर से पिछले एक महीने से लापता स्नेहा कुमारी का अब तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। कहा जा रहा है कि एक तथाकथित प्रेमी की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल अब भी बरकरार है। आखिर स्नेहा कहां है क्या वह ज़िंदा है या उसके साथ कोई अनहोनी हो चुकी है परिजनों की जिला प्रशासन और पुलिस से अब सिर्फ एक ही मांग है स्नेहा को खोजकर सच सामने लाया जाए। सफियासराय थाना क्षेत्र के आदमपुर की रहने वाली 25 वर्षीय स्नेहा कुमारी 17 जनवरी को घर से भागलपुर के लिए निकली थी, जहां वह जीएनएम की पढ़ाई कर रही थी। लेकिन 19 जनवरी के बाद अचानक उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया और तभी से परिवार की चिंता डर में बदल गई। 21 जनवरी को स्नेहा की मां किरण देवी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की। मोबाइल लोकेशन और सीडीआर के आधार पर जांच पूर्णिया तक पहुंची, जहां से पुलिस ने नीरज कुमार यादव नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हालांकि गिरफ्तारी के बाद भी स्नेहा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। एक महीना बीत जाने के बाद भी जांच मुख्य रूप से आरोपी से पूछताछ तक सीमित दिखाई दे रही है, जिससे परिवार की उम्मीदें धीरे-धीरे टूटती नजर आ रही हैं। जब मीडिया टीम स्नेहा के घर पहुंची तो परिजनों ने कहा कि पुलिस जांच तो कर रही है, लेकिन उनकी बेटी अब तक नहीं मिली है।परिजनों का कहना है कि उन्हें सिर्फ एक जवाब चाहिए स्नेहा आखिर है कहां। परिवार प्रशासन से लगातार अपील कर रहा है कि उनकी बेटी को जल्द से जल्द खोजा जाए और सच सामने लाया जाए। फिलहाल पूरा परिवार इंतजार में है और हर दिन उम्मीद लगाए बैठा है कि कब उसकी बेटी घर वापस आ जाएगा।

श्रमिकों की कार्यशाला का किया जाएगा आयोजन

मुंगेर। विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर आज टाऊन हॉल में श्रमिक यूनियन के सौजन्य से श्रमिकों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर कुमकुम देवी और निगमायुक्त पार्थ गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमहापौर खालिद हुसैन को आमंत्रित किया गया है। उपर्युक्त बातों की जानकारी देते हुए मुंगेर नगर निगम श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय केशरी ने कहा कि नगर निगम के दैनिक कर्मियों, सफाई कर्मियों, कार्यालय कर्मियों एवं जल कर्मियों के श्रमाधिकारो, मानवाधिकारों एवं सामूहिक हितों की रक्षार्थ श्रमिकों की कार्यशाला में सुरक्षा प्रशिक्षण, आत्म विकास, कानूनी जागरूकता, कौशल विकास एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की श्रमिकों को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी जाएगी।

फाइनल दंगल में जम्मू-कश्मीर के राकेश पहलवान बने विजेता, भव्य समारोह में हुए सम्मानित

भागलपुर, अकबरनगर । नगर पंचायत अकबरनगर अंतर्गत श्रीरामपुर स्थित आजाद क्रीड़ा मैदान में आयोजित दो दिवसीय पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दूर-दराज से आए नामचीन पहलवानों के बीच हुए कड़े संघर्ष के बाद जम्मू-कश्मीर के राकेश पहलवान ने दमखम, तकनीक और अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल दंगल जीत लिया और प्रतियोगिता के विजेता बने। फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। अखाड़े में हर दांव-पेंच पर तालियों और नारों की गूंज सुनाई देती रही। प्रतियोगिता में श्रीरामपुर के टीपू पहलवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि मिरहट्टी के मनीष तीसरे स्थान पर रहे। तीनों पहलवानों के खेल भावना और संघर्ष की दर्शकों व आयोजकों ने सराहना की।समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता राकेश पहलवान को नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी के प्रतिनिधि अंजीत कुमार द्वारा शील्ड एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त पहलवानों को भी सम्मान प्रदान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय कुश्ती को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। दंगल के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेल उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में भगवान पहलवान, प्रकाश पहलवान, लड्डू पहलवान, पूर्व वार्ड सदस्य शंकर यादव तथा फूलो मंडल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

होली से पहले सुल्तानगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में देशी शराब बरामद, 1000 लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट

प्रात : किरण संवाददाता

सुलतानगंज थाना क्षेत्र के दिलगौरी बिंद टोला में होली पर्व से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार पर करारा प्रहार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देश पर थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम में एसआई संजय कुमार मंडल, विष्णुदेव कुमार, आशुतोष कुमार, प्रमोद कुमार, चंद्रभूषण प्रसाद और महिला एसआई प्रियंका कुमारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव के तीन घरों में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से 62 लीटर तैयार देसी शराब जब्त की, वहीं लगभग 1000 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब को नष्ट कर दिया। इसके अतिरिक्त 2 किलो कच्चा महुआ जावा, 17 पीस नवसादर और 500 ग्राम ईस्ट भी बरामद किया गया, जिनका उपयोग शराब बनाने में किया जाता है।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी मुकेश बिंद, राजा बिंद और कुंदन बिंद के घर पर की गई। मामले में संलिप्त एक युवक कुंदन कुमार को हिरासत में लिया गया है। घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की गई है।

होली को देखते हुए सुलतानगंज पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि त्योहार के दौरान अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

भगवान चित्रगुप्त मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस पर भव्य महाआरती एवं पूजा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। बीते दिनों तारापुर के बिहमा कांवरिया मार्ग से सटे चित्रगुप्त मंदिर में बुधवार की देर शाम तीसरे स्थापना दिवस के मौके पर भक्ति भाव से ओत प्रोत होकर पूरे नेम निष्ठा के साथ भगवान चित्रगुप्त की भव्य पूजा हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुई। गौरतलब है कि अंगकीय चित्रगुप्त समाज से जुड़े कायस्थ समाज के लोगों ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में विद्वान पंडित सोमनाथ आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान सत्यनारायण की कथा करते हुए भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा संपन्न कराई। पूजा में पंकज कुमार दास ने यजमान के रूप में सहभागिता निभाई। मंत्रोच्चारण एवं कथा के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित सभी लोग भक्ति रस में सराबोर हो उठे। पूजा के दौरान महाआरती के दौरान मंदिर परिसर के साथ-साथ आसपास का क्षेत्र भी भक्ति में लीन हो गए। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं स्थानीय लोगों एवं राहगीरों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त किया। बजते भक्ति गीत श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा भर दिया। इस मौके पर विधिज्ञ संघ तारापुर के पूर्व अध्यक्ष सह अंगकीय चित्रगुप्त समाज के पदाधिकारी हरे कृष्ण वर्मा ने पूजा के मौके पर श्रद्धा भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय सत्य और कर्म के प्रतीक हैं। उनकी पूजा से समाज में सत्यनिष्ठा कर्तव्यपरायणता और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा मिलती है। यह आयोजन समाज में एकता सद्भाव

कुमार अमरेंद्र मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच का हुआ मुकाबला

भागलपुर(सुल्तानगंज के कृष्णानंद स्टेडियम में कुमार अमरेंद्र मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में अरुण स्पोर्ट्स क्लब सुल्तानगंज बनाम लक्ष्मी स्पोर्ट्स क्लब इटहरी मुंगेर के बीच हुआ मुकाबला/इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में बांका सांसद गिरधारी यादव थे/मैच का उदघाटन अजगैविनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी, नगर उपसभापति नीलम देवी, लोजपा जिला युवा अध्यक्ष मनीष कुमार,अरुण स्पोर्ट्स क्लब सुल्तानगंज के संस्थापक अरुण कुमार चौधरी, राजद नेता रामचन्द्र चौधरी, इनके धर्मपत्नी दया देवी ने संयुक्त रूप से खिलाडायों से परिचय प्राप्त कर किया गया/मैच का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से शुरूआत की गई/मैच में अतिथि के रूप में डीएसपी नवनीत कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, विडिओ संजीव कुमार, लोजपा जिला युवा अध्यक्ष मनीष कुमार,नगर उपसभापति नीलम देवी, सांसद प्रतिनिधि पवन केसान,अरुण स्पोर्ट्स क्लब सुल्तानगंज के मैनैजर किशलय कुमार, हर मैच में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच देनेवाले आशिश कुमार उर्फ मिठु, कुमार अमरेंद्र मोहन मेमोरियल फुटबॉल के आकांक्षी अंकित कुमार , मुरारका महाविद्यालय प्राचार्य नागेन्द्र तिवारी, समाजसेवी शत्रुघ्न चौधरी थे /रैफरी की भुमिका धर्मेन्द्र कुमार, विक्की कुमार, दयानंद कुमार, मुन्ना कुमार ने निभाई/ मैच की शुरूआत होने पर दोनों टीम ने एक भी गोल नहीं करने पर ट्राय मेंकर में छः व पांच गोल होने पर अरुण स्पोर्ट्स क्लब सुल्तानगंज ने एक गोल से जीत हासिल करने पर फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के द्वारा व अतिथि के द्वारा प्रथम व द्वितीय पुरस्कार व मैन ऑफ द मैच को शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया/ इस मौके पर जदयू नेता मुकेश कुशवाहा,कन्हाय पोद्दार,राजद नेता दिवाकर मंडल, कुमार अमरेंद्र मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,सचिव शशि कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार पाण्डेय,सह सचिव अरुण कुमार गुप्ता,सह कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार साह, जदयू नेत्री प्रेम प्रभात सिन्हा,नीलम देवी, रानी झा सहित दर्जनों खिलाड़ी एवं शहरवासी मौजूद थे

दिन में भी जलती रहती हैं स्ट्रीट लाइटें, नगर परिषद हवेली खड़गपुर की बड़ी लापरवाही

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था पूरी तरह लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शहर के कई वार्डों और मुख्य सड़कों पर दिन के उजाले में भी स्ट्रीट लाइटें लगातार जलती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई एक-दो स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि लगभग पूरे नगर क्षेत्र में यही स्थिति बनी हुई है।

दिन के समय स्ट्रीट लाइटों का जलते रहना न केवल बिजली की भारी बबार्दी है, बल्कि यह नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। एक ओर जहां बिजली बचाने के लिए सरकार और प्रशासन लोगों को जागरूक कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद की इस लापरवाही से सार्वजनिक संसाधनों का खुला दुरुपयोग हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में कई बार मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर लाइटों को बंद करने की उचित व्यवस्था की जाए या स्वचालित प्रणाली लागू की जाए तो इस समस्या से आसानी से निजात मिल सकती है।

नगरवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देते हुए जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई की जाए तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि बिजली की अनावश्यक बबार्दी रोकी जा सके और प्रशासन के प्रति जनता का भरोसा कायम रह सके।

मुंगेर पुलिस रेंज में अब पुलिस जांच और कार्रवाई पहले से ज्यादा तेज होने वाली है

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुफस्सिल थाना परिसर में बना कम्बाइंड बिल्डिंग पूरी तरह तैयार हो चुका है, जहां जल्द ही सीआईडी, एसटीएफ, आर्थिक अपराध इकाई और स्पेशल ब्रांच एक ही छत के नीचे काम करेंगे। इससे पटना मुख्यालय पर निर्भरता कम होगी और जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी। मुंगेर के मुफस्सिल थाना परिसर में पुलिस रेंज का जी-प्लस-4 कम्बाइंड बिल्डिंग बनकर तैयार है। सरकार ने पुलिस कामकाज को आधुनिक और तेज बनाने के उद्देश्य से सभी रेंज में संयुक्त भवन निर्माण का फैसला लिया था। 23 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका शिलान्यास किया था और जुलाई 2025 में भवन का निर्माण पूरा होने के बाद इसे हस्तांतरित भी कर दिया गया। इस संयुक्त भवन के अलग-अलग तल पर सीआईडी, एसटीएफ, आर्थिक अपराध इकाई यानी ईओयू और स्पेशल ब्रांच के कार्यालय आवंटित किए जा चुके हैं। हालांकि भवन तैयार होने के बावजूद अभी तक इन विशेष शाखाओं का संचालन शुरू नहीं हो सका है और कार्यालयों के शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। मुंगेर रेंज के डीआईजी राकेश कुमार ने संबंधित विभागों के पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखकर जल्द कार्यालय संचालन शुरू कराने का अनुरोध किया है। संयुक्त भवन शुरू होने के बाद क्षेत्रीय स्तर पर छापेमारी और जांच में तेजी आएगी तथा पुलिस पदाधिकारियों और आम लोगों को बार-बार पटना नहीं जाना पड़ेगा। अब तक इन विभागों से जुड़े मामलों में अधिकारियों और आम नागरिकों को पटना मुख्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी होती थी। सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 से यानी एक अप्रैल से यहां चारों कार्यालयों के संचालन शुरू होने की संभावना है। डीआईजी राकेश कुमार ने बताया कि इस संयुक्त भवन में सीआईडी, एसबी, एसटीएफ और इओयू के क्षेत्रीय कार्यालय संचालित होंगे। इससे जांच और छापेमारी में तेजी आएगी और पटना जाने की जरूरत कम होगी। एक ही परिसर में चार बड़ी जांच एजेंसियों के आने से मुंगेर पुलिस रेंज में कानून-व्यवस्था और अपराध जांच व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

डॉ. प्रेम कुमार ने सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सदस्यों के लिए वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित आवासीय परिसर के संबंध में सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अब तक 116 सदस्यों ने नवनिर्मित आवासीय परिसर स्थित आवास में प्रभार ग्रहण कर लिया है। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवासीय परिसर में हरियाली बढ़ाने, सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कराने, वर्षा जल संचयन के लिए उत्तम प्रबंध सुनिश्चित कराने, स्पोर्ट्स क्लब की स्थापना कराने एवं मूलभूत चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने सहित सभी बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त कराने का निदेश दिया।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 72 वर्ष 2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Development of Back Side Area For Waju at Gulam Sarwar Memorial Bhawan Haz Bhawan, Patna for the year 2025-26	13.46	26,900=00	2,500=00	15 दिन
2.	Wall Tiles Work in Corridor and Stair Room at Examination Building of BPSC Office, Patna for the year 2025-26	1.60	3,200=00	500=00	15 दिन

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना

PR. No. 024506 (BCD) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल,
टेलीफोन भवन के सामने, आर० ब्लॉक,पटना–800001
E-mail:- rcdpatwest@yahoo.in, ee-rd-patnawest-bih@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:–RCD/Patna West/MR-04/2025-26

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का अंतिम तिथि और समय : 27.02.2026 को अपराहण् 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि और समय : 28.02.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खुलने की तिथि और समय : 28.02.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान एवं कार्यालय (क) अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय अंचल, पथ निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय। (ख) कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल पथ निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय। (ग) पथ अवर प्रमंडल, दानापुर/पालीगंज
6. निविदा खोलने का स्थान/कार्यालय : क्रमांक 5 के (ख) अनुसार
7. कार्यों का विवरण –

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	अग्रधन की राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
01.	O/R WORK OF BANKIPUR -DANAPUR TO HANDI SHAIB GURUDWARA ROAD UNDER PATNA WEST ROAD DIVISION, RCD, PATNA FOR THE YEAR 2025-26	10,15,000	20,300	2,500/-	10 Days
02.	ROAD MARKING & MINOR REPAIR WORK OF SIKARIYA IMAMGANJ ROAD UNDER PATNA WEST ROAD DIVISION, PATNA FOR THE YEAR 2025-26	10,90,000	21,800	2,500	20 Days

विस्तृत जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य–दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पटना पश्चिम पथ प्रमंडल,
पथ निर्माण विभाग, पटना

PR. No. 024509 (RCD) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Govt. of Bihar
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 135 YEAR 2025-26
(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **27.02.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

Details of Works :-

Sl No.	Name of Work/ Specifiation	Qnt.	Unit	Quoted Rate (in Number and Word)
01.	SITC of Extra Copper Pipe, Drain Pipe with Fabrication and Erection of ODU Stand Made with MS Angle for Air-Condition System in Minorities Welfare and Development Deptt. (Hall No.- 01 and 02) at Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
02.	Supply and Installation of Intercom System in Minorities Welfare and Development Deptt. (Hall No. - 01) at Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
03.	Supply and Installation of Intercom System in Minorities Welfare and Development Deptt. (Hall No. - 02) at Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
04.	Renovation of Wall Paper, Wood Work and Other Work in Minorities Welfare and Development Deptt. (Hall No. - 02) at Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
05.	Renovation of Namaz Room, Partition Work in Corridor, UPVC Window and 1 Unit Bathroom in Minorities Welfare and Development Deptt. int Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
06.	Renovation of Section Officer Chamber, Awar Sachiv and Antrik Vitiya Salahkar of Minorities Welfare and Development Deptt. int Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2025-26.			
07.	Supply and Installation of Curtain Cloth and Curtain Track in Gulam Sarwar Memorial Bhawan at Haz Bhawan, Patna for the year 2025-26.			
08.	Supply and Installation of RO Water Purifier, Water Cooler and Washing Machine in Gulam Sarwar Memorial Bhawan at Haz Bhawan, Patna for the year 2025-26.			

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

Executive Engineer,
Central Building Division No.- 01, Patna

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.024501 (BCD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पंद्रहवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

शहर के विभिन्न अंचलों में प्रशासन द्वारा हजारों रूपय जुर्माना भी वसूला गया, समान भी जब्त किए गए

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निदेश पर पटना शहर में फरवरी माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज पंद्रहहवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के बाँकीपुर अंचल में 09:00 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ कदमकुआँ एवं बारी पथ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान ठेला, स्टॉल, बाँस, बल्ला हटाया गया तथा 1 ठेला, बाँस, बल्ला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 26,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

अजीमाबाद अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ गायघाट डंका इमली से बैरियर होते हुए बिस्कोमान गोलम्बर से महात्मा गाँधी

सेतु तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान गाँधी सेतु पुल पर अवैध 15-18 झोपड़ीनुमा दुकान तोड़ा गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 3,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।

पटना सिटी अंचल में 10:40 बजे पूर्वाह्न से 03:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ गुरू गोविंद सिंह लिंक पथ से बाईपास सर्विस रोड होते हुए करमली चौक से जल्ला हनुमान मंदिर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान ठेला का काउन्टर, अवैध दुकान हटाया गया तथा 1 लोहा का मुर्गा जाली जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 5,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।

नगर परिषद दानापुर निजामत में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ सगुना मोड़ से हाथी खाना मोड़ तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 ठेला, 2 चाली, 5 बाँस जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 7,900/- जुमार्ना वसूल किया गया।

नूतन राजधानी अंचल में 12:00 बजे अपराह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ से चिरैयाटाड़ पुल के दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 20 बैनर, 10 पोस्टर हटाया गया तथा 3 ठेला, 2 बड़ा सिलेंडर, 1 छोटा सिलेंडर, 1 कुर्सी, 3 छाता, 1 बेंच, 10 बाँस-बल्ला, 1 टेबल जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 10,200/- जुमार्ना वसूल किया गया। पाटलिपुत्र अंचल में 10:30 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ दीघा गोलम्बर से जेपी सेतु पुल के नीचे तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान चाय दुकान, गोलगप्पा दुकान एवं इत्यादि हटाया गया तथा 12 पीस लोहा गुमटी एवं ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 18,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

कंकड़बाग अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ कॉलोनी मोड़ से होते हुए राजेन्द्र नगर धनुकी मोड़ तक रोड के दोनों साईड से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 500/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद, फुलवारीशरीफ में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ इसोपुर से नया टोला तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 5 अवैध पोस्टर/बैनर हटाया गया।

नगर परिषद, खगौल में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ दल्लुचक शिव मंदिर से मुस्तफापुर कैन्ट रोड, खगौल से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 3 पोस्टर जब्त गया।

अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 71,600/- जुमार्ना वसूला गया।

यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है। आदतन अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध विधि-सम्मत दंडात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

हम पार्टी सदस्यता अभियान में बैठक

गया जी। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जिला संगठन प्रभारी, गया जीवीरेंद्र सिंह ने जिला कार्यालय, गया में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को संबोधित किया है।इस बैठक के दौरान उन्होंने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देने एवं अधिक प्रभावी एवं धारदार बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव एवं विशेष राजनीतिक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की वास्तविक ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों से जोड़ना चाहिए।

इस बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष एवं सभी समर्पित कार्यकताओं ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया हु। हम गया जिलाअध्यक्षः बैठक पार्टी के गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ है। चंदन गौरव राजीव शर्मा विजय कुमार रूबी देवी राजेश मांझी दिवाकर सिंह अरविंद कुमार संतोष यादव जोगिंदर मांझी मिथिलेश यादव विकास कुमार रेणु देवी आरसी परवीन अरुण कुमार देव कुमार श्रीकांत कुमार सुनील कुमार माझे गुड्डू कुमार रीना देवी सावित्री देवी ललिता देवी अभिषेक सिंह संतोष सागर रामसनेही माझी आदि थे।

होली के लिए रेलवे चला रहा है 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें, मुंबई से पूर्वांचल और बिहार के लिए बढ़ाई गई सेवाएं

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। होली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। इनमें से 8 ट्रेनें लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर और वाराणसी के बीच चलाई जा रही हैं, जबकि 22 ट्रेनें रक्सौल, सहरसा और धनबाद के लिए पहले से चल रही सेवाओं का विस्तार हैं। यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ कम करने के लिए की गई है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर के बीच चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेन नंबर 04211 होली स्पेशल 27.02.2026 और 03.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 23:00 बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04212 26.02.2026 और 02.03.2026 को सुल्तानपुर से सुबह 04:00 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। इसी तरह वाराणसी के लिए चार स्पेशल ट्रेनें हैं। ट्रेन नंबर 04225 26.02.2026 और 02.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 02:05 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04226 25.02.2026 और 01.03.2026 को वाराणसी से सुबह 01:35 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। इन ट्रेनों में ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, चालीसगांव, पचोरा, भुसावल, खंडवा, इटारसी जंक्शन, रानी कंपलपति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओराई, कानपुर सेंट्रल और लखनऊ जैसे प्रमुख स्टेशन पड़ाव हैं। वाराणसी वाली ट्रेनों में सुल्तानपुर और जौनपुर सिटी भी शामिल हैं। प्रत्येक ट्रेन में 16 एसी थ्री-टियर इकोनॉमी कोच और 2 जनरेटर वैन हैं। इसके अलावा रक्सौल, सहरसा और धनबाद के लिए पहले से चल रही ट्रेनों को होली स्पेशल के रूप में बढ़ाया गया है। मुंबई से रक्सौल के बीच ट्रेन नंबर 05558 पहले हर गुरुवार को चलती थी।

डीजे संचालक की लाठी-डंडे से पिटाई के बाद मौत

मायागंज अस्पताल में तोड़ा दम; परिजनों ने किया सड़क जाम

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर/ असरगंज ।थाना क्षेत्र के अमैया गांव निवासी परीक्षण सिंह के 30 वर्षीय पुत्र चंदन सिंह की बुधवार रात लाठी-डंडे से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक की पत्नी सोनम कुमारी ने बताया कि चंदन सिंह डेकोरेशन और डीजे का काम करते थे। लखनपुर गांव निवासी चितरंजन कुमार के पास कुर्सी किराया के रूप में 1500 रुपये बकाया थे। करीब छह महीने बाद जब चंदन पैसे मांगने पहुंचे तो आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद परिजन घायल चंदन को इलाज के लिए असरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉ. कामिनी कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि मृतक हाल ही में बाथ थाना क्षेत्र के झोझी मुसहरी में घर बनाकर रह रहे थे। मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने झोझी मुसहरी के समीप शव रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजन आरोपी की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहा। सूचना मिलते ही भागलपुर जिले के लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी नवनीत कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अर्जुन प्रसाद बाथ थाना अध्यक्ष मंटू कुमार, सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, शाकुण्ड थानाध्यक्ष अनिल कुमार साह तथा सुल्तानगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार एसआई मिथिलेश कुमार सुमन कुमार ठाकुरमौके पर सदलबल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया, जिसके बाद जाम हटाया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि तत्काल सहायता के रूप में परिजनों को 20 हजार रुपये का चेक दिया गया है। सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि बरारीपुलिसके समक्ष मृतक एवं परिजन के बयान के आधार परबाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मृतक अपने पीछे पत्नी सोनम कुमारी और छह वर्षीय पुत्री देवासी को छोड़ गए हैं।

किशन राव चौहान रालोजपा महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस तथा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान पार्टी को मजबूती एवं धारदार बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बंगाल के मेदिनीपुर निवासी सोमनाथ पाण्डेय को बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र के अभिनन्दन सोसायटी, मोहन नगर के रहने वाले राज कुमार किशन राव चौहान को महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव के बाद पार्टी नेतृत्व ने पार्टी में फेर बदल की। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज पासवान ने लखीसराय के ग्राम खैरा, कजरा निवासी जितेन्द्र कुमार पासवान को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष, प्रिंस राज पासवान ने शिवहर जिला निवासी रामपुर खास, हिरम्मा के शमीम आलम को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इन लोगों के मनोयन पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विरेश्वर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष महताब आलम, अम्बिका प्रसाद बीनू, उपेन्द्र यादव, घनश्याम कुमार दाहा, रंजीत पासवान युवा नेता यशराज पासवान, राधाकान्त पासवान, सूरज पासवान, अंकित दूबे आदि ने बधाई दी और सभी ने कहा कि इन लोगों के मनोयन से पार्टी संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाएगी।

राजगीर भ्रमण पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू , पर्यटन विकास का किया अवलोकन

पटना। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को बिहार में राजगीर स्थित ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी तथा जू सफारी परिसर का भ्रमण किया। उनके आगमन से राजगीर की सुरम्य वादियों और हरित प्राकृतिक वातावरण में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने यहां की मनोहारी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजगीर ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह स्थान देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सफारी प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को विकसित करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, जिसे यहां प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। यह पहल स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी पैदा कर रही है। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको-टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों और आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने उन्हें परिसर की संचालन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा संरक्षण रणनीतियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजगीर का यह मॉडल देश के अन्य पर्यटन स्थलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

भटौरा में धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

तरैया(सारण)। प्रखंड के डेवढ़ी पंचायत के भटौरा गांव स्थित देवी स्थान परिसर में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की धूमधाम से जयंती मनाई गई। इस दौरान अतिथियों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उन्होंने ऐसे समय में स्वराज का सपना देखा, जब देश का अधिकांश हिस्सा विदेशी शासन के अधीन था। आगें उन्होंने ने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने दृढ़ संकल्प, उत्कृष्ट रणनीति और जनसमर्थन के दम पर असंभव को भी संभव कर दिखाया। उन्होंने राष्ट्र को स्वाभिमान और साहस का संदेश दिया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने युवाओं से शिवाजी महाराज के जीवन से सीख लेने का आह्वान किया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद, यशवंत कुमार सिंह, शेखर पटेल, रणधीर पटेल, अजय पटेल, राजकिशोर पटेल, अमित साह, विकास पटेल, नन्हे राम, मुकेश राम, आदित्य शर्मा समेत कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का हुआ आयोजन

पटना। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जल्ला, पटना सिटी के विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। पठन-पाठन में सुविधा एवं आवश्यकता के दृष्टिकोण से अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण, विद्यालय भवनों की वृहद मरम्मति एवं अनुरक्षण, पुस्तकालय हेतु आवश्यकतानुसार पाठ्य-पुस्तकों का क्रय, कळळ लैब की स्थापना, की स्थापना, जरूरत के अनुरूप कम्प्यूटर सेट के क्रय सहित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया।

स्वच्छता कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए डेढ़ माह से संचालित स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला का समापन

- 27 जनवरी से लगातार हर अंचल के हर वार्ड में आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम द्वारा अपने सफाई कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए गत 20 दिनों से व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा गया । स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत निगम क्षेत्र के प्रत्येक अंचल एवं प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, ताकि अधिक से अधिक स्वच्छता कर्मी एवं उनके परिजन इसका लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन स्वच्छता कर्मियों के कार्यस्थलों, संबंधित वार्डों तथा निगम मुख्यालय में किया गया। आज मौर्य मंडपम मैं। आयोजित स्वास्थ्य शिविर इस श्रृंखला का अंतिम दिन है इस अवसर पर निगम मुख्यालय के कर्मियों, स्वच्छता कर्मचारियों एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच कराई तथा निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। गौरतलब है कि आयोजित सभी स्वास्थ्य शिविरों में रक्तचाप, रैंडम ब्लड शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आँखों की भी जाँच की गई। आवश्यकता अनुसार चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा जरूरतमंदों को मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। इस अभियान के दौरान हजारों स्वच्छता कर्मियों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रारंभिक स्तर पर संभावित बीमारियों की पहचान सुनिश्चित की गई।

एआइसीसी प्रभारी ने गया जिले के कई प्रखंड का किया दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।ए आई सी सी के निदेर्शानुसार और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कमेटी के तहत संगठन सृजन का कार्यक्रम गया जिला में आज दूसरा दिन है। इसी क्रम में गया जिला के टेनकुप्पा, फतेहपुर, वजीरगंज और मानपुर प्रखंड में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में और ए आइ सी सी प्रभारी योगेश दीक्षित की गरीमामयी उपस्थिति में दौरा किया गया है। इसके साथ में कार्यकारी अध्यक्ष शहाबुद्दीन रहमानी, औरंगाबाद प्रभारी सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रदेश सोशल मीडिया उपाध्यक्ष डॉ खालिद अमीन, अतरी प्रभारी रामाश्रय सिंह, डोभी प्रभारी अनिल पासवान, वजीरगंज प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, फतेहपुर प्रभारी शंभू शरण सिंह, टेनकुप्पा प्रभारी

अजय विद्यार्थी, चंदन कुशवाहा और मनोज दांगी उपस्थित रहे हैं।

प्रखंड अध्यक्षो ने बड़े ही उत्साह पूर्वक से जिला पदाधिकारी का स्वागत किया है। सभा में भारी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित हुए और अपनी प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया है।ए आइ सी सी प्रभारी ने जमीनी स्तर से जुड़े सभी कांग्रेस नेताओं की समस्या को बड़े ही ध्यान से सुना और निवारण का आश्वासन दिया और जिला कार्यालय में विशेष रूप से मिलने के लिए सुबह 9:00 से 10:00 का समय आवंटित किया। वहीं जिला अध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्षो को नए सदस्यों को पार्टी से जुड़ने के लिए संकल्पित कराया है।

धर्मशाला भवन निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार का गया जिला, जिसे लोग आदरपूर्वक ह्लगयाजीह्व के नाम से पुकारते हैं, देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थापित प्राचीन मंदिरों और मूर्तियों का ऐतिहासिक महत्व विश्वविख्यात है। प्रत्येक वर्ष विशेषकर पितृपक्ष मेला के दौरान लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की मोक्ष कामना हेतु पिंडदान करने गयाजी पहुंचते हैं, जिससे ठहरने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है।

डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा गया में सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त ह्लगयाजी धर्मशाला भवनह्व के निर्माण का निर्णय लिया गया

है। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि 12015.85 लाख निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य की शुरूआत 07-05-2025 से की गई है तथा इसे 06-05-2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। धार्मिक संवेदनशीलता एवं आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोदावरी पथ स्थित संक्रामक रोग अस्पताल परिसर में इस भव्य धर्मशाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। 4.38 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रहे इस परिसर में लगभग 1080 श्रद्धालुओं के ठहरने की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

निमार्णाधीन (ऋ+5) भवन में ग्राउंड फ्लोर पर कार, मोटरसाइकिल एवं बस पार्किंग की व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर 5 बेड के 25 डॉरमेट्री तथा 3 बेड का 1 डॉरमेट्री बनाया जा रहा है। द्वितीय से पंचम तल तक प्रत्येक तल पर 12 दो-बेड गेस्ट रूम, 38 पांच-बेड डॉरमेट्री एवं 8 तीन-बेड डॉरमेट्री का निर्माण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त कर्मचारियों एवं चालकों के ठहरने हेतु अलग से ड्राइवर शेड की व्यवस्था भी की गई है। धर्मशाला परिसर में भोजन कक्ष, स्वच्छ शौचालय, समुचित रख-रखाव व्यवस्था, लिफ्ट, ळश्अउ, रळढ तथा सोलर सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 17 दिनों तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में गयाजी धर्मशाला भवन उनके लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा और श्रद्धालु सुविधाओं के विस्तार में यह मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से गयाजी की धार्मिक एवं पर्यटन महत्व को नई ऊंचाई मिलेगी।

इस मौके पर कार्यपालक अभियंता,कनीय अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

पटना विश्वविद्यालय छात्रावास में पुलिस ने की छापेमारी, नशे में आठ छात्र गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना विश्वविद्यालय के एक छात्रावास में पुलिस ने छापेमारी कर आठ छात्रों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरफ्तार सभी छात्र शराब के नशे में थे। दरअसल, विश्वविद्यालय में छात्रसंघ का चुनाव होना है, जिसे लेकर तैयारी की जा रही है। इस बीच, बुधवार की देर रात पीरबहोर थाना के पटना विश्वविद्यालय के अलग-अलग छात्रावासों में प्राप्त शिकायतों और छात्रसंघ चुनाव को देखते हुए पटना पुलिस अधीक्षक (मध्य), भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के क्रम में मिंटो छात्रावास से कुल आठ छात्रों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए युवकों का संबंध पीरबहोर थाना में दर्ज बम कांड से भी जुड़ा हुआ है, जिसमें विस्फोटक अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस छापेमारी में अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी बुलाया गया था। काफी लंबे समय से छात्रावास को लेकर शिकायतें आ रही थीं। गिरफ्तार छात्रों में से एक आरोपी का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार सभी छात्र नशे की हालत में थे और सभी ने शराब पी रखी थी। उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। छात्रसंघ चुनाव को देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जितने भी छात्रावास हैं, सभी में छापेमारी की जा रही है। आगे भी छापेमारी चलती रहेगी। इससे पहले, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर तीन दिनों से चल रही नामांकन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हुई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496